फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 24 प्रभात जयपुर, सोमवार 25 अगस्त, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

राष्ट्रदूत
Rashtradoot
Metro

ARBIT



Jewish Food Is Making a Comeback in Poland

Bagels, knishes, bialys and more are popping up in bakeries as the country reckons with historical trauma

Squares and Sutras

Silent Green Roads

India's Roads go Green with Crumb Rubber Modified Bitumen (CRMB)

# 'देश के किसानों व छोटे-छोटे उत्पादकों के हित के साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे'

## भारत सरकार ने अमेरिका के साथ टैरिफ वार्ता में अपना रूख थोड़ा और कड़ा किया

- डॉ सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 24 अगस्त। अमेरिका के प्रति अब तक नरम और झुकने की भारत की विदेश नीति के रुख में सख्ती के संकेत देते हुए, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आज अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए ''अनुचित और अन्यायपूर्ण'' टैरिफ की तीखी आलोचना की। यह बयान उस समय आया है जब ट्रंप प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर दंडस्वरूप शुल्क 50 प्रतिशत से अधिक कर दिया है।

अमेरिकी प्रशासन के साथ अब तक समझौतावादी रुख अपनाने के बजाय, जयशंकर ने कहा कि वॉशिंगटन के साथ व्यापार वार्ता जारी है, लेकिन कुछ सीमाएं हैं जिन्हें नई दिल्ली को बनाए रखना और बचाना होगा। यह बयान तब आया है जब अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी अतिरिक्त शुल्क कुछ ही दिनों में लागू होने वाले हैं।

भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ अब 50 तक पहुंच चुके हैं - जो कि वॉशिंगटन द्वारा लगाए गए सबसे ऊंचे शुल्कों में से एक है, 25 प्रतिशत शुल्क पहले ही लागू हो चुका है, और शेष 25 प्रतिशत 27 अगस्त से लागू होने वाला है।

- पर फिर भी इस संदर्भ में वार्ता जारी रखने का संकेत भी दिया, क्योंकि विदेश मंत्री एस.जयशंकर के अनुसार, हम दो बड़े देश हैं अतः वार्तालाप जारी रखना जरूरी है, और वार्ता की लाइन नहीं काटनी चाहिए।
- हालांकि, दूसरी ओर अमेरिका से अगस्त के तीसरे सप्ताह में भारत आने वाली अमेरिकी टीम की यात्रा अमेरिका ने स्थगित कर दी है, तथा भारत पर लगाई गई भारी टैरिफ बातचीत से कम होने की सम्भावना खत्म हो गई है, क्योंकि नई टैरिफ 27 अगस्त से लागू होने की घोषणा पहले ही हो चुकी है।
- भारी टैरिफ के कारण भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ 0.8 प्रतिशत तो घटेगी ही, साथ में भारत के, विश्व में ''मैन्युफैक्चरिंग हब'' ( औद्योगिक उत्पादन का केन्द्र) बनने के सपने की हवा निकल सकती है।

25 से 29 अगस्त तक प्रस्तावित, अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधियों की भारत यात्रा को रद्द कर दिया गया है, जिससे यह उम्मीद टूट गई है कि शुल्कों को कम या स्थगित किया जा सकता है।

जयशंकर ने नई दिल्ली में आयोजित 'इकोनॉमिक टाइम्स फोरम' में कहा, हमारी कुछ सीमाएं हैं जिन्हें बनाए रखना और बचाना जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों का उल्लेख किया।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता इस साल की शुरुआत में टूट गई थी, क्योंकि भारत ने अपने विशाल कृषि और डेयरी क्षेत्रों को खोलने से इनकार कर दिया था। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 190 बिलियन से अधिक का है।

जयशंकर ने कहा, अपने राष्ट्रीय हित में निर्णय लेना हमारा अधिकार है।

कैपिटल इकोनॉमिक्स के विश्लेषकों ने शुक्रवार को कहा कि यदि अमेरिका के सभी शुल्क लागू होते हैं और बने रहते हैं, तो इससे भारत की आर्थिक वृद्धि दर में इस वर्ष और अगले वर्ष दोनों में 0.8 प्रतिशत अंक की गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा, दीर्घकाल में यह नुकसान और भी बड़ा हो सकता है, क्योंकि उच्च शुल्क के कारण, ग्लोबल मैनुफैक्चरिंग हब होने का भारत का आकर्षण खत्म हो सकता है। जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप की नीतियों को ''असामान्य'' बताया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ड्रग का इंजेक्शन देकर युवक की हत्या

जयपुर, 24 अगस्त। सांगानेर सदर थाना इलाके में ड्रग का इंजेक्शन देकर एक युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। शातिर बदमाश ने मृतक के मोबाइल पर कॉल कर पुरानी रंजिश खत्म करने का झांसा देकर बुलाया और उसे मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत व कोर्ट के आदेश पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

- पुरानी रंजिश खत्म करने के लिए मृतक को मोबाइल पर कॉल करके बुलाया था।

पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर द्वारकापुरी निवासी ज्योति सिंह (25) का आरोप है कि उसका पति हिम्मत सिंह (27) मजदूरी करता था, बलवीर मीणा और रविंद्र से उसके पति हिम्मत का काफी समय से झगडा चल रहा था। 26 जून को सुबह आठ बजे आरोपी रविंद्र ने हिम्मत सिंह को कॉल कर पुरानी रंजिश खत्म करने का झांसा देकर बुलाया। काफी देर तक जब हिम्मत घर नहीं लौटा तो उसके मोबाइल पर कॉल किया। लेकिन हिम्मत सिंह ने फोन नहीं उठाया। 27 जून को सुबह बलवीर के भाई ने कॉल कर हिम्मत के चोट लगने की बात कही और खुद को सांगानेर सदर थाने में बताया। पीड़िता थाने में पहुंची तो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'बिहार में हटाये गये 65 लाख नामों में एक भी भाजपा नहीं'

## राहुल गांधी ने अररिया में चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत का आरोप लगाया

अररिया, 24 अगस्त । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद हटा दिए गए 65 लाख मतदाताओं में एक भी नाम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोगों का नहीं है, जो चुनाव आयोग और उनकी मिलीभगत को बताता है।

गांधी ने रविवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों के नाम कटे हैं, उसकी वजह से ज्यादातर राजनीतिक पार्टियां चुनाव आयोग से सवाल पूछ रही हैं। उन्होंने कहा कि बस भाजपा एक अकेली पार्टी है जिसका कोई भी मतदाता सूची से बाहर नहीं हुआ और उन्होंने चुनाव आयोग के पास कोई शिकायत दर्ज नहीं की। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इसे मिलीभगत नही कहेंगे तो क्या कहेंगे?

राहुल गांधी ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा की अपार सफलता बता रही है कि लोगों में चुनाव आयोग के कार्यकलापों को लेकर रोष है। उन्होंने कहा कि बिहार के कोने कोने में उमड़ रही भीड़ स्वत: स्फूर्त है और प्रायोजित नहीं है। लोग खुद चल कर आ रहे हैं और लोकतंत्र बचाओ अभियान में हिस्सा ले रहे हैं।

- लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा की अपार सफलता बताती है कि लोगों के बीच चुनाव आयोग के कार्यकलापों को लेकर रोष है।

गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में वोट चोरी से सम्बंधित सवालों का जवाब चुनाव आयोग ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से सवाल पूछना भी गुनाह है और उसी सवाल पर पक्ष और विपक्ष के लिए आयोग का रवैया अलग अलग है। उन्होंने कहा कि जब मैंने वोट चोरी की बात की तब चुनाव आयोग ने एफिडेविट मांगा लेकिन वहीं सवाल भाजपा के नेता अनुराग ठाकुर ने पूछा तो उनसे कुछ भी नही मांगा गया।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चुनाव आयोग के पास हमारे सवालों का कोई जवाब नहीं है और उलटे हमारे उपर भ्रम फैलाने का आरोप लगा दिया जाता हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा में आयी भीड़ बता रही है की हमारे सवाल जनता के सवाल हैं।

गांधी ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा के दौरान उनकी मुलाकात गरीब किसानों से हुई है। ज्यादातर किसान सरकार की अनदेखी से परेशान हैं और भविष्य में अगर उनके गठबंधन की सरकार आई तो किसानों की सुरक्षा के लिए विशेष प्लान बनाया जाएगा और उन्हें कर्ज से मुक्ति दिलाने का प्रयास किया जाएगा। साथ में उनकी फसलों के भंडारण और उचित कीमत पर बिक्री की भी व्यवस्था की जाएगी।

गांधी उस सवाल को टाल गये जिसमें पूछा गया कि तेजस्वी यादव ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पत्नी को जिंदा जलाने वाला पुलिस की गोली से घायल हुआ

## कस्टडी से भागने का प्रयास कर रहे विपिन भाटी के पैर में गोली लगी, जिम्स अस्पताल में भर्ती

ग्रेटर नोएडा, 24 अगस्त। कासना कोतवाली क्षेत्र के सिरसा गांव में पत्नी की पेट्रोल डालकर हत्या करने वाले हत्या के आरोपी पति विपिन भाटी ने पुलिस कस्टडी से भागने का प्रयास किया। पुलिस आरोपी को ज्वलनशील पदार्थ की बरामदगी के लिए ले जा रही थी। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने उप निरीक्षक की पिस्तौल निकाल कर भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। मजबूरन पुलिस को गोली चलानी पड़ी। पैर में पुलिस की गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया है। ज्ञात हो कि बृहस्पतिवार को सिरसा गांव में हत्या के आरोपी पति विपिन ने दहेज में 35 लख रुपए की मांग पूरी न होने पर पेट्रोल डालकर अपनी पत्नी निक्की को जिंदा जला दिया था।

सिरसा गांव में महिला निक्की की जलकर हुई दर्दनाक मौत के मामले में निक्की के पांच वर्षीय बेटे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में बच्चा मां के साथ पिता द्वारा की गई मारपीट व बर्बरता की कहानी बयां करता नजर आ रहा है। बच्चा बताता है कि मां के साथ पहले उसके पिता ने मारपीट की। फिर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। बेटी के साथ हुई बर्बारता व दर्दनाक घटना के बाद रूपबास गांव में मातम पसरा है। पीड़िता के स्वजनों का आरोप है कि विपिन शराब का आदि था। जिसके बाद से ही घर में झगड़े बढ़ गए थे। वह कुछ करता भी नहीं था।

- सिरसा गांव में आरोपी विपिन ने, दहेज में 35 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर पैट्रोल डाल कर अपनी पत्नी को जिंदा जला दिया था।

पीड़िता के पिता ने कहा, ''मेरी बड़ी बेटी ने मुझे कॉल कर मामले की जानकारी दी। हम लोग आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे। ये लोग उसे आग के हवाले कर भाग गए थे। पड़ोसी उसे फोर्टिस अस्पताल ले गए। जब हम पहुंचे, तो वह 70 प्रतिशत जल चुकी थी। डॉक्टरों ने बेटी को सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। हम एंबुलेंस बुक करके उसे सफदरजंग अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।''

पिता ने आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग करते हुए कहा कि उसकी (बेटी) सास ने उस पर मिट्टी का तेल डाला और उसके पति ने उसे आग लगा दी। अब जब मेरी बेटी मर चुकी है, तो उनकी दहेज की मांगें पूरी हो गई हैं। उन्होंने गाड़ी की डिमांड कर मेरी बेटी को प्रताड़ित किया।मेरी दोनों बेटियों की शादी एक ही परिवार में हुई थी। मेरे पोते ने भी सबको बताया है कि कैसे और क्या हुआ?''

## नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में पड़ोसी युवक गिरफ्तार

जयपुर, 24 अगस्त। बिंदायका थाना इलाके में एक शातिर बदमाश ने 12 वर्षीय नाबालिग को काम के बहाने घर पर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। तबियत खराब होने पर बच्ची ने मामले की जानकारी अपनी माँ को दी। जिसके बाद बच्ची को हॉस्पिटल में भर्ती कराया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने पर्चा बयानों के आधार पर पड़ोसी युवक के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया।

- माता-पिता के जाने के बाद 12 वर्षीय बालिका को पड़ोसी युवक ने काम के बहाने घर बुला कर दुष्कर्म किया।

एडिशनल डीसीपी सुलेश चौधरी ने बताया कि 12 वर्षीय नाबालिग छठी क्लास की छात्रा है । 20 अगस्त को माता -पिता के घर से जाने के बाद आरोपी ने उसे अकेलापाकर काम के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चन्द्रबाबू नायडू पर ओबेरॉय होटल को 1500 करोड़ की तिरूपति की भूमि देने का आरोप

## तिरूपति मंदिर के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि शहरी क्षेत्र की बेशकीमती भूमि को ग्रामीण इलाके की भूमि से बदला जा रहा है

तिरुपति, 24 अगस्त। वाय.एस. आर. सी.पी. के वरिष्ठ नेता और तिरूमला तिरूपति देवस्थानम (टी.टी.डी.) के पूर्व अध्यक्ष भुमना करुणाकर रेड्डी ने रविवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने ज़मीन की अदला-बदली की आड़ में तिरूपति मंदिर (टीटीडी) की बेहद कीमती संपत्ति ओबेरॉय होटल्स को सौंपने की ''साजिश'' रची है।

तिरुपति स्थित अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए रेड्डी ने खुलासा किया कि तिरुपति शहरी क्षेत्र में लगभग 1,500 करोड़ रुपये मूल्य की टीटीडी की 20 एकड़ बेशकीमती ज़मीन को ग्रामीण इलाकों में स्थित पर्यटन विभाग की कम कीमत वाली ज़मीन से बदला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इससे टीटीडी को 1,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा का नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि 7 मई को टीटीडी की एक विशेष बैठक भूमि विनिमय के एकमात्र एजेंडे के साथ बुलाई गई थी और एक महीने के भीतर, 7 अगस्त को सरकार ने सौदे को मंजूरी देते हुए एक सरकारी आदेश जारी कर दिया।

- आरोप लगाया गया है कि इससे तिरूपति मंदिर को 1000 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

उन्होंने कड़ी आलोचना करते हुए कहा ''एजेंडा पत्रों में जानबूझकर भूमि मूल्यांकन का उल्लेख नहीं किया गया और यहां तक कि टीटीडी संपत्ति को भक्तों द्वारा मंदिर को दान की गई इनाम भूमि के रूप में संदर्भित किया गया जिससे यह साजिश और भी संदिग्ध हो गई।

उन्होंने कहा, ''सरकार का असली इरादा यह जगह ओबेरॉय होटल्स को सौंपना है, जिससे वे पवित्र तिरुमाला पहाड़ियों के और भी करीब एक आलीशान होटल बना सकें, जो पहले प्रस्तावित जगह से भी ज़्यादा नज़दीक है, जिसका चंद्रबाबू नायडू ने खुद कभी विरोध किया था। वही चंद्रबाबू नायडू, जिन्होंने कभी ओबेरॉय को अस्वीकार कर दिया था, अब उन्हें भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के द्वार पर एक प्रमुख स्थान दे रहे हैं। यह विकास नहीं, दिनदहाड़े लूट है।''

टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष ने आगे पूछा कि जब सरकार के पास रेनीगुंटा, हवाई अड्डे के पास और ग्रामीण तिरुपति में सार्वजनिक भूमि के विशाल क्षेत्र उपलब्ध हैं, तो उसने मंदिरों की भूमि का विनिमय क्यों किया? उन्होंने कहा, ''केवल भगवान की अमूल्य भूमि को ही क्यों निशाना बनाया जाए? इससे साबित होता है कि यह लूट का एक पूर्व-नियोजित कृत्य है।''

चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री के. पवन कल्याण और टीटीडी के अध्यक्ष बी.आर. नायडू को सीधे तौर पर ज़िम्मेदार ठहराते हुए रेड्डी ने सरकारी आदेश को तुरंत वापस लेने की मांग की और दुनिया भर के भक्तों से इस विश्वासघात का विरोध करने का आग्रह किया।

रेड्डी ने कहा '' यह सिर्फ भूमि के बारे में नहीं है, बल्कि यह दुनिया भर में वेंकटेश्वर स्वामी के भक्तों की आस्था, विश्वास और गरिमा का सवाल है।''

## बिहार में 98.2 प्रतिशत मतदाताओं के दस्तावेज प्राप्त हुए

नयी दिल्ली, 24 अगस्त। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत नयी मतदाता सूची के मसौदे को लेकर इस समय चल रहे दावे और आपत्तियों के दौर में कुल 98.2 प्रतिशत मतदाताओं के दस्तावेज प्राप्त हो चुके है। यह जानकारी चुनाव आयोग की रविवार को जारी एक विज्ञिप्त में दी गयी है।

दावे और आपत्तियां दाखिल कराने के लिए अभी आठ दिन बाकी हैं।

- चुनाव आयोग ने रविवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। अभी दावे, आपत्तियां दाखिल करने के लिए आठ दिन बाकी हैं।

आयोग ने कहा है, ' बिहार का एसआईआर कार्यक्रम निर्धारित समय के अनुसार चल रहा है। प्राप्त सभी दस्तावेजों और आपत्तियों पर निर्णय और पात्रता दस्तावेजों का सत्यापन 25 सितंबर, 2025 तक पूरा किया जाना है और अंतिम जांच के बाद, अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी।

दावे और आपत्ति का समय सूची के मसौदे में किसी भी त्रुटि में सुधार कराने का अवसर प्रदान करता है। इस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बंगलादेश पुलिस का पूर्व अधिकारी गिरफ्तार

कोलकाता, 24 अगस्त। पश्चिम बंगाल में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने उत्तर 24 परगना में भारतीय क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में बंगलादेश के एक पूर्व पुलिस अधिकारी को गिरफ्तार किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ ने शनिवार शाम बंगलादेश के मेमन सिंह जिले के मुक्तागाछा में सशस्त्र बलों की दूसरी बटालियन के पूर्व एएसपी अफरुज्जमां को उत्तर 24 परगना के स्वरूपनगर में हकीमपुर सीमा पार करते समय हिरासत में लिया।

- सीमा सुरक्षा बल ने भारतीय सीमा में अवैध रूप से प्रवेश करते हुए पकड़ा।

इसके बाद बीएसएफ ने उसे पश्चिम बंगाल पुलिस को सौंप दिया। पुलिस उसे आज बशीरहाट महाकुमा अदालत में पेश करेगी। शेख हसीना के शासनकाल के दौरान अफरुज्जमां बंगलादेश पुलिस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'बहुत जल्दी रिफायनरी के संदर्भ में खुशखबरी मिलेगी'

## पचपदरा में रिफायनरी का निरीक्षण करते समय मुख्यमंत्री भजन लाल ने यह टिप्पणी की

बालोतरा, (निसं), 24 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को बालोतरा जिले के पचपदरा रिफाइनरी क्षेत्र का दौरा किया और कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, पिछली बार मैं जनवरी के महीने में आया था, तब से बहुत काम हुआ है। मैं लगातार केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के संपर्क में हूं। आने वाले समय में बहुत जल्दी आपको खुशखबरी मिलेंगी। रिफाइनरी से पूरे क्षेत्र का विकास होगा। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए यहां पौधारोपण भी किया जाएगा।

भजनलाल शर्मा व केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को पचपदरा स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लि. (एचआरआरएल) परिसर में क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट (सीडीयू) व डिलेयड कोकिंग यूनिट (डीसीयू) का सघन निरीक्षण किया एवं कर्मचारियों से मुलाकात की।

- केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह ने मुख्यमंत्री के साथ आर एम सी आर परिसर में ऑपरेटर प्रशिक्षण सिम्युलेटर का शुभारम्भ किया तथा पौधारोपण किया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री व केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने आरएमसीआर परिसर में ऑपरेटर प्रशिक्षण सिम्युलेटर का शुभारंभ किया। शर्मा ने सीडीयू, वीडीयू एवं डीसीयू यूनिट के कंट्रोल पैनल के माध्यम से पम्पिंग सिस्टम की शुरूआत की तथा इस प्रकिया की जानकारी ली।

केन्द्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने आरएमसीआर में परियोजना समीक्षा बैठक भी ली। बैठक में एचपीसीएल अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से रिफाइनरी की वर्तमान स्थिति, ओवरव्यू, उत्पाद व निकासी योजना एवं सभी महत्वपूर्ण रिफाइनरी इकाइयों की उपयोगिता एवं सम्पूर्ण उत्पादकता से संबंधित जानकारी दी। हरदीप सिंह पुरी ने बैठक में रिफाइनरी अधिकारियों को कौशल विकास पहल की आगामी 15 दिनों में कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रिफाइनरी की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि रिफाइनरी के कार्यो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को बालोतरा जिले के पचपदरा रिफाइनरी क्षेत्र का दौरा किया और कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया।*

## विचार बिन्दु

प्रत्येक कार्य अपने समय से होता है उसमें उतावली ठीक नहीं, जैसे पेड़ में कितना ही पानी डाला जाय पर फल वह अपने समय से ही देता है। –वृंद

# हिंसा तो स्वीकार्य नहीं है!

हाल में दिल्ली की मुख्य मंत्री के साथ हुई एक वारदात ने हमें फिर से सोचने को विवश किया है कि जिनसे हमारी किसी भी तरह की असहमति हो उनके प्रति हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए। राजनीतिज्ञ और राजनेता क्योंकि दूसरों की तुलना में अधिक दृश्यमान होते हैं, उनके व्यवहार और विचार अधिक लोगों को प्रभावित और उद्वेलित करते हैं, और इसी कारण उनके साथ अगर कोई अनुचित घटना होती है तो उसकी चर्चा भी अधिक होती है। राजनेताओं के बाद खिलाड़ी, फ़िल्म अभिनेता आदि भी अन्यों की तुलना में अधिक ध्यान आकर्षित करते हैं। इनकी तुलना में लेखक कलाकार प्राय: अलक्षित रह जाते हैं। कलाकारों में भी फ़िल्म वाले ज़्यादा ध्यान आकर्षित करते हैं जबकि बहुत सारे अन्य विधाओं वाले कलाकार उतना ध्यान नहीं खींचते हैं।

दिल्ली की मुख्य मंत्री जब अपने कैंप कार्यालय में साप्ताहिक जन सुनवाई कर रही थीं तो एक 41 वर्षीय व्यक्ति ने उन्हें कुछ कागज़ सौंपने के बाद अचानक चिल्लाना शुरु किया, उनके साथ धक्का-मुक्की की और कुछ अन्य अनुचित व अप्रिय कृत्य किए। पुलिस सूत्रों के अनुसार ऐसा करने वाला वह व्यक्ति दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को आश्रय में ले जाने वाले एक आदेश से क्षुब्ध था क्योंकि वह स्वयं को एक पशु प्रेमी बताता है। जैसा कि अपेक्षित था, इस व्यक्ति को तुरंत हिरासत में ले लिया गया और उसके खिलाफ़ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 109(1) (हत्या का प्रयास), धारा 132 (सार्वजनिक सेवक पर हमला), और धारा 221 (सार्वजनिक सेवक को कर्तव्य में बाधा) के तहत मामला दर्ज किया गया। उसे पाँच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया, और दिल्ली पुलिस, इंटेलिजेंस ब्यूरो, और स्पेशल सेल संयुक्त रूप से जाँच कर रहे हैं। मुख्य मंत्री जी की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अब उन्हें ज़ेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी। उम्मीद कर सकते हैं कि पुलिस अपना काम करेगी और न्याय होगा।

इसी बीच जो बहुत सारी चर्चाएं हुईं उनमें दिल्ली के संदर्भ में यह भी स्मरण किया गया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (AAP) के नेता अरविंद केजरीवाल पर भी कई बार हमले हुए हैं। उदाहरण के लिए, 2014 में गुजरात में उनकी हिरासत के बाद आम आदमी पार्टी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पें हुईं। इसके अलावा, उनके सार्वजनिक कार्यक्रमों में उन पर स्याही, जूते फेंकने और थप्पड़ मारने जैसे हमले हुए हैं। यहीं यह बात भी कम ग़ौर तलब नहीं है कि अभी दिल्ली की मुख्य मंत्री के साथ जो अप्रिय घटित हुआ उसे तो उनकी पार्टी अर्थात भाजपा ने तुरंत 'लोकतंत्र पर हमला' और संभावित 'राजनीतिक साजिश' बता दिया दिया किंतु जब अरविंद केजरीवाल के साथ ऐसा ही बर्ताव एकाधिक बार हुआ था तो इस दल की प्रतिक्रिया एकदम उलट थी। वैसे ऐसा आम तौर पर होता है कि जो हमें प्रिय होता है उसके बारे में हमारा नज़रिया उस नज़रिये से भिन्न होता है जो हम अपने किसी अप्रिय व्यक्ति के बारे में रखते हैं। प्रिय के साथ ज़रा- सी भी अशिष्टता (हिंसा तो बहुत बड़ी बात है) हमें अखरती है और हम उसकी आलोचना करते हैं जबकि जो हमें प्रिय नहीं होता है या जिससे हमारी असहमति होती है उसके प्रति की गई हिंसा तक हमें उचित लगती है। इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण तो महात्मा गांधी हैं। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने उनके साथ जो किया उसे उनके प्रशंसक उनकी हत्या कहकर निंदा करते हैं जबकि जो महात्मा गांधी के सोच से असहमत थे और हैं वे उसी कृत्य को वध जैसा सम्मान सूचक नाम देकर इस कृत्य को न केवल उचित बल्कि प्रशंसनीय भी घोषित करते हैं।

और ऐसा केवल शारीरिक हिंसा के मामले में ही नहीं होता है। इधर वाणी की हिंसा, अर्थात अपशब्दों और अनुचित अभिव्यक्तियों का प्रयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। इन अभिव्यक्तियों को एक ख़ास संदर्भ में कभी असंसदीय कहा जाता है तो आम भाषा में गाली या अपशब्द कहा जाता है। नेताओं, अभिनेताओं को इनका शिकार होते हम आए दिन देखते हैं। संसद से लेकर सड़क तक ख़राब भाषा का चलन बढ़ता ही जा रहा है। आज़ादी के बाद वाले वर्षों में जहां हमारी विधायिका में अर्थात संसद और विधान सभाओं में तर्क और तथ्य पूर्ण बहसें होती थीं, आज उनकी जगह शोर-शराबे और उनके बीच प्रयुक्त की जाने वाली कर्कश और अशोभनीय अभिव्यक्तियों ने ले ली है। ऐसा लगता है जैसे अब हमारे पास तर्क के साथ किसी का विरोध करने की क्षमता रही ही नहीं है, और इस क्षमता न रहने की क्षति पूर्ति हम गाली देकर करना चाहते हैं।

> **इधर जब से सोशल मीडिया का चलन बढ़ा है भाषिक हिंसा करने वालों की तो जैसे मौज ही हो गई है। उन्हें यह नया और कारगर हथियार मिल गया है। वे किसी की भी इज़्ज़त धूल में मिला सकने की जैसे निर्बाध आज़ादी और क्षमता पा गए हैं। इधर एक और नई बात हुई है। समर्थ और समृद्ध राजनीतिक दलों ने अपने मीडिया एकांशों (सेलों) और आईटी एकांशों के माध्यम से संस्थाबद्ध रूप से वैतनिक आधार पर यह काम करवाने की नई व्यवस्था चलन में ला दी है।**

ऐसा भी नहीं है कि भौतिक और वाचिक हिंसा केवल भारत में ही होती है। दुनिया भर में ऐसा होता रहा है। अमरीका में जॉनएफ कैनेडी की हत्या से लगाकर जापान में शिंजोआबे की हत्या तक और डोनाल्ड ट्रंप पर हमले के प्रयास से लगाकर जर्मनी में एएफडी नेताओं, न्यूज़ीलैण्ड की पूर्व प्रधान मंत्री जसिंडा आर्डर्न के साथ हिंसा के प्रयासों का एक लम्बा सिलसिला है। विदेशों में अगर ट्रंप के साथ हुई वाचिक हिंसा एक ताज़ा परिघटना है तो भारत में महात्मा गांधी से लगाकर अब नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी तक और बीच में अरविंद केजरीवाल, अखिलेश और न जाने कौन-कौन इसके शिकार हुए हैं। महिलाओं के प्रति यह वाचिक हिंसा एक अलग ही रूप ले लेती है। उनका चरित्र हनन करना शायद ऐसा करने वालों को अधिक रास आता है। कभी इंदिरा गांधी तो अब सोनिया गांधी, स्मृति ईरानी, प्रियंका गांधी, महुआ मोइत्रा और न जाने कौन-कौन इसका शिकार हुई हैं।

इधर जब से सोशल मीडिया का चलन बढ़ा है भाषिक हिंसा करने वालों की तो जैसे मौज ही हो गई है। उन्हें यह नया और कारगर हथियार मिल गया है। वे किसी की भी इज़्ज़त धूल में मिला सकने की जैसे निर्बाध आज़ादी और क्षमता पा गए हैं। इधर एक और नई बात हुई है। समर्थ और समृद्ध राजनीतिक दलों ने अपने मीडिया एकांशों (सेलों) और आईटी एकांशों के माध्यम से संस्थाबद्ध रूप से वैतनिक आधार पर यह काम करवाने की नई व्यवस्था चलन में ला दी है। आए दिन हम देखते हैं कि केंद्र से एक संदेश ज़ारी होता है और सम्बद्ध पार्टी के वैतनिक कार्मिक पूरी निष्ठा से, बग़ैर कोमा फुल स्टॉप बदले धड़ाधड़ उन संदेशों को पोस्ट करके वायरल कर देते हैं। करें भी क्यों न? उन्हें इसी काम के तो पैसे मिलते हैं।

लेकिन बात चाहे हिंसा की हो या वाणी की या शाब्दिक हिंसा की, मैं दो टूक शब्दों में कहना चाहूंगा कि है यह निंदनीय। एक सभ्य समाज में किसी भी तरह की हिंसा की कोई जगह हो ही नहीं सकती। हिंसा, चाहे शरीर की हो या जीभ की, या कलम की – हर हिंसा निंदनीय है। अपनी असहमति, अपनी नाराज़गी, अपना ग़ुस्सा अन्य शालीन और स्वीकार्य तरीकों से भी इनको व्यक्त किया जा सकता है और किया जाना चाहिए। हम यह कभी नहीं कहेंगे कि जो काम या जो बात आपको पसंद न हो उसे भी आप सर झुकाकर स्वीकार करें। ग़लत का विरोध ज़रूर करें। उसके खिलाफ़ आवाज़ उठाएं। ग़लत करने वालो को जताएं कि आप उनके काम से सहमत नहीं हैं। लेकिन ऐसा करते हुए मर्यादा का उल्लंघन न करें। इस बात को न भूलें कि आप मनुष्य हैं।

यहीं एक बात और। यह एक आदर्श स्थिति है कि आप किसी से असहमत या नाराज़ हों और इसे उसके सामने व्यक्त कर दें, और वह शालीनता से आपकी असहमति या नाराज़गी को स्वीकार कर ले। यह तो और भी ज़्यादा अच्छी बात है कि वह अपने को, अगर उसे अपनी बात सही लगे, सुधार ले। लेकिन ऐसी आदर्श स्थितियां हैं कहां? हम आए दिन देखते हैं कि सरकारें विरोध की हर आवाज़ को दबाने कुचलने के लिए जैसे तैयार बैठी रहती हैं। अगर आप कोई प्रदर्शन करना चाहें वे नहीं करने देतीं, अगर आप बांह पर काली पट्टी बांध कर अपनी नाराज़गी व्यक्त करना चाहें, वे नहीं करने देतीं। अगर आप कुछ लिखें तो वे किसी न किसी बहाने से आपको प्रताड़ित करने का औचित्य तलाश कर लेती हैं। सरकारें ख़ुद हिंसा करती हैं। जब वे किसी की बात सुनती ही नहीं, तो कोई क्या करे? हम उस गांधी को पीछे छोड़ आए हैं जिसने सलाह दी थी कि अगर कोई तुम्हारे एक गाल पर चांटा मारे तो दूसरा गाल सामने कर दो। आज अगर आप ऐसा करेंगे तो वह बजाय शर्मिंदा होने के, दूसरे गाल पर भी चांटा मार देगा। शायद और अधिक ज़ोर से मारेगा। ऐसे में यह एक बहुत बड़ा सवाल है कि आखिर हम अपनी नाराज़गी, अपनी असहमति कैसे व्यक्त करें? जो स्वीकार्य नहीं है उसे कैसे सहन करें?

इन सवालों का जवाब जो चाहे हो, हिंसा तो नहीं ही हो सकता है। नहीं होना चाहिए!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# भारत की लोकतांत्रिक यात्रा वेदों से लेकर संविधान तक फैली हुई है : देवनानी

## राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासूदेव देवनानी ने दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन में शिरकत की

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि भारत का लोकतंत्र मजबूत है। भारत के लोकतंत्र को किसी भी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। भारत के संविधान की जड़ें भी बहुत गहरी हैं। इसे कोई समाप्त नहीं कर सकता है।भारत के लोगों को एकजुट और एकमुखी होकर काम करना होगा, ताकि विश्व को एकता का संदेश जाए। देवनानी ने कहा कि कुछ ताकतें जो भ्रम फैला रही हैं उनसे सभी को सतर्क रहना होगा। देवनानी ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक यात्रा वेदों से लेकर संविधान तक फैली हुई है। यह यात्रा दर्शाती है कि भारत केवल आज का लोकतंत्र नहीं है, बल्कि यह उसकी आत्मा में सदियों से बसी एक परंपरा है। देवनानी ने कहा कि भारत वास्तव में लोकतंत्र की जननी है। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी रविवार को दिल्ली विधानसभा द्वारा आयोजित स्पीकर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



दिल्ली में आयोजित स्पीकर सम्मेलन में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शामिल हुये।

देवनानी ने कहा कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है जिसकी लोकतांत्रिक परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है। यह परंपरा वेदों उपनिषदों और इतिहास में अंकित है। देवनानी ने कहा कि जब विश्व के अन्य भागों में मानव समाज शिकार पर आश्रित था और लोग वृक्षों की छालों से अपने शरीर ढकते थे, उस प्राचीनकाल में भारत का वैदिक साहित्य राजनीतिक क्षेत्र और शासन व्यवस्था की अत्यंत परिपक्व अवधारणा से समृद्ध हो चुका था। देवनानी ने कहा कि भारत में नियमित स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव, स्वतंत्र न्यायपालिका जीवन्त संसद, सक्रिय मीडिया और मजबूत नागरिक समाज इस लोकतंत्र की स्थायितवशीलता और गहराई को प्रमाणित करते हैं।

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी दो दिवसीय अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय

> ■ **सम्मेलन में देशभर की राज्य विधानसभा एवं विधान परिषदों के लगभग 60 अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष भाग ले रहे हैं**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता सहित देशभर की राज्य विधानसभा एवं विधान परिषदों के लगभग 60 अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा द्वारा केंद्रीय विधानसभा के प्रथम निर्वाचित भारतीय स्पीकर वीर विट्ठल भाई पटेल का शताब्दी समारोह भी आयोजित किया जा रहा है।

**देवनानी की दिल्ली की मुख्यमंत्री से मुलाकात :** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शनिवार को सायं दिल्ली पहुंचे और देवनानी की दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शिष्टाचार मुलाकात हुई।

# वाइस प्रिंसिपल को पदावनत कर लेक्चरार लगाने के आदेशों पर हाईकोर्ट की रोक

## परिनिंदा दण्डादेश देने के आदेशों पर भी हाईकोर्ट ने रोक लगाई

**बीकानेर,** (निसं)। माध्यमिक शिक्षा विभाग के वाईस प्रिंसिपल को पदावनत कर वापस लेक्चरर लगाने एवं परिनिंदा दण्डादेश देने के आदेशों पर राजस्थान हाईकोर्ट ने रोक लगाकर शिक्षा सचिव एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा राज. बीकानेर से जवाब मांगा है। राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर की न्यायाधीश जस्टिस रेखा बोहरा ने यह निर्देश प्रार्थी बुधराम की याचिका पर दिया है।

अधिवक्ता विकास गोदारा (बेनीसर) ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग ने प्रार्थी को 28 फरवरी 2023 को लेक्चरर पद से वाईस प्रिंसिपल पद पर पदोन्नति देकर यथावत कार्यग्रहण करवाया तथा अप्रैल 2025 में काउंसलिंग के पश्चात् प्रार्थी को दूसरे स्कूल में कार्यग्रहण करवाया गया।

> ■ **कोर्ट ने राज्य सरकार व माध्यमिक शिक्षा निदेशक से मांगा जवाब**

पदोन्नति तिथि से प्रार्थी लगातार वाईस प्रिंसिपल पद के दायित्वों का निर्वहन कर रहा है, लेकिन 28 मई 2025 को विभाग ने प्रार्थी की पदोन्नति यह कहकर निरस्त कर दी कि उसे पूर्व में परिनिंदा का दण्डादेश मिला हुआ है, इसलिए उसे पदोन्नत नहीं कर सकते। साथ ही विभाग ने उसे पुन: लेक्चरर पद पर नियुक्ति देने के लिए 5 जुलाई 2025 को एपीओ आदेश भी जारी कर दिया। शिक्षा विभाग की इस कार्यवाही को प्रार्थी ने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि पदावनत एवं एपीओ की कार्यवाही करने से पूर्व उसे सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया। किसी कर्मचारी को परिनिंदा दण्डादेश के आधार पर उसे पदोन्नति से वंचित नहीं किया जा सकता। अत: उसके पदावनत एवं एपीओ आदेश को निरस्त कर पदोन्नति के समस्त परिलाभ दिलवाये जाए।

# पुलिसकर्मियों ने फिट रहने के लिए आम जनता के साथ साइकिल चलाई

## पुलिसकर्मियों ने साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट अवेयरनेस का मैसेज भी दिया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर सहित जिलेभर में पुलिसकर्मियों ने रविवार को आम जनता के साथ फिट रहने के लिए साइकिल चलाई। मौका था "फिटनेस की डोज-आधा घंटा रोज" पंच लाइन के साथ, संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का।

भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में सिटी कंट्रोल रूम के बाहर से फिटनेस की डोज-आधा घंटा रोज पंच लाइन के साथ साइकलिंग की शुरुआत की गई। इसमें बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारी और पुलिस लाइन के जवान और एनजीओ मेंबर और आमजन ने अपनी सहभागियों निभाई। कंट्रोल रूम से एसपी और शहर विधायक अशोक कोठारी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह साइकिल रैली सदर बाजार, गोल प्याऊ चौराहा, सूचना केंद्र, भीमगंज थाना,



भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में साइकलिंग की शुरुआत की गई।

फतेह टावर, कोतवाली, नगर निगम, राजेंद्र स्कूल सहित मुख्य मुख्य बाजारों में होते हुए पुन: सिटी कंट्रोल रूम पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट अवेयरनेस का मैसेज भी दिया। एसपी सिंह ने कहा की कि भारत सरकार के खेल मंत्रालय की पहल पर साइकलिंग, योग, जुंबा, रोप स्किपिंग कर आमजन को फिजिकल फिटनेस के लिए एक संदेश दिया जा रहा है। इसके तहत फिटनेस की डोज

> ■ **"फिटनेस की डोज-आधा घंटा रोज" पंच लाइन के साथ, संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन हुआ**

आधा घंटा रोज का कैप्शन दिया गया है। हर व्यक्ति को अपने शरीर की फिटनेस के लिए डेली कम से कम आधा घंटे कोई भी फिजिकल एक्टिविटी जरूर करनी चाहिए। इस दौरान विधायक अशोक कोठारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, एएसपी पारस जैन, सीओ सदर श्याम सुंदर, सीओ सिटी मनीष बड़गुर्जर सभी थानों के थाना प्रभारी, एनजीओ मेंबर्स, स्काउट गाइड मौजूद रहे। शहर सहित जिलेभर के थानों में रैली का आयोजन किया गया।

# ओसियां क्षेत्र में लैपर्ड के मूवमेंट से दहशत फैली

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के ओसियां में लैपर्ड का मूवमेंट नजर आया है। यहां लैपर्ड ने गाय और नीलगाय को अपना शिकार बनाया है। घटना ओसियां के खारडा मेवासा गांव की है। मौके पर लैपर्ड के पंजे के निशान मिले हैं। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। लैपर्ड को पकड़ने के लिए पिंजरे भी लगाए गए हैं। इधर लैपर्ड के


> ■ **लैपर्ड ने गाय और नीलगाय को अपना शिकार बनाया है। घटना ओसियां के खारडा मेवासा गांव की है, वन विभाग ने पिंजरा लगाया**

मूवमेंट के बाद आसपास की ढाणियों में रहने वाले लोग भी दहशत में हैं।

ओसियां रेंज के अधिकारी मुरली मनोहर ने बताया कि टीमों का गठन कर लैपर्ड को पकड़ने का प्रयास किया जा रहे हैं। जंगल के बीच में कैमरे और पिंजरे भी लगाए गए हैं। इसके अलावा पहाड़ी क्षेत्र के आसपास रहने वाले ग्रामीणों को सावधानी बरतनी के लिए भी कहा गया है। फिलहाल लैपर्ड के मूवमेंट के चलते ग्रामीण भी काफी दहशत में है।

वनपाल रंजीत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि लैपर्ड की तलाश की जा रही है। खारडा मेवासा के रक्षित वन क्षेत्र में लैपर्ड के फुटप्रिंट मिले हैं। इसके देखते हुए पिंजरा लगाया गया था, जिसमें कुछ मांस के टुकड़े रखे हुए थे, लेकिन लैपर्ड पिंजरे में नहीं आया। लैपर्ड मेवासा डांवरा रोड पर एक तालाब में पानी पीने के लिए आता है, लेकिन कल से उसका मूवमेंट नजर नहीं आया। संभवत: कहीं और निकल गया होगा। लैपर्ड शाम के समय शिकार पर निकलता है, इसलिए उस पर नजर रखी जा रही है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 25 अगस्त, 2025**

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 3:50 तक, सिद्ध योग दिन 12:06 तक, कौलव करण दिन 12:35 तक, चन्द्रमा प्रात: 8:29 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरू-मिथुन, शुक्र-कर्क, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

रवियोग रात्रि 3:50 से आरम्भ होगा। अगस्त्य उदय रात्रि 11:51 पर होगा। आज श्री वराह जयन्ती है। आज तेलाधर तपस्या (जैन) है। आज से मु.मास 3 रवि उल अव्वल होगा। आज से मेला रूणीचा रामदेव 9 दिन आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:42 तक, शुभ 9:18 से 10:53 तक, चर 2:05 से 3:40 तक, लाभ-अमृत 3:40 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:07, सूर्यास्त 6:51

**मेष**
व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। आज विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**वृष**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है।

**कन्या**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**धनु**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में मांगलिक-धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**मकर**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# छात्रसंघ-निकाय चुनाव, बेरोजगारी, स्मार्ट मीटर पर जनता को गुमराह कर रही कांग्रेस : राजेन्द्र राठौड़

## अशोक गहलोत अपनी नाकामयाबी का ठिकरा भजनलाल सरकार पर फोडने का कर रहे है प्रयास : राठौड़

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने अशोक गहलोत, गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेसी नेता अपना जनता के बीच अपना जनाधार खो चुके है। कांग्रेसी नेता सिर्फ नोटंकी कर रहे है। भाजपा सरकार के 20 माह के कार्यकाल में किसी विषय पर ना तो कांग्रेस प्रदर्शन कर पाई, ना ही उनके किसी धरने प्रदर्शन में संख्या बल सैकड़ों तक पहुंच पाया। अब वे सोशल मीडिया और मीडिया में सुर्खियां बटौरने के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। कांग्रेसी के इन नेताओं ने जनता को गुमराह करने के लिए छात्रसंघ चुनाव, बेरोजगारी, पंचायती चुनाव और स्मार्ट मीटर जैसे मुद्दे उठा रहे है। गहलोत अपनी नाकामयाबी का ठिकरा भजनलाल सरकार पर फोडना चाहते है।



■ उन्होंने कहा कि, ''स्मार्ट मीटर पर 2019 में गहलोत सरकार ने कार्यादेश जारी कर दिए थे। उस समय इसे सही बताने वाले अब गलत क्यों बता रहे हैं?''

राठौड़ ने कहा कि गहलोत साहब विधानसभा की कार्यवाही को नजरअंदाज कर रहे है, पायलट विधानसभा की कार्यवाही में केवल औपचारिता पूरी कर रहे है, और डोटासरा ने पिछले सत्र को स्वघोषित स्थगित करते हुए विधानसभा की गरिमा को तार-तार करने का कार्य किया। ऐसे कांग्रेसी नेताओं को विचार-विर्मश करने की जरूरत है। राठौड़ ने कहा कि यह विडंबना ही है कि छात्रसंघ चुनाव गहलोत के कार्यकाल में ही बंद हुए और वे इसका ठिकरा भाजपा पर फोड रहे है, बेरोजगारी मामले में राजस्थान के हालात गहलोत ने क्या किए, प्रदेश की जनता जानती है। गहलोत और डोटासरा ने मिलकर प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपरलीक के रिकॉर्ड बनाए। कांग्रेस के समय राजस्थान में बेरोजगारी की दर 32.5 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। वहीं पंचायती राज चुनाव को लेकर अनर्गल बोलने वाले गहलोत साहब भूल गए कि उनके कार्यकाल में 23 माह तक अलग-अलग चरणों में पंचायत एवं निकाय चुनाव करवाए गए थे। ऐसे में यह स्पष्ट है कि गहलोत अपनी नाकामयाबी भाजपा पर थोपना चाहते है।

उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार के समय दिव्यांग क्षेणी तक में जमकर फर्जीवाड़ा किया गया। 43 दिव्यांगों की नौकरी पर 37 अयोग्यजनों ने हक मारने का काम किया। कोई अंधा बनकर नौकरी कर रहा था, तो कोई बहरा बनकर नौकरी कर रहा था। इतना ही नहीं, गहलोत की सुरक्षा में लगे सुरक्षा गार्ड तक पेपरलीक मामले में संलिप्त पाए गए। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है। वहीं 20 माह की भजनलाल सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में पूर्णतया पारदर्शिता रखते हुए 280 से अधिक परीक्षाओं का सफल आयोजन करवाया। गहलोत सरकार में अपराध के मामले में जहां राजस्थान टॉप पर था, वहीं भजनलाल सरकार ने अपराधियों की कमर तोड़ने का काम किया। प्रदेश की कानून व्यवस्था पहले की तुलना में काफी सुदृढ़ और मजबूत हुई है। राठौड़ ने कहा कि गहलोत स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध कर रहे है, जबकि गहलोत सरकार के समय ही राजस्थान डिस्कॉम द्वारा प्रदेशभर में 5.50 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगा दिए गए थे। मैं प्रताप सिंह खाचरियावास से पूछना चाहता हूं कि आज स्मार्ट मीटर का विरोध करने वाले उस समय गहलोत का विरोध क्यों नहीं कर पाए। गहलोत ने अजमेर और जोधपुर डिस्कॉम में 2019 में ही स्मार्ट मीटरिंग करने के लिए कार्यादेश जारी कर दिए थे। गहलोत सरकार के कुप्रबंधन के चलते 2018-23 में डिस्कॉम पर 88 हजार करोड़ से अधिक का कर्जा हो गया था। जबकि भजनलाल सरकार ने फरवरी 2024 से तकनीकी एवं वित्तीय निविदाएं खोलकर कार्यादेश जारी किया और अप्रैल 2025 से स्मार्ट मीटर स्थापित करना शुरू किया। अब तक प्रदेश में जयपुर, अजमेर और जोधपुर डिस्कॉम में करीबन 3 लाख 48 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर इंस्टॉल कर दिए गए है।

## लोक सभा अध्यक्ष 5 से 12 अक्तूबर तक ब्रिजटाउन जाएंगे

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला 5 से 12 अक्तूबर तक ब्रिजटाउन, बारबाडोस में आयोजित होने वाले 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन (सीपीसी) में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे। इसी संबंध में आज लोक सभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में विभिन्न मंत्रालयों की ब्रीफिंग बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें भारत के विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों को सम्मेलन के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। लोक सभा अध्यक्ष और राज्य सभा के उपसभापति, हरिवंश के अलावा, भारत के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी और सचिव राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। बिरला 68वीं राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की आम सभा को राष्ट्रमंडल: ग्लोबल पार्टनर' विषय पर संबोधित करेंगे।

■ बिरला वहां आयोजित होने वाले 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे

## जयपुर जिले में 25-26 को सभी स्कूलों की छुट्टी घोषित

### कलेक्टर ने भारी वर्षा और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति देखते हुए निर्णय लिया

**जयपुर** । कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने जयपुर जिले में 25 व 26 अगस्त को सभी सरकारी और निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। उन्होंने यह फैसला जयपुर समेत पूरे प्रदेश में हो रही भारी वर्षा तथा ग्रामीण इलाकों में रपट बहने व जलभराव की स्थिति को देखते हुए लिया है। कलेक्टर डॉ. सोनी ने आगामी दिनों में जयपुर जिले में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने एवं मिशन मोड पर राहत एवं बचाव कार्य करते हुए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।


कलेक्टर ने बताया कि विगत दिनों हुई लगातार बारिश से जयपुर के ग्रामीण इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। गांवों एवं रास्तों में जलजमाव एवं वर्षाजनित परिस्थितियों को देखते हुए एहतियातन सोमवार एवं मंगलवार के लिए जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आमजन से भी जलभराव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की है। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष 0141-2204475 एवं 0141-2204476 पर 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है। साथ ही आमजन से अपील की गई है की जल स्त्रोतों से दूर रहे। विशेष रूप से बच्चों को जल भरे हुए स्थान के पास नहीं जाने दें। किसी भी बहते पानी की रपट तथा पुलिया को पार नहीं करें। जला प्रशासन द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जिले के किसी भी क्षेत्र में भारी बारिश की स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। समस्त अधिकारी क्षेत्र में रहकर स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखेंगे। साथ ही उच्च अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में रहेंगे। रविवार को भी जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में जयपुर जिला प्रशासन की 46 टीमों ने जिले के समस्त वर्षा प्रभावित इलाकों का दौरा किया एवं हालात का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने आमजन से संवाद किया एवं मौके पर ही राहत एवं बचाव कार्यों को अंजाम दिलवाया।



प्रदेश में मानसून की बारिश के बाद मौसम में बदलाव आया है। राजधानी जयपुर के पहाड़ी क्षेत्र में रविवार सुबह ऐसा नजारा दिखा, जैसे बादल पहाड़ों की गोद में उतर आए हों। इस दृश्य को देखकर ऐसा लग रहा था कि आसमां भी जयपुर और यहां की हरियाली को निहारने आए हों। फोटो : दिनेश भारद्वाज

## नहर के गणेशजी महाराज का ध्वज पूजन आज

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी माउंट रोड पर स्थित नगर के अति प्राचीन दाहिनी सूँड दक्षिण मुखी नहर के गणेश जी महाराज के मंदिर में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष "त्रिदिवसीय श्री गणेश जन्मोत्सव " 26, 27 और 28 अगस्त 2025 को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जाएगा ।मंदिर युवाचार्य पंडित मानव शर्मा ने बताया कि यह त्रि-दिवसीय गणेश जन्मोत्सव मंदिर महंत पंडित जय शर्मा के सान्निध्य में सम्पन्न होगा ।वहीं उत्सव से पूर्व के व उत्सव के अनुष्ठान निम्नानुसार सम्पन्न होंगे। 25 अगस्त को मंदिर महंत पंडित जय शर्मा के सान्निध्य में मंदिर परिवार उत्सव के लिए ध्वज पूजन करके उसे स्थापित करेंगे तथा 25 अगस्त की



प्रातः से 26 अगस्त को सायं 5 बजे तक गणपति के नवीन चौला व श्रृंगार के लिए पारंपरिक रूप से 2 दिन पट मंगल रहेंगे। इस दौरान प्रभु गणपति के चित्र का पूजन एवं उतरे हुए चौले का दर्शन करेंगे।

## अखिल भारतीय समन्वय बैठक जोधपुर में होगी

**जयपुर।** अखिल भारतीय समन्वय बैठक 5, 6 एवं 7 सितम्बर को जोधपुर में आयोजित हो रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय यह अखिल भारतीय बैठक प्रतिवर्ष आयोजित होती है। गत वर्ष यह बैठक सितंबर 2024 में पालक्काड (केरल) में संपन्न हुई थी। इस अखिल भारतीय समन्वय बैठक में संघ प्रेरित 32 विविध संगठनों के चयनित पदाधिकारी सहभागी होते हैं। यह सभी संगठन संघ विचारों के अनुरूप समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक रूप से कार्यरत हैं। सार्वजनिक जीवन में लोकतांत्रिक पद्धित से सामाजिक परिवर्तन एवं व्यवस्थाओं में सुधार हेतु निरंतर प्रयासरत रहते हैं। बैठक में सभी संगठन कार्य क्षेत्र में अपने अनुभवों के आधार पर परिस्थितियों का आकलन प्रस्तुत करते हैं।

## पूर्व आर.ए.एस. का 43 साल पुराना विवाह समाप्त

**जयपुर** । पारिवारिक न्यायालय ने पति को एसी कमरे में साथ नहीं सोने, दूसरी महिला से संबंध होने का चरित्र पर लांछन लगाने व हरामखोर जैसे संबोधन बोलने को मानसिक क्रूरता की श्रेणी में माना। इसके साथ ही कोर्ट ने 63 वर्षीय पूर्व आरएएस पति की 43 साल पुरानी शादी को समाप्त करने का प्रार्थना पत्र को मंजूर कर लिया। अदालत में यह मामला चार साल पहले कोर्ट में आया।

प्रशासनिक सेवा में रहे पति ने प्रार्थना पत्र में कोर्ट को बताया कि 1982 में शादी हुई और पत्नी ने ससुराल आते ही छोटा घर होने व नौकर-गाड़ी नहीं होने पर घटिया मानसिकता का आदमी कहना शुरू कर दिया। गृह क्लेश के कारण मानसिक रूप से परेशान होकर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का आवेदन किया, जो दोनों पक्षों में सुलह के बाद वापस ले लिया। प्रार्थना पत्र में पत्नी पर यह भी आरोप लगाया कि वह एसी कमरे में साथ नहीं सोने देती, चरित्र पर लांछन लगाती है। हंगामा कर, अपशब्दों से संबोधित करती है। पति ने पत्नी पर उम्र छिपाने का भी आरोप लगाया।

जवाब में पत्नी ने कहा कि कभी न ताने मारे और न स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाले शब्द कहे। कभी लडााई-झगडा और गाली-गलौच नहीं की। यह भी आरोप लगाया कि पति सेवानिवृत्त हो गया और विलासिता का जीवन जीना चाहता है।

पति की ओर से लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए तलाक के लिए पेश प्रार्थना पत्र को खारिज करने का आग्रह किया। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर पति की ओर से लगाए गए आरोपों को मानसिक क्रूरता मानते हुए तलाक मंजूर कर लिया।

## 20 किलो डोडा चूरा पाउडर जब्त

**जयपुर।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए बीस किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोड चुरा पाउडर जब्त किया है। इस अवैध मादक पदार्थ को कौन लेकर आया, इसकी जांच पड़ताल की जा रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद आईपीएस ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सिंधी कैंप थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते चित्तौड़गढ़ आगार की रोडवेज बस में दो संदिग्ध लावारिस बैगों में कुल 20 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा पाउडर जब्त किया है। इस प्रकरण में उक्त बैगों में मादक पदार्थ डोडा चुरा पाउडर कौन लेकर आया इस संदर्भ में सीसीटीवी फुटेज व अन्य माध्यमों से जांच की जा रही है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मतीन उर्फ मतीरा निवासी शास्त्री नगर जयपुर और कुलदीप सिंह निवासी शास्त्री नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है।

## "सिख नायकों की आज़ादी में भूमिका" पर विशेष व्याख्यान

**जयपुर** । राजस्थान विश्वविद्यालय के सेनेट हॉल में श्री गुरु गोविन्द सिंह चेयर फ़ॉर नेशनल इंटीग्रेशन एंड सिख स्टडीज़ द्वारा 'भारत की स्वतंत्रता संग्राम में सिख नायकों की भूमिका' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के सदस्य गुरवीर सिंह रहे, जिन्होंने कूका आंदोलन, कालापानी की सजाओं तथा इंडो-चाइना युद्ध जैसे प्रसंगों के आंकड़ों सहित सिख समुदाय के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला।विशेष अतिथि एवं मुख्य वक्ता जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी (आईएएस) ने 'सिक्ख आफ पंजाब (लेखक जे.एस. ग्रेवल) जैसी कृतियों का उल्लेख करते हुए हिंद के चादर की परम्परा तथा भारतीय राष्ट्रीय सेना में सिख सैनिकों के उल्लेखनीय योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने सिख समाज की भूमिका का व्यापक दृष्टिकोण से विश्लेषण करने पर बल दिया।



राजस्थान यूनिवर्सिटी में रविवार को विशेष व्याख्यान हुआ।

कार्यक्रम के सम्मानित सदस्यों में राजस्थान सिख समाज के अध्यक्ष सरदार अजय पाल सिंह ने ऐसे कार्यक्रमों की महत्ता को रेखांकित करते हुए उसे निरंतर करवाने पर जोर दिया। राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह ने राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से सिख समाज की भूमिका को रेखांकित करते हुए, चेयर की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने की । उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से आश्वासन दिलाया निरंतर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने में विश्वविद्यालय अपनी सक्रिय भूमिका अदा करता रहेगा।

# पुलिस अफसरों ने साइकिलिंग के जरिए दिया फिटनेस का संदेश

## "फिट इंडिया" अभियान के तहत पुलिस कमिश्नरेट में 700 से ज्यादा अफसरों व जवानों ने योगाभ्यास किया

**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जयपुर पुलिस कमिश्नरेट पर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के नेतृत्व में रविवार सुबह बारिश के दौरान विषम परिस्थितियों में पुलिस अधिकारी एवं जवानों के साथ साइकिलिंग एवं योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने की थी। उन्होंने बताया कि फिट इंडिया अभियान के तहत फिटनेस को बढ़ावा देने एवं स्वास्थ्य के प्रति पुलिस जवानों में जागरूकता फैलाने के साथ- साथ फिटनेस को सभी नागरिकों के दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना है। फिट इंडिया अभियान का मुख्य संदेश "फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज" जिसे सभी तक पहुँचाया जाएगा।

फिट इंडिया अभियान के तहत पुलिस कमिश्नरेट पर पुलिस अधिकारियों के साथ 700 जवानों ने योगाभ्यास किया। साथ ही पुलिस कमिश्नर जोसफ ने अमर जवान ज्योति से अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुष्पेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में एक साइकिल दल को पुलिस आयुक्त जोसफ ने हरी झंडी दिखाकर बीसलपुर के लिए रवाना किया।




पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट के सभी पुलिस अधिकारी एवं जवान ने कमिश्नरेट से साइक्लिंग शुरू करते हुए अजमेरी गेट,छोटी चौपड़,बड़ी चौपड़ होते हुए चारदीवारी में चक्कर लगा कर पुलिस कमिश्नरेट तक साइक्लिंग की गई। साइक्लिंग दल का जगह-जगह स्वागत किया गया। जिसमें अजमेरी गेट पहुँचने पर पुलिस के जवानों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बड़ी चौपड़ पर भी साइक्लिंग दल का सीएलजी सदस्यों, व्यापारियों एवं आमजन ने पुष्प वर्षा एवं गर्मजोशी से उत्साहवर्धन करते हुए स्वागत किया।

फिट अभियान में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर यातायात एवं प्रशासन योगेश दाधीच, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) राजेश कुमार कांवत, पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) हनुमान प्रसाद मीणा, पुलिस उपायुक्त (उत्तर) करण शर्मा, पुलिस उपायुक्त (यातायात) सुमित मेहरडा सहित पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।




# कालीसिंध नदी की पुलिया पर कार बही, दो जनों के शव बरामद, दो लापता

## गाड़ी के ड्राइवर लेखराज एवं सांभरलेक निवासी वेणुगोपाल का फिलहाल पता नहीं चल पाया है

**झालावाड़,** (निसं)। झालावाड़ के गागरोन के समीप कालीसिंध और आहु नदी के संगम स्थल पर पुलिया पर एक कार बह गई। रेस्क्यू के ऑपरेशन के दौरान डूबी हुई कार को निकाल लिया गया, जिसमें से दो शव बरामद हुए हैं, जबकि दो अन्य पानी में बह गए, जिनकी तलाश की जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार का नंबर आरजे 33 सीए 3269 में चार लोग सवार थे तथा वह कालीसिंध की चंगेरी पुलिया पर पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों ने उन्हें पुलिया पार करने से मना किया, किंतु कार सवार लोगों ने किसी की नहीं सुनी और कार पानी में उतार दी। पुलिया के मध्य जाकर तेज बहाव के कारण कार पानी में बह गई तथा डूब गई। डूबती कार से दो लोग बाहर निकल आए जिन्हें पानी में बहते हुए देखा गया, जबकि दो अन्य कार में ही फंसे रह गए, जिनके शव पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। हादसे की सूचना के बाद प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे, झालावाड़ के अतिरिक्त जिला कलेक्टर



**झालावाड़ स्थित कालीसिंध पुलिया पर बही कार को रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बाहर निकाला, जिसमें दो शव मिले।**

अभिषेक चारण स्वयं मौके पर मौजूद रहे और रेस्क्यू ऑपरेशन चलवाया। पानी में बहने वाले दो लोगों की भी तलाश की जा रही है। कार में फंसे हुए

- **रेस्क्यू के ऑपरेशन के दौरान डूबी हुई कार को निकाला, जिसमें से दो शव बरामद हुए हैं, जबकि दो अन्य पानी में बह गए, जिनकी तलाश की जा रही है**
- **कार में चार लोग सवार थे, वे कालीसिंध की चंगेरी पुलिया पर पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों ने उन्हें पुलिया पार करने से मना भी किया था**

शवों को निकाल कर झालावाड़ अस्पताल भिजवाया गया, जहां शवों को मोर्चरी में रखवा कर परिजनों को सूचित किया गया है।

**दो अध्यापक एवं दो स्थानीय निवासी :-** दुर्घटना में मरने वाले दोनों लोगों की पहचान रामगंजमंडी थाना क्षेत्र के कुदायला निवासी हरिबल्लभ एवं गंगानगर निवासी नीरज के रूप में हुई है, जबकि गाड़ी के ड्राइवर लेखराज एवं सांभरलेक निवासी वेणुगोपाल का फिलहाल पता नहीं चला है। वेणुगोपाल एवं नीरज रामगंजमंडी के कुदायला क्षेत्र में सरकारी शिक्षक के तौर पर तैनात थे, जबकि हरिबल्लभ एवं लेखराज स्थानीय निवासी हैं। बताया जा रहा है कि चारों यहां घूमने के लिए आए थे।

झालावाड़ जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ भी घटनास्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने मौके का मुआयना कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। घटनास्थल पर मंडावर थाने की पुलिस तथा खानपुर पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे। हादसे में लापता हुए वेणुगोपाल और लेखराज की तलाश के लिए सोमवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया जाएगा। जानकारी के अनुसार कालीसिंध नदी में इन दिनों पानी की जोरदार आवक हो रही है, जिसके चलते नदी उफान पर है।

# गंभीर नदी में जलस्तर बढ़ा, प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

## नदी में पानी बढ़ने से पुलियाओं पर रपट चलने से बयाना क्षेत्र के कई गांवों जैसे खिरकवास, कलसड़ा, रीझवास, मौरोली का संपर्क आपस में कटा

**भरतपुर,** (निस)। पूर्वी राजस्थान में लगातार हो रही तेज बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। करौली जिले के पांचना बांध से चार गेट खोलकर गंभीर नदी में करीब 26 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। यह पानी रविवार को तेज धारा के साथ बयाना क्षेत्र में पहुंच गया। गंभीर नदी में पानी की भारी आवक को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने लोगों से पूरी तरह सतर्क रहने की अपील की है, ताकि जन-धन और पशुधन की हानि से बचा जा सके। गंभीर नदी में पानी बढ़ने से पुलियाओं

- **पांचना बांध से 26 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है, बयाना क्षेत्र में पहुंचा पानी**

पर रपट चलने से बयाना क्षेत्र के कई गांवों जैसे खिरकवास, कलसड़ा, रीझवास, मौरोली का संपर्क आपस में कट गया है।

एसडीएम दीपक मित्तल ने बताया कि गंभीर नदी में पानी की आवक को देखते हुए कर्मचारियों की सभी छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। हालात पर कड़ी नजर रखने के लिए बयाना और रूपवास में कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। वहीं, एसडीआरएफ की दो टीमें दोनों उपखंडों में तैनात की गई हैं, जो किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेंगी।

बयाना विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें, अफवाहों से दूर रहें और सुरक्षित स्थानों पर रहकर अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# नाबालिग से दुष्कर्म

**जोधपुर,** (कासं)। लूणी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग से गैंगरेप का मामला सामने आया है। मामले को लेकर दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लड़की के परिजनों की तरफ से लूणी थाने में दी रिपोर्ट में बताया गया कि नाबालिग गांव में शौच के लिए गई

- **मामले को लेकर दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है**

थी। इसी दौरान दो युवकों ने गैंगरेप किया।

घटना 1 जुलाई से 19 अगस्त के बीच होना बताया गया है। आरोपी युवकों में से एक नाबालिग है। दूसरे की उम्र की पुलिस जांच कर रही है। आरोपियों के खिलाफ थाने मे मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच एसीपी बोरानाडा आनंद सिंह कर रहे हैं।

# मारपीट व लूट का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। झाड़ोल थाना पुलिस ने मारपीट एवं लूट की वारदात करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार लोकेश पुत्र कुबेरा कसौटिया निवासी वाडद झाड़ोल ने 11 अगस्त 2024 को रिपोर्ट दी। उसने बताया कि 10 अगस्त को रात में घर से चावल लेने दुकान पर गया था। रास्ते में कुंद के पास प्रभुलाल पुत्र शंकरलाल अंगारी व चन्दुलाल पुत्र मोहनलाल अंगारी निवासी वाडद ने मुझे रोक मारपीट शुरू कर दी तथा जेब से रूपये लेकर फरार हो गए। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उपाधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने मामले में एक वर्ष से फरार प्रभूलाल अंगारी पुत्र शंकरलाल अंगारी निवासी वाडद को गिरफ्तार किया, जिससे पूछताछ की जा रही है।

# ड्यूटी से घर जा रहे डॉक्टर पर बदमाशों का हमला, गन लेकर धमकाया

## बदमाशों ने डॉक्टर का गला पकड़कर गाड़ी से नीचे उतारने की कोशिश की, जिस पर डॉक्टर ने गाड़ी भगाकर अपनी जान बचाई

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में एक डॉक्टर के साथ लूट की कोशिश का मामला सामने आया है। ड्यूटी से घर जा रहे डॉक्टर की गाड़ी को बदमाशों ने रुकवाया और पैसे मांगे। बदमाशों ने डॉक्टर का गला पकड़कर गाड़ी से नीचे उतारने की कोशिश की, जिस पर उन्होंने गाड़ी भगाकर अपनी जान बचाई। इस दौरान बदमाशों ने डॉक्टर की गाड़ी को टक्कर मार दी। बदमाशों ने हाथ में गन लेकर उन्हें धमकाया और वहां से भाग गए। डॉक्टर नरेंद्र धतरवाल पांचला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत हैं। घटना का पता चलने के बाद रविवार को अस्पताल के बाहर ग्रामीण एकत्रित हो गए और पुलिस से आरोपियों को पकड़ने की मांग की। करीब दो घंटे तक

- **डॉक्टर ने अपने एक साथी को बुलाकर गाड़ी का पीछा किया, लेकिन तीन किलोमीटर आगे जाने के बाद बदमाश ने अपनी गाड़ी की नंबर प्लेट बदल दी**

चले धरने के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त किया गया। यह घटना ओसियां थाना क्षेत्र में हुई।

डॉक्टर नरेंद्र धतरवाल ने बताया कि वे पांचला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत हैं। शनिवार शाम करीब चार बजे जब वे पांचला से चेराई जा रहे थे, तो गाड़ी सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। डॉक्टर ने बताया कि पांचला से चेराई जाने वाले मार्ग पर एक स्कॉर्पियो ड्राइवर ने उन्हें रुकवाया और पैसे मांगे। ड्राइवर ने उनका गला पकड़कर गाड़ी से नीचे उतारने की कोशिश की, जिस पर उन्होंने गाड़ी भगाकर अपनी जान बचाई। स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने पीछे से उनकी गाड़ी को टक्कर मारी। डॉक्टर ने बताया कि बाद में एक बस्ती में जाकर उन्होंने जान बचाई। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर लोग इकट्ठा हो गए, लेकिन बदमाशों ने हाथ में गन लेकर उन्हें धमकाया और वहां से भाग गए। इसके बाद उन्होंने अपने एक साथी को बुलाया और गाड़ी का पीछा किया, लेकिन तीन किलोमीटर आगे जाने के बाद बदमाश ने अपनी गाड़ी की नंबर प्लेट बदल दी। डॉक्टर ने बताया कि इस घटना में महिपाल सिंह नाम का बदमाश शामिल था, जिसके खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं।

घटना की जानकारी मिलने पर रविवार को अस्पताल के बाहर ग्रामीण एकत्रित हो गए और पुलिस से आरोपियों को पकड़ने की मांग करने लगे। करीब दो घंटे तक चले धरने के बाद ओसियां थाना अधिकारी राजेंद्र चौधरी ने ग्रामीणों को दो दिन में आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त किया गया।

# हथियार सप्लायर वांछित आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। हिरणमगरी थाना पुलिस ने हथियार सप्लाई करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस

- **आरोपी थाने की टॉप टेन वांछित की सूची में था**

अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थाना अधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने आर्म्स एक्ट मामले में वांछित अभियुक्त शादाब शाह पुत्र शहजाद शाह निवासी पथिक नगर कच्ची बस्ती सविना हाल मावली को गिरफ्तार किया। पूर्व में अभियुक्त लक्ष्मीलाल सुथार पुत्र लाभचंद सुथार निवासी बिनायका रोड़ बोहेडा बड़ीसादड़ी जिला चित्तौड़गढ़ को अवैध देशी पिस्टल विक्रय की थी। आरोपी थाने की टॉप टेन वांछित की सूची में था।

# नशीले पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। बीकानेर रेंज और श्रीगंगानगर जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गजसिंहपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

पुलिस ने नशीले कैप्सूल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस उससे नशीली दवाओं की खेप को लेकर पूछताछ में जुटी हुई है। गजसिंहपुर थाना पुलिस टीम ने थान्देवाला निवासी रणजीत सिंह उर्फ राणा (40) को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से प्रेगाबालिन कैप्सूल (न्यूरो 300 मिलीग्राम) के 33 डिब्बे बरामद किए गए। इनमें कुल 660 पत्ते थे, जिनमें 6600 कैप्सूल मौजूद थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना गजसिंहपुर में धारा 223(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम में हेड कॉन्स्टेबल ईश्वरलाल, कॉन्स्टेबल नेतराम, पवन कुमार और कन्हैयालाल शामिल थे।

- **6600 प्रेगाबालिन कैप्सूल बरामद, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है**

**जेसीबी चोरी, मामला दर्ज** उदयपुर के सायरा थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ जेसीबी मशीन चुराने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित दिलिप पुत्र प्यारचंद लौहार निवासी सायरा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि 20 अगस्त को अज्ञात चोर मेरी जेसीबी मशीन घर के बाहर से चुरा ले गया। इसका पता चलने पर पड़ताल की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। अनुसंधान अधिकारी भंवरसिंह ने मामले में अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर क्यारा खेत रावत कडेच में लावारिस हालत में पड़ी जेसीबी कब्जे में ली है। इस मामले में चोरों की तलाश की जा रही है।

# दो बहनों से धोखे से जमीन हड़पी

**उदयपुर,** (कासं)। पीड़ित ने भुवाणा के पूर्व सरपंच सहित तीन आरोपियों के खिलाफ धोखे में रखकर दो बहनों से जमीन हड़पने का प्रकरण सुखेर पुलिस थाने में दर्ज करवाया है।

- **भुवाणा के पूर्व सरपंच सहित तीन आरोपियों के खिलाफ धोखे में रखकर दो बहनों से जमीन हड़पने का प्रकरण सुखेर पुलिस थाने में दर्ज करवाया है**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित ललितसिंह पुत्र धरमसिंह राठौड़ निवासी नया बस स्टैण्ड नाहरगढ़ पाली ने आरोपी मोहनलाल डांगी कना डांगी निवासी भुवाणा पूर्व सरपंच, कानसिंह डोडिया पुत्र भंवरसिंह डोडिया निवासी बेदला तथा मुकेश कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार जैन निवासी घासा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि मेरी मां भंवर कुंवर की मृत्यु होने पर ननिहाल की जमीन मेरी तीन बहनों एवं मेरे नाम पर ट्रांसफर हो गई। गत दिनों आरोपी मेरी बहन रानू कुंवर व दिव्या कुंवर को धोखे में रखकर जमीन का हिस्सा रोड़ में आने से मिल रहा मुआवजा लेने साथ ले गए तथा धोखे से दोनों के हिस्से की जमीन पूर्व सरपंच मोहनलाल डांगी को पावर करवा दी तथा आरोपियों ने उक्त पावर के आधार पर 2022 में जमीन 23 लाख में मुकेश कुमार जैन को बेच दी। इसका पता चलने पर एतराज कर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

# डकैती का प्रयास करने वाली गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। सविना थाना पुलिस ने डकैती की नियत से बैंक व एटीएम में घुसकर स्ट्रांग रूम में तोड़फोड़ कर कैश चोरी करने का प्रयास करने वाली गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी राव अजयसिंह के नेतृतव में गठित दल ने आसूचना संकलन के आधार पर डकैती की नियत से सीए सर्कल पर स्थित पंजाब एण्ड सिंध बैंक व एटीएम में घुस स्ट्रांग रूम में तोड़फोड़ कर कैश चोरी का प्रयास करने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए भैरूलाल पुत्र कालु मीणा व किशन पुत्र नानुराम निवासी छोटी उंदरी थाना नाई को गिरफ्तार किया। आरोपी गैंग बनाकर शहर में किराये के मकान में रहकर दिनभर सूने मकानों तथा अन्य स्थानों की रैकी करते तथा रात में वारदात को अंजाम देते थे। मकानों में जाग होने के भय से बदमाश बैंक से चोरी करने की योजना बनाई थी।

# दम्पती पर फायरिंग मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**नदबई/भरतपुर,** (निसं)। गांव बैलारा में युवक के घर पर दिनदहाड़े फायरिंग करने पर दम्पती को घायल होने के मामले में पुलिस ने देर रात एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार कुम्हेर थाना

- **अन्य आरोपी पहले पकड़े जा चूके हैं, पुलिस गिरफ्तार बदमाशों से अज्ञात हथियार बरामदगी के साथ ही फरार अन्य बदमाशों की तलाश कर रही है**

क्षेत्र के गांव कूम्हा निवासी जयप्रकाश उर्फ बिट्टू जाटव पुत्र बाबूलाल जाटव को मुखबिर की सूचना पर कुम्हेर बाइपास चौराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को पुलिस रिमाण्ड पर भेज दिया। विभागीय सूत्रों की मानें तो, मामले में पहले बैलारा निवासी शराब ठेकाकर्मी सन्नी सिंह पुत्र निर्भय सिंह सहित कबई निवासी सौरभ जाटव पुत्र धर्मवीर जाटव, बॉबी पुत्र राकेश उर्फ प्रथ्वी जाटव व हरवीर सिंह पुत्र सोवरन सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस गिरफ्तार बदमाशों से अज्ञात हथियार बरामदगी के साथ ही फरार अन्य बदमाशों की जांच कर रही। हालांकि,



**बैलारा में फायरिंग मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया।**

अन्य बदमाशों का पुलिस को सुराग नहीं लग सका।

गौरतलब है कि, बुधवार को बैलारा निवासी सरमन सिंह, बैलारा सर्किल के समीप अंग्रेजी शराब ठेका पर शराब खरीद रहा। इसी दौरान शराब की ओवर रेट को लेकर सरमन सिंह व ठेकाकर्मी के बीच विवाद के बाद ठेकाकर्मी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर युवक के घर पर जमकर फायरिंग की, जिसमें सरमन सिंह व उसकी पत्नी पिस्ता देवी घायल हो गई थी। बाद में घायल युवक सरमन सिंह के पुत्र संजू सिंह ने गिरफ्तार आरोपी सहित करीब एक दर्जन अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

# कोटा कोचिंग क्षेत्र में 71 लाख रुपये का लोन नहीं चुकाने पर हॉस्टल सीज़

## बच्चों को हॉस्टल खाली करवा बाहर निकाला, हॉस्टल मलिक के परिवार को भी बाहर किया

**कोटा,** (निसं)। कोटा कोचिंग इंडस्ट्री के बिगड़े हालातों की तस्वीर अब सामने आने लगी है। कोटा के महावीर नगर में लोन नहीं चुकाने पर एक हॉस्टल को सीज़ करने का मामला सामने आया है। इस सीज़ हुई हॉस्टल में कोचिंग स्टूडेंट और उनके परिवार भी रह रहे थे, जिन्हें भी बाहर निकाल दिया गया। साथ ही हॉस्टल मलिक के परिवार को भी बाहर निकाल दिया है। एकाएक हुई इस कार्रवाई से हॉस्टल में रह रहे बच्चे व उनके पेरेंट्स सकते में आ गए हैं। उन्हें तत्काल ही पुलिस और बैंक के स्टॉफ ने कमरा खाली करने के लिए कह दिया। उसके बाद तुरंत हॉस्टल को खाली करा लिया गया। बच्चे अपने बैग को पैक कर सामान समेटते हुए हॉस्टल के बाहर ही बैठे रहे।

हॉस्टल में रहने वाले बिहार निवासी छात्र अंकित का कहना है कि हमारे सामने अजीबोगरीब समस्या खड़ी हो गई है। इस हॉस्टल में उनके साथ-साथ 10 अन्य स्टूडेंट भी थे। जिनके साथ भी ऐसा ही हुआ है। वहीं एक बच्चा अपने परिवार के साथ रहता था, जिन्हें भी बाहर निकाल दिया गया है।

निजी बैंक के एडवोकेट नरेंद्र योगी का कहना है कि हॉस्टल मालिक पर



**कोटा कोचिंग क्षेत्र में लोन नहीं चुकाने पर हॉस्टल को सीज कर दिया, इसके बाद स्टूडेंट्स और पेरेंट्स बाहर ही बैठे रहे।**

71 लाख रुपए का लोन बकाया था। वह 2 साल से किशत नहीं चुका रहे थे, इसीलिए न्यायालय की परमिशन से हॉस्टल को सीज करके कब्जा लिया है।

दूसरी तरफ हॉस्टल मालिक भुवनेश अग्रवाल की पत्नी पूजा का कहना है कि लोन उनके पति ने लिया था। वे दिल्ली गए हुए थे। उसके बाद यह कार्रवाई बैंककर्मियों ने पुलिस स्टॉफ के जरिए की है, जबकि इन्होंने अप्रैल के आर्डर पर कार्रवाई की है इसके खिलाफ हमने दूसरी कोर्ट से स्टे ले लिया था।

- **कोचिंग स्टूडेंट बोले एकाएक कहां जाएं, सामान लेकर हॉस्टल के बाहर ही बैठे रहे स्टूडेंट और पेरेंट्स**
- **निजी बैंक के एडवोकेट नरेंद्र योगी का कहना है कि हॉस्टल मालिक पर 71 लाख रुपए का लोन बकाया था, दो साल से किशत नहीं चुका रहे थे**

उसके बावजूद भी बैंक ने एक्शन लिया है, जिसमें कोर्ट में हमें 10 लाख रुपए जमा करवाने के लिए कहा था। यह हमने जमा भी करवा दिए थे। इसके बावजूद बैंक ने छुट्टी का फायदा उठाकर यह कार्रवाई की है, जबकि बैंक वर्किंग डे में भी कार्रवाई कर सकती थी, लेकिन अचानक रविवार को यह कार्रवाई करना संशय खड़ा कर रहा है।

# धमकी देकर नगदी वसूली, मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। शादी नहीं करने पर मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर पीड़ित से रूपये वसूलने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित बाबुलाल पुत्र बद्रीलाल निवासी रूपगनगढ़ अजमेर हाल आशियाना अपार्टमेंट सुखेर ने आरोपी पूजा यादव पत्नी मोहित सागर निवासी चित्रकूट नगर सुखेर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि मैं ट्रावेल्स का कारोबार करता हूं तथा

- **पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की**

उदयपुर एवं जयपुर कार्यालय का काम संभालता हूं। 2024 में आरोपी के आने जाने से संपर्क होने पर मोबाइल पर बातचीत व मैसेजिंग होने लगी। कुछ समय बाद वह जयपुर चला गया। इस पर आरोपी के बुलावे में मैं शहर आया, जहां वह मुझे उसकी सहेली संगीता के घर ले गई। जहां स्वयं को शादीशुदा होकर तलाकशुदा होने तथा शादी करने की बात कही। परिजनों द्वारा सहमति नहीं देने पर उसने मुझे धमकाना शुरू कर दिया तथा दुष्कर्म के प्रकरण दर्ज कराने की धमकी देकर करीब 6 लाख रूपये वसूल लिए तथा अब भी मुकदमे में फंसाने तथा रूपये की मांग कर रही है। आरोपी तलाक होने से पूर्व भी अन्य व्यक्ति के साथ शादी हो चुकी थी। उसे छोड़ कर मोहित के साथ रह रही थी एवं मुझसे शादी करने के लिए दबाव डाल रही है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।


# नालों के ड्रेनेज पॉइंट्स पर लगाई जाएं जलियां : डॉ. निधि पटेल

## हैरिटेज निगम आयुक्त ने जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा किया

**जयपुर ।** नगर निगम हेरिटेज आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने रविवार को हैरिटेज निगम क्षेत्र सफाई व्यवस्था और जलभराव वाली जगहों का निरीक्षण किया। इस दौरान निगम आयुक्त ने नालों के ड्रेनेज पॉइंट्स पर जालियों लगाने का निर्देश दिए। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुपर सकर मशीन से कचरा हटाया जाएं, जिससे कि प्लास्टिक व अन्य कचरा नालों में नहीं फंसे।

निगम आयुक्त ने बाजारों में ओपन कचरा डिपो को भी खत्म करने के निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने चांदपोल, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, चौडा रास्ता, बडी चौपड़, रामगढ़ मोड़, मानबाग, खोर, नाई की थड़ी, दिल्ली रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, एम डी रोड, जवाहर नगर इलाके में निगम अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण और नालों के प्वाइंट चेक किए। उन्होंने कहा कि दिल्ली रोड मानबाग पर नाला बारिश में ओवरफ्लो हो जाता है। जिससे कि नाला जाम होकर सड़क पार बहने लगता है। इसके स्थाई समाधान के लिए निर्देशित किया है।

**■ आयुक्त ने गणेश चतुर्थी के शोभायात्रा मार्ग पर सफाई व्यवस्था भी जांची**



**हैरिटेज नगर निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने रविवार को अधिकारियों के साथ शहर में सफाई, नालों की सफाई, टूटी जालियां व अन्य अव्यवस्थाओं को देखा।**

इस दौरान निगम आयुक्त ने एम डी रोड पर सफाई व्यवस्था देखी। वहीं कुछ स्थानोंपार नालों के फेरो कवर टूटने पर उन्हें बदल कर नए फेरो कवर लगाने के निर्देश दिए। कुछ जगहों पर टूटी सड़को के पेचवर्क के कार्य को भी जल्द पूरा करने के लिए कहा। इस दौरान उपायुक्त स्वास्थ्य युगांतर शर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवण कुमार वर्मा सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डॉ. दिनेश कुमार बने महाराजा कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल

**जयपुर ।** राजस्थान यूनिवर्सिटी के महाराजा कॉलेज में डॉ. दिनेश कुमार को वाइस प्रिंसिपल के पद पर नियुक्त किया गया है। डॉ. दिनेश कुमार भौतिक शास्त्र विभाग में सहायक आचार्य है। उल्लेखनीय है कि डॉ. दिनेश कुमार शोध के लिए 15 से अधिक देशों में जा चुके हैं। डॉ. दिनेश कुमार मूलतः झुन्झुनूं जिले के दोरादास गांव के निवासी हैं। इनके पिता का नाम विश्वनाथ एवं माता का नाम सुमित्रा देवी है। बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रहे है। वाइस प्रिंसिपल बनने पर डॉ. दिनेश कुमार को अनेक लोगों ने बधाईयाँ दी है।



डॉ. दिनेश कुमार

# 'अस्मिता' समारोह में वीरांगनाओं का सम्मान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (आवा) द्वारा आयोजित अस्मिता-2025 समारोह में वीरांगनाओं और वीर नारियों के असाधारण साहस और त्याग को नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सैनिक परिवारों का संघर्ष और देश के प्रति उनका समर्पण हम सभी के लिए एक सच्ची प्रेरणा है। समारोह में आर्मी परिवारों की महिलाओं द्वारा साझा की गई जीवन गाथाओं ने सभी को भावुक कर दिया। इन कहानियों से यह साफ हुआ कि मातृशक्ति सिर्फ परिवार को ही नहीं संभालती, बल्कि वह देश की असली ताकत भी है। बच्चों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में एक भावनात्मक रंग भर दिया। दिया कुमारी ने आवा अध्यक्ष मिसेज बरिन्दरजीत कौर के नेतृत्व में सैनिक परिवारों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कौशल विकास और पुनर्वास जैसे क्षेत्रों में आवा द्वारा दी जा रही सेवाएं सराहनीय हैं। इस कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह, आर्मी कमांडर साउथ वेस्टर्न कमांड भी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### भाकपा जयपुर ज़िला सम्मेलन सम्पन्न




**जयपुर ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जयपुर का ज़िला सम्मेलन स्वामी कुमारानन्द भवन, जयपुर में कॉम.विनोद राय, संजीव कुमार एवं जौहरी लाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में कॉमरेड रमेश शर्मा और नईमुद्दीन अकील को सचिव चुना गया। सम्मेलन में पार्टी का झंडारोहण का.प्रेमजी और सुनीता चतुर्वेदी ने किया और पार्टी के संघर्ष और गौरवशाली इतिहास को बताया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए पार्टी के राज्य सचिव कॉम.नरेन्द्र आचार्य ने केन्द्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लामबन्द होने के लिए कहा। आचार्य ने कहा कि वर्तमान में संविधान, लोकतंत्र और देश की एकता के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ हैं जिनको लेकर इंडिया गठबंधन संघर्ष कर रहा है। आचार्य ने पार्टी के स्थापना के 100 साल पूरे होने पर उसके गौरवशाली इतिहास को बताते हुए संगठनात्मक स्वरूप को सुदृढ़ करते हुए पार्टी के राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ाने के लिए कहा। पार्टी का राज्य सम्मेलन 15-16 सितंबर को उदयपुर में होने जा रहा है और राष्ट्रीय महा अधिवेशन 21 से 25 सितम्बर को चण्डीगढ़ में होगा। सम्मेलन का संचालन करते हुए कुणाल रावत ने गत तीन वर्षों की गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। सम्मेलन को कॉमरेड सुनीता चतुर्वेदी.कॉम. रमेश शर्मा,मीनाक्षी बिन्दौरिया आदि ने संबोधित किया। सम्मेलन में कई प्रस्ताव पारित किए गए जिनमें श्रम क़ानूनों में बदलाव का विरोध, महंगाई, बेरोज़गारी, एम.एस.पी. क़ानून बनाने, निजीकरण, शिक्षा के साम्प्रदायिकता के खिलाफ आदि प्रमुख है। सम्मेलन में भाकपा के पूर्व महासचिव सांसद कॉमरेड सुधाकर रेड्डी, किसान सभा के पूर्व महासचिव का .अतुल कुमार अंजान, कामरेड अच्युतानंदन, माकपा के पूर्व राज्य सचिव सीताराम येचुरी, भाकपा के राज्य सचिव रहे रतिराम यादव को श्रद्धांजलि दी गई। सम्मेलन में 43 सदस्यीय कॉन्सिल का चयन हुआ।

### सोडाला से तेजाजी ध्वज यात्रा रवाना



**जयपुर ।** राजधानी जयपुर के मुख्य सोडाला स्थित पुराने तेजाजी मंदिर से रविवार को धार्मिक ध्वज यात्रा गांजे-बांजे के साथ सुरसुरा (किशनगढ़, अजमेर) के लिए रवाना हुई। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और लोक देवता वीर तेजाजी की निर्वाण स्थली सुरसुरा पहुंचकर ध्वज स्थापित किया गया। मंदिर पुजारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि आगामी 2 सितम्बर 2025 को मंदिर परिसर में 125वां तेजाजी जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। उसी क्रम में रविवार को ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। ध्वज यात्रा से पूर्व संत-महंतों और पुजारियों की उपस्थिति में विधिवत ध्वज पूजा की गई। इसके बाद यात्रा बस द्वारा रवाना हुई, जिसका जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। ध्वज यात्रा सुरसुरा तेजाजी थान पहुंची, जहां ध्वज स्थापना कर देश-प्रदेश की खुशहाली और जीव-जंतुओं की रक्षा की कामना की गई। इसके उपरांत सैकड़ों श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। गौरतलब है कि सुरसुरा वह पवित्र स्थल है, जहां वीर तेजाजी ने गायों की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए थे और साँप के काटने से उनका बलिदान हुआ था। यह स्थल आज भी तेजाजी भक्तों के लिए प्रमुख तीर्थ है, जहां भाद्रपद मास की तेजा दशमी पर विशाल मेला आयोजित होता है।

### जैन बैंकर्स फोरम ने किया वृक्षारोपण



**जयपुर ।** अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर व अखिल भारतीय पुलक जन चेतना मंच, मानसरोवर, जयपुर संभाग के संयुक्त तत्वाधान मे पारस विहार स्थित श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर व आसपास स्थित नव निर्मित कॉलोनी में ऑक्सीजन युक्त, फलदार, औषधि वाले आदि सभी उपयोगी 6- 7 फीट ऊंचाई वाले पौधे लगाए। इस दौरान रिमझिम बरसात जारी रही। प्रतिकूल मौसम के बावजूद सदस्यों का उत्साह देखने लायक था। यह जैन बैंकर्स का इस वर्षाकाल का तृतीय कार्यक्रम था। आगामी दो कार्यक्रम रघुविहार एवं बिजैलाल पांड्या की नसियां में प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम के लिए जैन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पवन गोदिका एवं टीम का पूर्ण सहयोग रहा एवं गोदिका को समाज के प्रति समर्पण भावना के लिए उन्हें सम्मान पत्र भेट किया गया। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम से मुख्य समन्वयक सुनील काला सचिव, तेजकरण चौधरी, हेमराज बिलाला, राजीव पांड्या, दिनेश चांदवाड़ एवं पुलक मंच परिवार मानसरोवर से अजय जैन, विजय कुमार जैन, महिला मंच से सुमन जैन, रेणु जैन के अलावा अन्य संस्थाओ के सदस्यों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संयोजन एसबीआई के अशोक कुमार जैन खेरली व अशोक कुमार मित्तल ने सुगमतापूर्वक किया।

### आई.डी.ए. केंद्रीय परिषद् की बैठक



**जयपुर ।** लखनऊ में 24 अगस्त को इंडियन डेंटल एसोसिएशन की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इसमें आईडीए एच.ओ. के होनरेरी सेक्रेटरी जनरल डॉ. अशोक धोबले ने देश भर से आए सेंट्रल काउंसिल मेंबर्स को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि आईडीए, दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नवाचार कर रही है। देश में स्पोर्ट्स डेंटिस्ट्री सेंटर व नए रिसर्च के लिए इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे है। साथ ही कैंसर अर्ली डिटेक्शन सेंटर्स स्थापित किए जाएँगे। इस अवसर पर आईडीए राजस्थान के अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन ने राजस्थान में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। आईडीए राजस्थान के सचिव डॉ. जे.एस. वालिया ने बताया कि धौलपुर में एक नई ब्रांच स्थापित की गई है । सेंट्रल कौंसिल मेम्बर डॉ हरीश भारद्वाज ने बताया कि राजस्थान के सभी ब्रांचेज में सीडीई व सीडीएच कार्य निरंतर जारी है । कार्यक्रम के प्रारंभ में आईडीए उत्तरप्रदेश के अध्यक्ष डॉ टी.पी.चतुर्वेदी व सचिव डॉ सचिन प्रकाश ने सब का स्वागत किया ।

### किशनबाग और स्वर्ण जयंती 26 तक बंद

**जयपुर (कासं)।** जयपुर में निरंतर हो रही बारिश के कारण जेडीए के किशनबाग एवं स्वर्ण जयंती पार्क में जलभराव हो गया है। जेडीए द्वारा इस जलभराव को देखते हुए, पर्यटकों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, किशनबाग एवं स्वर्ण जयंती पार्क को 24 से 26 अगस्त तक बंद रखे जाएंगे।

# 4 आई.पी.एस. का तबादला, छह ट्रेनी अफसरों को पोस्टिंग

**जयपुर ।** राज्य सरकार ने रविवार भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के चार अधिकारियों के तबादले किए हैं। वहीं छह ट्रेनी आईपीएस को भी पोस्टिंग दी है। दो आईपीएस को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में लगाया गया है।

जारी आदेश के अनुसार जोधपुर कमिश्नरेट में तैनात एसीपी हेमंत कलाल को जयपुर कमिश्नरेट में एडिशनल डीसीपी (पूर्व) और आईपीएस उषा यादव को एएसपी पाली को जयपुर कमिश्नरेट में एसीपी (चौमूं) के पद पर लगाया गया है। जालोर के सांचौर में तैनात आईपीएस अधिकारी कांबले शरण गोपीनाथ को अलवर शहर में एडिशनल एसपी के पद पर लगाया गया है। सीकर के नीमकाथाना में तैनात आईपीएस अधिकारी रोशन मीणा को जोधपुर कमिश्नरेट में एडिशनल डीसीपी (पश्चिम) लगाया गया है। इसके अलावा छह ट्रेनी आईपीएस

प्रतीक सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त जोधपुर पूर्व पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर,माधव उपाध्याय सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त भीलवाडा सदर जिला भीलवाडा,जतिन जैन सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त नागौर जिला नागौर, अजय सिंह राठौर सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त किशनगढ़ जिला अजमेर,आशिमा सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त मावली जिला उदयपुर और पाटील अभिजीत तुलसीराम सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त राजगढ जिला चूरू को पोस्टिंग दी गई है।

# 40 लाख के जेवर चुराने वाला पकड़ा

**जयपुर।** मालपुरा गेट पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चालीस लाख रुपये के जेवरात की नकबजनी करने वाले चार बदमाशों को धर-दबोचा है,जिसमें एक बाल अपचारी होना बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चुराए गए सभी जेवरात बरामद भी कर लिया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चालीस लाख रुपये के जेवरात की नकबजनी करने वाले 19 वर्षीय मोनिका सारस्वत, 40 वर्षीय बलदेव सोगानी और 37 वर्षीय आसी सारस्वत उर्फ आशा को गिरफ्तार किया है और साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। सभी सांगानेर इलाके के रहने वाले है। जिनके पास से गत दिनों पहले एक मकान से चुराए गए चालीस लाख रुपये के जेवरात बरामद किए गए है।

# पत्नी की हत्या कर भागा पति!

**जयपुर।** रामनगरिया थाना इलाके में पत्नी की हत्या कर पति के भागने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया कि कमरे में बेड पर महिला की लाश पड़ी मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के मामा की ओर से हत्या का मामला दर्ज कर हत्यारे पति की तलाश शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मथुरा निवासी पूजा जाटव (27) की हत्या हुई है। जिसके माता-पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है। उसके बाद वह अपने मामा लाला राम के साथ रह रही थी। साल-2017 में उसकी शादी अमित कुमार से हुई थी। पति अमित के साथ दिल्ली में रहने के दौरान झगड़े होने लगे। पति अमित के पास अपने बेटे को छोड़कर वह जयपुर आकर रहने लगी। करीब पिछले 3 साल से रामनगरिया इलाके में अलग-अलग जगह पर पूजा किराए से रह रही थी। वह मजदूरी कर अपना जीवन यापन करती थी। उसका पति अमित कभी-कभार उससे मिलने जयपुर आया करता था। तीन महीने पहले अपनी मर्जी से उत्तर प्रदेश के अमरोहा निवासी करनपाल से शादी कर ली। दूसरी शादी करने के बाद वह पति करनपाल के साथ रह रह रही थी। करनपाल व पूजा ने महज तीन दिन पहले ही रामनगरिया के अतिस्या विहार में किराए पर कमरा लिया था। 19 अगस्त से ही दंपती किराए पर लिए कमरे में आकर रहने लगे थे। 22 अगस्त को सुबह पूजा ने खाना बनाया था। पडौसियों ने सुबह तक दोनों को हंसी-खुशी साथ में देखा था। दोपहर बाद थैला लेकर कमरे से निकल करनपाल को भागते हुए जाते देखा गया। पडौसियों ने करनपाल के भागते हुए जाने के बारे में मकान मालिक को बताया। शक पर मकान मालिक के जाकर देखने पर कमरे का खुला हुआ था। चारपाई पर मृतावस्था में पूजा पड़ी हुई थी। कमरे में लाश पड़े होने का पता चलने पर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी भिजवाया। पूजा की मौत को लेकर जांच की जा रही है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। चारपाई पर पूजा को मृतावस्था में छोड़कर भागने के कारण अभी तक पति करनपाल पर हत्या का शक है। मृतका के मामा लालाराम ने पति करनपाल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया।

# 'लोहामंडी के नजदीक माचेड़ा में 550 बीघा पर बनेगा विशाल आतिश मार्केट'

## इस योजना का शिलान्यास करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी बोलीं "350 बिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर बढ़ रहा है राजस्थान"

**जयपुर ।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हरमाडा के नजदीक वार्ड 2 स्थित माचेडा आतिश मार्केट (लोहामंडी) का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि विकसित राजस्थान की परिकल्पना में व्यापारियों और उद्योग जगत की अहम भूमिका है।

दिया कुमारी ने बताया कि माचेड़ा में लगभग 550 बीघा भूमि पर यह विशाल मार्केट विकसित होने जा रहा है, जो अपने आप में एक बहुत बड़ा कार्य है। प्रदेश 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, जिसमें औद्योगिक विकास और रोजगार का बड़ा योगदान रहेगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में यह आतिश मार्केट हार्डवेयर, सैनिटरी और इलेक्ट्रिकल उद्योग को बढ़ावा देगा। एक ही स्थान पर सस्ती दरों पर विविध प्रोडक्ट उपलब्ध होंगे, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।



**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हरमाडा के नजदीक वार्ड 2 स्थित माचेडा आतिश मार्केट ( लोहामंडी ) का शिलान्यास किया।**


**■ आने वाले समय में यह आतिश मार्केट हार्डवेयर, सैनिटरी और इलेक्ट्रिकल उद्योग को बढ़ावा देगा : उपमुख्यमंत्री**

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को ऋण व अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। राज्य की डबल इंजन सरकार भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में औद्योगिक पार्कों का विकास, एक जिला-एक उत्पाद नीति, एमएसएमई पॉलिसी 2024, युवा उद्यिमता योजना सहित कई नीतियों के माध्यम से निवेश और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल, बिजली संघ अध्यक्ष मनीष गुलाटी, अनुराग शारदा, मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा, पार्षद केसरमल शर्मा व हरिशंकर बोहरा, भवानी शर्मा, कौशल शर्मा, मंडल अध्यक्ष, संगठन के पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चीन से आयात अब चिंता का विषय : गिरिराज खंडेलवाल

**जयपुर ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव गिरिराज खंडेलवाल ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास के लिए चीन से आयातित इलेक्ट्रॉनिक सामान, फार्मास्यूटिकल्स, सोलर एनर्जी इक्विपमेंट्स और स्पेयर पार्ट्स पर भारी निर्भरता अब चिंता का विषय बन गई है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार भारत का बड़ा हिस्सा इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चीन पर आश्रित है, जिसका सीधा असर राजस्थान के व्यापार और उद्योग पर भी पड़ रहा है।

गिरिराज खंडेलवाल ने कहा कि राजस्थान के व्यापारी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फार्मा सेक्टर की दवाओं के कच्चे माल, सोलर पैनल्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर के स्पेयर पार्ट्स बड़े पैमाने पर चीन से आयात करते हैं। यदि भारत-चीन संबंधों में तनाव बढ़ता है तो इन वस्तुओं की सप्लाई चेन प्रभावित होगी साथ ही आयात महंगा होने से लागत बढ़ेगी और इसका सीधा बोझ व्यापारियों के साथ उपभोक्ताओं पर भी पडेगा। उन्होंने कहा कि छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए यह सबसे बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि वैकल्पिक स्त्रोत न होने पर उन्हें उत्पादन रोकने तक की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।



खंडेलवाल ने कहा कि दवाओं और हैल्थ सेक्टर से जुड़े कच्चे माल की कमी से जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार को अब दीर्घकालिक रणनीति के तहत वैकल्पिक आयात स्त्रोत विकसित करने, स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहन देने और राजस्थान के उद्योगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष नीति लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह समय है जब राजस्थान के व्यापारी और उद्योगपति मिलकर स्थानीय उत्पादन और वैकल्पिक अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों पर ध्यान दें ताकि भविष्य में किसी भी आपूर्ति संकट से बचा जा सके।

# पद्मश्री डॉ. खादर वली ने स्वास्थ्य और जीवनशैली सुधार के लिए मिलेट-आधारित आहार अपनाने का आव्हान किया

## उन्होंने कहा "जब भोजन सही होता है, तब दवाइयों की ज़रूरत नहीं पड़ती; परंतु जब भोजन गलत होता है, तब दवाइयां भी काम नहीं करतीं : डॉ. खादर वली

**जयपुर (कासं)।** भारत के मिलेट मैन और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. खादर वली ने रविवार को एक इंटरएक्टिव सत्र का नेतृत्व किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आहार में छोटे-छोटे बदलाव, विशेषकर मिलेट्स (श्रीअन्न) को शामिल करना, स्वास्थ्य और जीवनशैली में अद्भुत सुधार ला सकता है। कार्यक्रम का समापन ऑल-मिलेट लंच से हुआ, जिसमें पारंपरिक अनाजों की पौष्टिकता और औषधीय शक्ति को प्रदर्शित किया गया।

'हैल्थ, ट्रडिशन एंड माइंडफुल लिविंग' विषय पर आयोजित इस सत्र में जयपुर शहर के करीब 200 प्रमुख हस्तियों जैसे-ज्वैलर्स, उद्योगपति और नौकरशाहों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर शैलेन्द्र संचेती, ज्योति,



पद्मश्री डॉ. खादर वली

सम्प्रति, आरुषि, शुभिता, यश, शुचिता तथा लीला मुंबई से अमृदा नायर सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में वासंसी जयपुर के संस्थापक एवं निदेशक शैलेन्द्र संचेती ने कहा कि "रसोई हमारा पवित्र स्थान है, ऐसी जगह है जिसका हमें आदर करना चाहिए। यहीं से सब कुछ शुरू होता है, क्योंकि शरीर को वास्तविक शक्ति उसी से मिलती है जो हम खाते हैं। इस स्थान को सम्मान देकर और समझदारी से भोजन ग्रहण करके हम रक्त संचार को बेहतर बनाते हैं, प्राकृतिक प्रतिरक्षा को मजबूत करते हैं और स्थायी स्वास्थ्य का निर्माण करते हैं। शुचिता संचेती ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि सही भोजन करना केवल एक आदत नहीं, बल्कि हर दिन बेहतर जीवन जीने का तरीका है।

सत्र को संबोधित करते हुए, डॉ. खादर वली ने कहा कि मिलेट्स मस्तिष्क और आंतों के स्वास्थ्य को पुनर्जीवित करने में मदद करते हैं। असली स्वास्थ्य फाइबर से नियंत्रित होता है और मिलेट्स इसमें समृद्ध है।

आधुनिक आहार पद्धित की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि चीनी आखिरी चीज़ है जिसे हमें अपने मुंह में डालना चाहिए। चावल, गेहूँ और चीनी आधारित भोजन आज नशे की तरह हो गए हैं शराब और तंबाकू की तरह। हमें मिलेट्स को फिर से अपनी रसोई का हिस्सा बनाना होगा।

डॉ. खादर वली ने औषधि और फार्मा सेक्टर पर बढ़ती निर्भरता को लेकर भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि भारत हर साल मेडिकल-फार्मा सेक्टर पर अरबों डॉलर खर्च कर रहा है, फिर भी लोग स्वस्थ जीवन नहीं जी पा रहे। अगर आप जीवनभर डॉक्टरों से दूर रहना चाहते हैं तो उसका रास्ता मिलेट्स है। उन्होंने भोजन और पीढ़ियों के स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध की ओर इशारा किया:बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण हर जगह प्रजनन केंद्र खुल रहे हैं। समाधान यही है कि हम अपनी जड़ों की ओर लौटें, पारंपरिक अनाज खाएँ और स्वस्थ जीवन अपनाएँ।

डॉ. खादर वली ने जोर देकर कहा कि आज भारत की केवल 3.2 प्रतिशत आबादी ही मिलेट्स का सेवन करती है, और इसे बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि प्रमुख मिलेट्स पोषण देते हैं, जबकि लघु मिलेट्स फाइबर से भरपूर होते हैं, जो शरीर को स्वाभाविक रूप से डिटॉक्स करने में मदद करते हैं। आपको डिटॉक्स सेंटर जाने की ज़रूरत नहीं है। अगर आप हर दो दिन में अलग-अलग प्रकार के मिलेट्स का सेवन करेंगे, तो आपका भोजन ही यह काम कर देगा।

ARBiT it happens here...



## Honouring Freedom on Liberation Day


Celebrated on August 25, Liberation Day marks the historic moment in 1944 when Paris was freed from Nazi occupation during World War II. After four years under German control, the city was liberated by French Resistance fighters alongside the Free French Forces and Allied troops. The day symbolizes the triumph of freedom, resilience, and national pride. Commemorations include military parades, memorial services, and historical reenactments across the city, particularly at the Hôtel de Ville and Place de la Bastille. Liberation Day not only honours the heroes of the past but also reminds future generations of the enduring value of liberty.


राष्ट्रदूत
MONDAY
25 August 2025
A-B

#SULBHA SUTRA

# Squares and Sutras

How to convert Two Squares into One Sanskrit Sutra: Bridging Geometry with Ancient Wisdom




At first glance, the idea of converting two squares into one Sanskrit sutra might sound puzzling. But if we think symbolically and mathematically, this concept beautifully merges the world of geometry with the profound tradition of Sanskrit sutras, concise, powerful phrases that encapsulate deep knowledge. Let's break down what this means and how you can understand the process.

### Understanding the Elements: Squares and Sutras

- **Squares:** In geometry, a square is a four-sided figure with equal sides and right angles. Two squares might represent two separate units or concepts.
- **Sanskrit Sutra:** A sutra is a succinct phrase or aphorism in Sanskrit literature, designed to teach or summarize complex ideas efficiently. Sutras often use minimal words with maximum meaning.

The challenge is to see how two discrete units (two squares) can be combined into one unified expression (one sutra).

### Step 1: Visualize the Two Squares as Concepts

Imagine each square representing a separate piece of knowledge or idea. Just as sutras distill complex teachings into a simple statement, combining two squares is like merging two concepts into a unified truth.

### Step 2: Use Geometric or Mathematical Relations

In traditional Indian mathematics, especially in the context of the Shulba Sutras (ancient texts related to geometry and altar construction), there's a principle of combining squares related to the Pythagorean theorem. The Shulba Sutras provide geometric rules for combining squares on the sides of right-angled triangles.

### For example:

If you have two squares of side lengths a and b, their areas are $a^2$ and $b^2$. Combining these can relate to the square on the hypotenuse c of a right triangle, where $c^2 = a^2 + b^2$. This mathematical truth can be expressed as a sutra, a concise, authoritative statement.

### Step 3: Crafting the Sanskrit Sutra

The Shulba Sutras include verses that succinctly state these geometric relationships. For example, one sutra might say something akin to:

"The diagonal of a rectangle produces the square which the two sides make separately."


This is a brief but profound statement that encapsulates the combination of two squares (areas) into one (the square on the diagonal).

### Step 4: Symbolic Interpretation

Beyond mathematics, combining two squares into one sutra can symbolize unity, merging separate ideas, energies, or principles into a harmonious whole. The sutra becomes a bridge, compressing complex knowledge into a form easy to memorize and transmit.

### Why Does This Matter?

This process highlights how ancient Indian scholars used compact phrases to preserve deep knowledge, including geometry, long before the modern mathematical notation we use today. It's a testament to the power of language and symbols working together. So, converting two squares into one Sanskrit sutra isn't just about geometry, it's about translating multi-dimensional ideas into elegant, memorable wisdom.




# Jewish Food Is Making a Comeback in Poland

Between 1881 and 1914, more than two million Jews immigrated from Eastern Europe to the United States. A large majority, about 1.6 million, came from the Russian Empire (which included parts of Poland at the time). Their exodus was driven by social, economic and technological change combined with antisemitic persecution in their countries of origins. Most Jewish immigrants settled in cities such as New York, Philadelphia and Baltimore, but Cincinnati, St. Louis, New Orleans and San Francisco, as well as many smaller cities, were also popular destinations.



#CULTURE

● Olga Mecking

Late morning in Warsaw, and we pick a place, nothing special, to have breakfast. "Look," I say to my husband and children, quickly scanning the menu, making my way through various preparations of egg. "They have bagels."

### The Mysterious Death of Edgar Allan Poe May Never Be Solved

I'm surprised to find them here, in the city where I'm from, but then I remember that a Jewish friend of mine has recently opened a bagel place in The Hague, my adopted hometown. So maybe, it's no wonder that bagels made it to Poland as well?

Jewish food, and especially Ashkenazic Jewish food, is slowly but steadily returning to the country, where many of the dishes actually originated. The comeback is driven by a growing interest from Polish people in finally facing their country's past.

This is certainly the case with the bagel, with bakeries all over Poland serving them. But other foods are reappearing as well, such as the knish, or knysz in Polish, a bun filled with kasha, potatoes or cheese. Journalist Laura Silver, author of *Knish: In Search of the Jewish Soul Food*, traced the savory pastry's origin back to the Polish town of Knyszyn in the early 1900s. In 2022, the Polish government inscribed it to its list of traditional products, which aims to collect and protect traditional dishes and recipes. Another Ashkenazic Jewish food, the bialy (short for bialystoker kuchen, after the Polish city of Bialystok), a chewy yeast roll often topped with onions before baking, had been added to that same list two years prior.

### Did you know? How the bagel came to America?

Hersz Lender, a Jewish baker from Lublin, Poland, is credited with bringing the bagel to New York.

In Poland, bagels were originally eaten plain. But, in New York, they became a morning staple served with cream cheese and lox.

### How Jewish foods migrated to the United States and took on new forms

Jewish communities in Poland originated foods like the bagel, knish and bialy. When they fled from pogroms during the late 19th century, they brought their recipes with them, says Maria Zalewska, executive director of the Auschwitz-Birkenau Memorial Foundation and co-editor of the book *Honey Cake & Latkes*, a compilation of recipes written down by survivors of the Auschwitz concentration camp. "These foods were part of Poland's Jewish street-food culture, and they quickly gained popularity in the U.S., particularly in Jewish neighbourhoods," she says.



Between 1881 and 1914, more than two million Jews immigrated from Eastern Europe to the United States. A large majority, about 1.6 million, came from the Russian Empire (which included parts of Poland at the time). Their exodus was driven by social, economic and technological change combined with antisemitic persecution in their countries of origins. Most Jewish immigrants settled in cities such as New York, Philadelphia and Baltimore, but Cincinnati, St. Louis, New Orleans and San Francisco, as well as many smaller cities, were also popular destinations.



The POLIN Museum of the History of Polish Jews is located in Warsaw.

"You can follow the history of the Jewish community through food and understand why these foods have disappeared in Poland but survived in New York," says Magdalena Maslak, culinary program curator at Warsaw's POLIN Museum of the History of Polish Jews.

In the U.S., Polish and Ashkenazic Jewish cuisines are so intimately intertwined that it can be hard to distinguish the two. Foods that Eastern Europeans would immediately recognize, such as herring, sour cream, borscht or rye bread, are often considered Jewish in the U.S. Dill pickles have long been considered a Jewish food in America because Jewish immigrants brought pickles to this country and popularized them at Jewish delis. "But they're not necessarily Jewish, and that tells you something. That's the story of food," says Liz Alpern, a chef and co-founder of the Gefilteria, a New York-based venture that offers Ashkenazic food with a modern twist.

With time, foods such as the pastrami sandwich or the bagel became staples of an evolving Jewish American food culture, different from those of their parents and grandparents, that gave rise to new traditions.

"Jews were in Eastern Europe for hundreds of years, and they certainly were not eating meat every day. They were lucky if they were eating meat on Shabbath," Alpern says. "Suddenly, you come to the United States and you can eat a pastrami sandwich every day, and a pastrami sandwich that didn't even exist in Eastern Europe."

Likewise, it was Hersz Lender, a Jewish baker from Lublin, Poland, who was credited with bringing the bagel to New York, and turning it into the morning staple known today. But in Europe, including Poland, the bagel is not coming back in its original version, served and eaten plain, but in its New York rendition, it is with toppings like cream cheese and lox.

"In America, bagels are what we call a mainstream food, one of the few Jewish foods that have sort of broken the barrier of Jewishness," says Alpern. "They are very closely associated with New York City, so it would make total sense that in Poland, you would see bagels as an American thing."

Jewish American foods are mixed with other cuisines and influences, and the bagel is no exception. "The lox itself is Scandinavian. The cream cheese is from New York. The capers on it are Italian. But it's putting it all together that made it Jewish," says Jeffrey Yoskowitz, a New York City-based food writer and co-founder of the Gefilteria.

### Antisemitism in Poland and its effects on food culture

Poland's history of antisemitism has long affected attitudes surrounding Jewish culture and cuisine. "Poland has a centuries-old, deeply rooted Jewish history, and a lot of trauma surrounding that history and a lot of silence and gaps in that history," says Alpern.

As Jewish culture was thriving in the United States, it was being eradicated in Poland with the murder of three million Polish Jews during the Holocaust. Those who survived the Nazi genocide and attempted to return home were met with antisemitism and disrespect. After World War II ended, the Soviet-backed communist government was actively repressing any information related to the Holocaust, not to mention the pogroms that took place almost immediately after the war.

Between 1968 and 1972, many Jewish people lost their jobs in the Polish government, and as many as 13,000 Polish Jews left the country. According to Poland's 2021 census, only 15,700 Poles today identify as Jewish, and some of the antisemitic prejudices remain until this day.



Classic Homemade Bialys.

A 2023 study conducted by the Anti-Defamation League found that one-third of Poles harbored anti-Jewish beliefs, agreeing with a majority of 11 statements associated with antisemitic views, including "Jews are more loyal to Israel than their own country," "Jews have too much power in international financial markets," and "Jews have too much control over global affairs or media." The percentage had decreased since the previous poll, which was conducted in 2019, but, among the 103 countries studied, Poland still has the lowest number of people reporting that they interact with Jews often. While the situation has begun to improve since the fall of communism, recent political action such as the 2018 Holocaust law, which threatened to punish anyone who discussed Poland's role in the Nazi genocide, has made progress difficult.



"There have been many post-1989 efforts to focus on propagating Polish education about Polish Jewish history," says Zalewska. This includes the official registration of the longstanding Union of Jewish Religious Communities in Poland, a religious association of Jews, in 1993, as well as establishing academic studies of Judaism at both Warsaw University (1990) and Jagiellonian University in Krakow (1986). Poland has been experiencing an increased interest in creating movies, TV series, documentaries and books about Jewish figures, as well as complex narratives of Jewish life and death. Among many others, the Jewish Culture Festival in Krakow has been one of the city's major events since 1988. It takes place in Kazimierz (Kuzmir in Yiddish), the district where the Jewish ghetto used to be, in late June, and it features Jewish artists and klezmer concerts, as well as lectures and workshops, many of which are food-related. This year's festival included events that highlight traditional Ashkenazic dishes served in many Jewish restaurants in Poland, such as gesi pipek (stuffed goose necks), tzimmes (a stew of root vegetables and dried fruit) and forshmak (Jewish herring).

Since 2018, the POLIN Museum of the History of Polish Jews has been organizing Tisz, the Polish spelling of 'tish,' a Yiddish word signifying a table, a Warsaw festival fully devoted to highlighting the importance of Jewish food to Poland's own culinary traditions, complete with lectures and cooking demonstrations. Alpern and Yoskowitz helped create the first installment of the festival.

For the duration of the mid-October festival, some milk bars (restaurants serving simple but filling and delicious homemade dishes) change their menu items from Polish names to Yiddish ones. And so, nalesniki become blintzes, golabki become holishkes, and placki ziemniaczane become latkes. "You can order the dishes in Polish or Yiddish," says Maslak. "You only have to change the name, because it's the same dish."

In his new TV documentary series on the history of Polish cooking ('Historia Kuchni Polskiej,' or 'The History of Polish Cuisine'), the food historian Jaroslaw Dumanowski devoted one episode to Jewish food in Poland, taking the audience to historic centers of Jewish culture, Warsaw, Krakow and Lublin, but also New York, Paris and the Ukrainian city of Lviv, interviewing experts on Jewish food traditions. "The origins of these dishes are the same," he says in the episode, while trying stuffed goose neck prepared by Polish chef Maciej Nowicki.

New Polish cooking, as popularized by chefs such as Marcin Przybysz and bloggers like Michal Korkosz, uses traditional recipes as inspiration, while giving them a modern, global twist. A chef may use twarog (farmer's cheese) instead of cream cheese in a Basque cheesecake, for example, or combine zurek (a traditional Polish soup made with fermented rye flour) with Japanese ramen to create the so-called zuramen.

Yoskowitz finds that Jewish chefs in Poland and the U.S. are exploring the origins and sustainability of food as well as adapting traditional recipes for the new era.

"We're asking the same questions, just a little bit differently," he says, feeling some solidarity with Polish chefs. "These are my people. We don't even realize how we're so deeply connected to each other. Those points of connection feel really important right now."

Despite facing antisemitism, Jewish Poles still hold reason for hope of greater understanding, especially as trauma resurfaces more and more often as a topic of discussions in Polish consciousness. This is especially visible in the 2024 book *Traumaland: Polish People in the Shadow of the Past,* written by the psychologist Michal Bilewicz. "Without acknowledging historical trauma, we won't be able to understand modern-day Poland or how Polish people react to failures and successes, how they manage crises and conflicts," Bilewicz writes. For Alpern, it is this new generation of Poles and Jews who will change the narrative and work on breaking the cycle of trauma. Bringing Jewish foods back to Poland is an important part of that. "To me, that's what healing looks like," she says.

rajeshsharma1049@gmail.com



The Jewish culture festival in Krakow has been one of the city's main attraction since 1988.



Jewish communities in Poland originated foods like the bialy, the knish and the bagel.

#REVOLUTION

# Silent Green Roads

## India's Roads go Green with Crumb Rubber Modified Bitumen (CRMB)

India is making significant progress in sustainable infrastructure by adopting crumb rubber modified bitumen (CRMB) technology for road construction. This innovative method uses recycled rubber from discarded tyres, offering a durable, eco-friendly alternative to traditional asphalt. With trial projects underway in states like Kerala, Tamil Nadu, and Maharashtra, CRMB roads promise to transform India's urban and rural landscapes, delivering stronger roads, reducing waste, and enhancing environmental health.



### What is CRMB?

Crumb rubber modified bitumen is a type of asphalt binder mixed with finely ground rubber particles, usually sourced from end-of-life tyres. These rubber particles improve the flexibility, strength, and durability of the bitumen, resulting in roads that can withstand higher stresses and extreme weather conditions.

Traditional asphalt roads often suffer from cracks, potholes, and premature wear, especially under heavy traffic or high temperatures. CRMB roads, by contrast, are more resilient to deformation and aging, translating into longer-lasting surfaces with reduced maintenance costs.

### Environmental Impact: Tackling Tyre Waste

India generates millions of tonnes of waste tyres every year. Improper disposal of these tyres poses serious environmental hazards, including the risk of fires, toxic emissions, and landfill overcrowding. Recycling tyres into road construction materials addresses these issues head-on by diverting waste from landfills and incinerators. By incorporating crumb rubber into bitumen, India not only reduces the volume of tyre waste but also minimizes the need for virgin petroleum products used in traditional bitumen production. This contributes to conserving natural resources and cutting down greenhouse gas emissions related to road construction.

### Pilot Projects in Indian States

Several Indian states have taken the lead in testing CRMB roads. Kerala, Tamil Nadu, and Maharashtra have initiated pilot projects on selected stretches, evaluating performance under real-world conditions. Early observations indicate significant improvements in road quality, durability, and resilience. These trials also assess cost-effectiveness and adaptability to India's diverse climatic conditions, from coastal humidity to scorching interior heat. Positive outcomes could pave the way for widespread adoption across the country's vast and varied road network.

### Global Success and Additional Benefits

CRMB technology has been successfully employed in many countries worldwide, including the United States, Australia, and parts of Europe. One notable advantage of rubberized roads is their ability to reduce traffic noise pollution, a benefit especially valuable in urban areas facing noise-related health issues. By absorbing sound vibrations, rubber-modified roads contribute to quieter, more peaceful city environments. India's ongoing trials aim to replicate these benefits, enhancing the quality of life for millions of commuters.



### Economic and Social Advantages

Besides environmental and technical benefits, CRMB roads offer economic value by reducing the frequency and cost of road repairs and maintenance. Longer-lasting roads mean fewer disruptions for travelers and businesses, boosting productivity and safety.

Furthermore, the recycling process generates employment opportunities in tyre collection, processing, and road construction sectors, supporting local economies and sustainable livelihoods.




### A Green Path Forward

India's commitment to sustainable development is clearly reflected in its push towards green infrastructure like CRMB roads. As the nation faces growing urbanization and traffic volumes, adopting eco-friendly construction materials is critical for reducing environmental footprints and building resilient cities.

By integrating rubberized roads into mainstream infrastructure projects, India not only addresses waste management challenges but also aligns with global efforts to combat climate change and promote circular economies.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# हाड़ौती क्षेत्र में सैकड़ों परिवारों को बेबस और लाचार कर गई बाढ़ और बरसात

## बारिश रुकने के बाद ग्रामीण अपने घर संभालने पहुंचे तो मौके पर तबाही के निशान मिले

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती संभाग के कोटा, बूंदी व बारां में दो दिन से बाढ़ जैसे हालात हैं। अधिकांश ग्रामीण इलाके बाढ़ की जद में हैं। बारिश रूकने के बाद ग्रामीण अपने घर संभालने पहुंचे तो बाढ़ के निशान मिले। घरों में टूट-फूट के साथ अनाज व राशन भी खराब हो गया। राशन और दैनिक जरूरत और बच्चों की पढ़ाई की सामग्री पानी के साथ बह गई या भीगने से इस्तेमाल लायक नहीं बची। फसलों के लिए रखा बीज भी बारिश की भेंट चढ़ गया। जिले के कई गांवों में घरों में 9 से 10 फीट पानी घुस गया था। कुछ ग्रामीणों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए तो कच्चे घरों को खासा नुकसान पहुंचा है। बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए जिन्हें प्रशासन ने फिलहाल शरण दिलाई है। कोटा जिले में निमोद हरिजी, डूंगरजा, सुल्तानपुर और बूढ़ादीत में ज्यादा नुकसान हुआ है। बूंदी में कापरेन, कोडक्या बालाजी और नैनवां इलाके के कई गांवों में भी भारी नुकसान हुआ है।



हाडोती में बाढ़ के बाद अपने घर पहुंचे तो लोगों को घर, अनाज, सामान तबाह मिला। इस तबाही के निशान के बीच लोग दो वक्त का अनाज सहेजने में लगे रहे।

- राशन और दैनिक जरूरत और बच्चों की पढ़ाई की सामग्री पानी के साथ बह गई या भीगने से इस्तेमाल लायक नहीं बची
- फसलों के लिए रखा बीज भी बारिश की भेंट चढ़ गया, कुछ ग्रामीणों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए तो कच्चे घरों को खासा नुकसान पहुंचा है

बूंदी के गेंडोली इलाके के पूर्व सरपंच राजेंद्र राजपुरोहित ने कहा कि ग्रामीण घरों में साल भर का राशन रखते हैं। इसमें अनाज तो बाढ़ के पानी में भीगने से पूरा खराब हो गया। कई जगह अंकुरित भी हो गया। इसका उपयोग बीज में भी करना था। किसानों के सामने बीज की समस्या हो गई है। निमोदा हरिजी गांव के मोहन रेगर ने कहा कि गांव में ट्रैक्टर व खेती-बाड़ी के उपकरणों में पानी भर गया। ट्रैक्टर्स और अन्य मशीनरी का इंजन खराब हो गया। रिपेयर में हजारों रुपए लगाने पड़ेंगे। दुपहिया और चौपहिया वाहन भी पानी भरने से खराब हो गए। कुछ लोगों ने अपने वाहनों को समय से पहले निकाल लिया लेकिन अधिकांश ऐसा नहीं कर पाए। दूसरी तरफ खेतों में पानी भरने के चलते मक्का, सोयाबीन और उड़द की फसल को नुकसान हो रहा है। मवेशी भी बह गए हैं।

कांग्रेस नेता व कोटा दक्षिण के डिप्टी मेयर पवन मीणा ने आरोप लगाया कि निमोदा हरिजी समेत कई जगह तालाबों के पानी ने बाढ़ के हालात पैदा किए हैं। इन तालाबों पर सरकार ने मछली पालन का ठेका दिया था। तालाबों के ओवरफ्लो होने के बावजूद भी वेस्ट वियर नहीं खोले गए। इसके चलते तालाब टूट गए या इनका पानी गांव में घुस गया। निमोदा हरिजी में भी बाढ़ का यही कारण है। एकाएक तालाब का पानी घुसने से ग्रामीणों को करोड़ों का नुकसान हुआ है। मीणा ने सरकारी मदद नहीं मिलने का आरोप भी लगाया है। तालाब में मत्स्य पालन के दौरान वेस्ट वियर पर जाली लगा बंद करने के मामले में जल संसाधन विभाग सीएडी के एक्सईएन अरुण कुमार मीणा ने 15 दिन पहले जिला परिषद को पत्र लिखा था। इस पर जिला परिषद ने कोई ध्यान नहीं दिया। इसके चलते कई गांवों में बाढ़ आई। जाल के चलते वेस्ट वियर से ओवरफ्लो का पानी नहीं निकल पा रहा। इसमें कचरा फंस गया जिससे पानी नहीं निकल पा रहा था।

बाढ़ के बाद मौके पर पहुंचे जिला परिषद के सीईओ राजपाल सिंह ने कहा कि ग्रामीणों ने यह समस्या बताई है। इस मामले में ठेकेदार पर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने जल संसाधन विभाग के पत्र पर अनभिज्ञता जताई।

जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया ने कहा कि मछली ठेकेदार के जाली लगाने से बाढ़ की स्थिति बनी है। पूरे मामले की जांच कराएंगे। बूंदी जिले के झालीजी का बराना निवासी बनवारी लाल मीणा ने बताया कि गांव के खेतों में मक्का की वह सोयाबीन की फसल पूरी तरह खत्म हो चुकी है। उनके घर में रखा हुआ लहसुन का बीज पूरी तरह से बह गया है। अब अगली फसल के लिए ही उनके दिक्कत आ गई है। गांव की ही संतरा मीणा के घर में पानी भर चुका है। वहां तक पहुंचने की भी व्यवस्था नहीं है। मस्तराम मीणा व अन्य गांव वालों ने जैसे-तैसे उनको निकाल कर उनके खाने-पीने और रहने की व्यवस्था की है। गांव की बैरवा बस्ती में घर जलमग्न हो चुके हैं, जहां जाना भी फिलहाल मुनासिब नहीं है।

# माइंस में नहाने के दौरान बालिका सहित चार बच्चों की डूबने से मौत

## उदयपुर जिले के डबोक क्षेत्र में स्थित क्वारी माइंस में हुआ हादसा

- प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, परिजनों ने माइंस मालिक को बुलाने की मांग की
- सभी बच्चे बकरियां लेकर माइंस क्षेत्र में गए थे, जहां वे पानी में नहाने लगे और डूब गए

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के डबोक थाना क्षैत्र में स्थित क्वारी माइंस पर नहाने के दौरान एक बालिका सहित चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस एवं प्रशासिनक अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां आक्रोशित ग्रामीण माइंस मालिक को बुलाने की मांग पर अड़े हुए हैं।

जानकारी के अनुसार रविवार शाम को डबोक थाना क्षेत्र में स्थित क्वारी माइंस एरिया में नहाने के दौरान मंदेरिया निवासी शंकर (11) पुत्र रमेश गमेती भावेश (13)पुत्र पप्पु गमेती, राहुल (10) पुत्र गोपीलाल तथा लक्ष्मी (14) पुत्री वरदीचंद गमेती की मौत हो गई। सभी बच्चे बकरियां लेकर माइंस क्षेत्र में उन्हें चराने गए थे, जहां वे माइंस एरिया में पानी में नहाने लगे और इसी दौरान वे डूब गए। सूचना मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इधर, डबोक थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक राजेन्द्र सिंह जैन, एसडीएम वल्लभनगनर तथा तहसीलदार वल्लभनगर मौके पर पहुंचे, जहां डूबे बच्चों को बाहर निकाला गया। आक्रोशित ग्रामीण माइंस मालिक को घटना के लिए जिम्मेदार मानते हुए उन्हें मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े हुए हैं। देर शाम तक पुलिस एवं प्रशासन की टीम समझाइश के प्रयास में जुटी है।

# पोस्टमैन पर हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- बीच रास्ते में रोककर आरोपियों ने प्राणघातक हमला किया था

**उदयपुर,** (कासं)। झाड़ोल थाना पुलिस ने पोस्टमैन पर प्राणघातक हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित विरमाराम पुत्र चुनाजी गरासिया निवासी गेजवी ओगणा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 10 अगस्त को मैं दोपहर में गेजवी पोस्ट ऑफिस से उप डाकघर ओगणा डाक आदान प्रदान करने जा रहा था। बीच रास्ते बाबूलाल पुत्र रूपा निवासी गेजवी मिला।

जिन्हें मैं बाइक पर बैठा ओगणा लेकर आ रहा था, जहां मोतीलाल पुत्र भगा गरासिया निवासी गेजवी तथा सुरेश पुत्र भगा गरासिया निवासी गेजवी, मगनलाल पुत्र शिवनाथ गरासिया निवासी गेजवी, राजु पुत्र धन्नाजी गासिया निवासी गोडीमारी फलासिया खड़े मिले। उनकी कार के पास पहुंचते ही लठ्ठ से हमला किया। बचकर भागने पर पीछा करते हुए बदमाश मोतीलाल ने हमला कर दिया लेकिन बीच-बचाव कर हम भाग गए। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उपाधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर मगन पुत्र सवा गरासिया निवासी गेजवी तथा राजु पुत्र धन्ना गरासिया निवासी घाड़ीमारी फलासिया को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।



सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने पाली जिले के सुमेरपुर उपखंड के खिंवांदी गांव में विमान क्रैश में शहीद हुए फ्लाइट लेफ्टिनेंट ऋषिराज सिंह देवड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। इस दौरान बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह,, डेयरी अध्यक्ष प्रताप सिंह, सुनील भंडारी, नरेश ओझा सहित कई जने मौजूद रहे।

# अजमेर में श्वेत क्रांति सहकार सम्मेलन का आयोजन

**अजमेर,** (कासं)। शहर के तबीजी स्थित पशु आहार केंद्र के समीप गार्डन में रविवार को श्वेत क्रांति सहकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजमेर सरस डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने की। श्वेत क्रांति सहकार सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला, उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी दुगनी करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार आज किसानों को खून के आँसू रुला रही है। किसानों को खाद तक नहीं मिल पा रहा और जहाँ मिल रहा है, वहाँ नकली खाद दी जा रही है। यह गंभीर विषय है और पूरे राजस्थान में किसानों को परेशान किया जा रहा है।'

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने किसानों को 5 रूपए बोनस देना शुरू किया था, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे रोक दिया। दूध संबल योजना की राशि भी रोकी हुई है। 'बड़े उद्योगपतियों के लिए पैसे हैं, लेकिन गरीबों को पेंशन, किसानों को दूध का बोनस और बच्चों को स्कॉलरशिप देने तक के लिए पैसे नहीं हैं। मूसलाधार बारिश के बावजूद किसानों और पशुपालकों का जनसैलाब उमड़ा। हजारों की संख्या में किसान भीगते हुए भी सम्मेलन स्थल पर डटे रहे और सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया।

कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, किशनगढ़विधायक विकास चौधरी, पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ सहित अजमेर जिले के कांग्रेस नेताओं व प्रदेशभर के जिला दुग्ध संघ अध्यक्षों की मौजूदगी रही।

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत किया

**बीकानेर,** (निसं)। मीणा महासभा बीकानेर संभागीय बैठक एवं नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनोज कुमार मीणा का स्वागत व अभिनन्दन समारोह का आयोजन दफ्तरी पैलेस इंडस्ट्रियल एरिया रानी बाजार मे आयोजित किया गया। भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। तत्पश्चात महासभा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनोज कुमार मीणा को माला एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महासभा के संभागीय अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार मीणा ने बताया मीणा समाज का स्नेह मिलन समारोह आगामी सितंबर माह में आयोजित किया जाएगा समाज के सामुदायिक भवन एवं छात्रावास के लिए भूमि आवंटन की मांग प्रशासन से स्वीकृती प्रयास और तेज करने होंगे। महासभा जिला अध्यक्ष मनोज मीणा ने बताया कि मीणा समाज की प्रतिभा सम्मान व परीक्षार्थियों के लिए समय-समय पर उचित प्रबंधन किया जाएगा, समाज में व्याप्त मृत्यु भोज, दहेज जैसी कुरीतियों को खत्म करने के लिए समाज को जागरूक करेंगे। सभा समापन पर डॉ. रतिराम मीणा ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। समाज के डॉक्टर अशोक मीणा, मनोज मीणा, ओमप्रकाश मीणा, विनोद कुमार मीणा, महावीर, बसंत अनिल मीणा, हेमंत मीणा दिलीप मीणा, डॉक्टर रतिराम मीणा,सत्यवीर सिंह मीणा, प्रेम कुमार मीणा,आशु सिंह मनोज आदि उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में दो वर्ष से फरार हिरणमगरी का टॉप टेन अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने धोखाधड़ी के मामले में फरार वांछित अभियुक्त शूरवीर सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी मीरा पार्क भटियानी चोहट्टा घंटाघर को गिरफ्तार किया।

आरोपी थाने की टॉप टेन वांछित अभियुक्तों की सूची में था। शूरवीर पूर्व में भी धोखाधड़ी एवं नकली सोने के बिस्कुट बेचने के मामले में जेल काट चुका है।

# सोलर ऊर्जा की क्रांति किसानों के लिए नई ऊर्जा शक्ति : शेखावत

बीकानेर, (निसं)। सन से सोलर प्राइवेट लिमिटेड और मिलन सोलर जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में फेस्टन सोलर इनवर्टर प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई द्वारा सोलर इनवर्टर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेंद्र शेखावत ने कहा कि सोलर ऊर्जा की क्रांति कृषक समाज के लिए नई ऊर्जा शक्ति लेकर आई है, इससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

शेखावत ने बताया कि पूर्व में राजस्थान के कृषक वर्ग मुख्यत: गोपालन पर निर्भर थे, लेकिन आईजीएनपी आने के बाद खेती की तकनीक विकसित हुई। उन्होंने कहा कि कृषि तकनीक में राजस्थान अभी भी कुछ राज्यों से पीछे है, लेकिन सोलर इनवर्टर के आने से किसानों की आमदनी तेजी से बढ़ी है। सन से सोलर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अंकित जौहरी ने पीएम सूर्य नगर योजना और सरकार की सब्सिडी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, फेस्टन सोलर चेन्नई के सीईओ संपत कुमार ने कहा कि राजस्थान में सोलर की विपुल संभावनाएं हैं और यहां सोलर कंपनियों के लिए बड़ा बाजार तैयार हो रहा है। महेश यादव ने कहा कि बीकानेर क्षेत्र सोलर एनर्जी का हब बनता जा रहा है। इस अवसर पर हर्ष लखवानी, सत्येंद्र शुक्ला, देवेंद्र गोयल और तनवीर ने भी सोलर संबंधी प्रशिक्षण और अनुभव साझा किए।

# वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलने पर मेघवाल का स्वागत

- भाजपा देहात जिला पदाधिकारियों ने स्वागत किया

बीकानेर, (निसं)। वंदे भारत ट्रेन की सौगात के साथ रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण के कार्यों को मंजूरी मिलने के बाद केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का बीकानेर आगमन पर भाजपा देहात जिला पदाधिकारियों ने सर्किट हाउस में स्वागत किया।

जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के प्रयासों से, बीकानेर-दिल्ली वंदे भारत ट्रेन के संचालन को मंजूरी मिल गई है। उसके साथ लालगढ़-बीकानेर रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण को मंजूरी दिलवाकर जो ऐतिहासिक कार्य हुआ है वो बीकानेर के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। उसके लिए आज केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का सम्मान कर आभार जताया है। आज के सम्मान समारोह में भवानी पाईवाल, मुकेश शर्मा, महेंद्र ढाका, भंवर जांगिड़, राजाराम ओझा, विजयपाल कूकना, जैना महाराज, रामरतन सिहाग, अर्जुन कड़वासरा, गोपालदास सुरपुरा, देवीलाल मेघवाल, दौलत सारण ने स्वागत किया।



पाली जिले में पिछले दो दिनों से हर क्षेत्र में बारिश हो रही है। रविवार को सुबह से ही शहर में बादल छाए हुए थे, सुबह 10 बजे शुरू हुई बारिश तेज और रुक रुक दिन भर चली। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस बारिश से शहर की सड़कों पर पानी भर गया और वाहन चालक पानी में से गुजरते नजर आए। दिन भर मौसम सुहाना बना रहा। पाली का जवाई बांध 46 फीट तक पहुंच गया है। वही इस बारिश से कई बांध फिर से ओवरफ्लो हुए। मौसम विभाग के अनुसार अभी 2 दिन और बारिश का दौर चलेगा।

# मुस्लिम समाज की 300 से अधिक प्रतिभाओं का किया सम्मान

**अजमेर,** (कासं)। मुस्लिम वेलफेयर एंड एजुकेशन समिति, अजमेर के तत्वावधान में रविवार को जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डॉ. भीमराव आंबेडकर सभागार में प्रात: 11 बजे से एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज की प्रतिभाओं और शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 300 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही, शैक्षणिक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने युवाओं को शिक्षा और समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया।




अजमेर में आयोजित सम्मेलन में मुस्लिम समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

- शैक्षणिक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया

इमरोज खान अब्बासी ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच, परिवार और समर्थकों को देते हुए कहा कि यह सफर आसान नहीं था, लेकिन मेरे साथ मेरे देशवासियों की दुआएं थीं। मैं भविष्य में भी भारत का नाम रोशन करने के लिए कड़ी मेहनत जारी रखूंगी। शकील अब्बासी ने इस अवसर पर इमरोज की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि इमरोज ने न केवल खेल के क्षेत्र में भारत का नाम ऊंचा किया है, बल्कि युवाओं के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरी हैं। उनकी यह जीत हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। इमरोज ने विश्व पुलिस मुक्केबाजी में जीता स्वर्ण पदक जीता झाँसी की बेटी इमरोज खान ने विश्व पुलिस मुक्केबाजी गेम्स में स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचते हुए झांसी के खेलों की विश्व पटल पर स्वर्णिम जीत को आगे बढ़ाया है। इंग्लैंड के बबिंघम शहर में 27 जून से 6 जुलाई तक आयोजित विश्व पुलिस खेल के महिला बॉक्सिंग के अमेरिकी महिला बॉक्सर धराशाई कर यह कारनामा किया। इससे पहले उन्होंने सेमीफाइनल बाउट में ब्राजील की 15 बनाई थी। इमरोज वर्तमान में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामनिवास मेहता थे, जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नूर मोहम्मद खान ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथियों में रेलवे अस्पताल के डॉ. इमरान खान, रेवेन्यू बोर्ड के लेखाधिकारी आबिद अली, अंजुमन सैयदजादगान के सदर सैयद गुलाम किबरिया, अंजुमन शेखजादगान के सचिव शेखजादा इजहार चिश्ती, एसोसिएशन मुस्लिम प्रोफेशनल्स (एएमपी) के आमिर इदरीसी और अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज इमरोज खान अब्बासी उपस्थित थे।

# रामदेवरा में आज से 641वां भादवा मेला शुरू

**जैसलमेर/पोकरण/जोधपुर,** (नि.सं.)। रामदेवरा में आज सोमवार 25 अगस्त भादवा शुक्ल पक्ष दूज से 641 वां वार्षिक भादवा मेला विधिवत् रूप से शुरू होगा। तड़के प्रात: 3 बजे ब्रह्ममुहूर्त में बाबा की समाधि स्थल पर मंगला आरती और समाधि के मस्तक पर स्वर्ण मुकुट प्रतिष्ठापन के साथ मेले का शुभारंभ होगा। यह मेला देश के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक माना जाता है, जिसमें इस बार भी लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

मेले के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मेलार्थियों के लिए प्रशासन और मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से कई गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

**बाबा की बीज आज, मसूरिया मन्दिर में महाआरती होगी :** लोकदेवता बाबा रामदेव का जन्मोत्सव रविवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया जाएगा। मुख्य पूजा अर्चना मसूरिया बाबा मंदिर पर होगी। दोपहर में मन्दिर के शिखर पर ध्वजारोहण होगा। श्रद्धालु अपने अपने घरों में बाबा रामदेव की पूजा अर्चना कर व्रत रखेंगे। शहर भर में जगह जगह भजनों की सरिता प्रवाहित होगी। जातरुओं की आवभगत में स्वयंसेवी संस्थाओं ने पलक-पावडे बिछा रखे हैं।

मसूरिया स्थित बाबा रामदेव मेले का शनिवार शाम को विधिवत शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल और डीसीपी विनीत बंसल ने फीता काटकर मेले का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर बाबा रामदेव जी के गुरु बालीनाथजी की समाधि स्थल ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र चौहान, सचिन नरेंद्र गोयल, उपाध्यक्ष शिव प्रसाद दईया,दिनेश गोयल, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम राखेचा,दिनेश पंवार के साथ अन्य सदस्य मौजूद रहे । उद्घाटन समारोह में में भारी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग शामिल हुए। बाबा रामदेव के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक आयोजन और विभिन्न स्टॉल्स आकर्षण का केंद्र रहे। जिला प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## संक्षिप्त

### गुरुकुल में स्कूल बैग बांटे

**भरतपुर** (निस)। आर्य समाज में संचालित कन्या गुरुकुल की छात्राओं को भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा की ओर से निरंजनलाल गुप्ता, सेठो की हवेली भुसावर की स्मृति में स्कूल बैग वितरित किए गए। प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी अंशु मित्तल व शाखा संरक्षक देवकीनंदन सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि शाखा की ओर से आर्य समाज में परिषद के बेटी बढाओ, बेटी पढाओ, बेटी बसाओ प्रकल्प के अंतर्गत आर्य समाज संरक्षक दिनेशचंद पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य व प्रधान राजेन्द्र मित्तल के विशिष्ट आतिथ्य एवं शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरुकुल आचार्या सुमन आर्या व कन्याओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ कर किया गया। कार्यक्रम में शाखा की ओर से निरंजन सेवा, नई दिल्ली के सहयोग से कस्बे के सेठो की हवेली निवासी निरंजनलाल गुप्ता की स्मृति में कन्या गुरुकुल की सभी 55 कन्याओं को स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर गुरुकुल आचार्या प्रियंका आर्या ने शाखा का आभार व्यक्त करते हुए शाखा के इस पुनीत कार्य की भरपूर प्रशंसा की। कार्यक्रम में आर्य महिला विद्यापीठ की छात्राओं ने भी शिरकत की। कार्यक्रम का समापन प्रसादी वितरण के साथ किया गया। इस मौके पर शाखा के राजेश गोयल, लवकेश सैनी, नवीन मित्तल, दिलीप सिंघल, विजय अग्रवाल, बृजेश जिन्दल, प्रकाशचंद शर्मा, टीटू स्वामी, राकेश सिंघल, गीता देवी, आदि मौजूद रहे।

### तिवाडी गोत्रिय रक्षाबंधन 26 को

**भुसावर भरतपुर** (निस)। कस्बा भुसावर के विप्र बंशीय तिवाड़ी गौत्रीय पाण्डेय परिवारों द्वारा मनाया जाने वाला संजोगी पर्व आगामी 26 अगस्त को हस्त नक्षत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस दिन बहिने अपने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का अपने भाईयों से बचन लेंगी। वहीं दिनभर दानपुण्य का क्षेत्र में दौर चलेगा। कस्बा निवासी पंडित चेतराम पाण्डेय एवं वैद्य राममूर्ति मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 अगस्त को हस्त नक्षत्र में संजोगी पर्व मनाया जायेगा। इस दिन गजेंद्र पूजन एवं रक्षासूत्र बांधने का शुभ समय दोपहर 12 बजे से लेकर दोपहर 1.30 बजे तक रहेगा। पंडित चेतराम पांडे ने बताया कि इस समय शुभ चौघडिया अमृत तथा स्थिर लगन भी है। वहीं इस दिन राजप्रद योग भी बन रहा है ज्ञात है कि कस्बा भुसावर में संजोगी पर्व पाण्डेय परिवारों द्वारा बडे धूमधाम के साथ मनाया जाता है जिसमें ऐरावत हाथी की विधिवत पूजा के बाद बहिने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधती हैं।

### डॉ. दीपक सिंह का सम्मान

**भरतपुर,** (निसं)। डायमण्ड मॉर्निंग वॉकर क्लब ने डॉ. दीपक सिंह पुत्र डॉ. महेन्द्र सिंह निवासी जवाहर नगर द्वारा कांठमाडू में आयोजित एशियन पावर लिफ्टिंग के 120 किलो वर्ग में तीन स्वर्ण पदक तथा एक रजत पदक जीतकर देश तथा भरतपुर का नाम गौरवान्वित करने पर क्लब सदस्यों ने रविवार प्रातरू उनके निवास पर जाकर माला, दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया।

# आधुनिक युग में एडवांस एजुकेशन के साथ पुरातन शिक्षा व संस्कारों का ज्ञान देना भी जरुर : शर्मा



वन मंत्री संजय शर्मा ने प्रतिभावानों का सम्मान किया।

**कोटपूतली।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार संजय शर्मा ने कोटपूतली के दीप मैरिज गार्डन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 150 विद्यार्थियों का प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. इस दौरान जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, पूर्व विधायक सुभाष चंद शर्मा

■ **भामाशाहों आगे आकर आर्थिक रूप से पिछडे बच्चों की शिक्षा बेहतर बनाये**

भी मौजूद रहे। इस दौरान शर्मा ने प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों ने सबका नाम रोशन किया और सभी प्रतिभाशाली बच्चों को शुभकामनाएँ एवं बधाइयां दीं। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया कि उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण प्रदान किया। ई डब्लयू एस के माध्यम से दिया गया 10 प्रतिशत आरक्षण आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को मुख्यधारा से जोडने का कार्य करेगा शर्मा ने कहा कि कई बार बच्चों में बौद्धिक कौशल होते हुए भी आर्थिक कारणों से वे आगे नहीं बढ पाते, इस दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है, शिक्षा प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे इसके लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, साथ ही उन्होंने भामाशाहों से आग्रह किया कि वे आगे आएँ ताकि आर्थिक रूप से पिछडे बच्चों को भी बेहतर शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि आज के युग में एडवांस एजुकेशन की महत्ता बढ गई है, लेकिन बेहतर आचरण और व्यवहार के लिए अभिभावकों को अपने बच्चों को पुरातन ज्ञान और संस्कारों से भी ओतप्रोत करना चाहिए। शर्मा ने एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करने का भी आव्हान किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई बिना भेदभाव के पालन-पोषण करता है, तो वह माँ है।

### कार सहित मोबाइल लूट

**पावटा।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक चौंकाने वाली घटना हुई, जहाँ चार बदमाशों ने एक वाहन चालक को धमकाया और उसकी स्विफ्ट डिजायर कार व मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को रात करीब 9.15 बजे पावटा व प्रागपुरा सर्विस रोड पर बालाजी नर्सरी के पास कार लूटने के दौरान बदमाश कोटपुतली की तरफ फरार हो गए। जिस पर पीड़ित वाहन चालक अशोक कुमार पुत्र उमराव लाल यादव निवासी प्रागपुरा ने प्रागपुरा थाने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि स्विफ्ट डिजायर कार मेरे साले विजय पुत्र रेवडमल निवासी तुलसीपुरा के नाम रजिस्टर्ड है। शुक्रवार शाम 3 बजे के करीब ओमप्रकाश निवासी नारायणपुर का पावटा से नारायणपुर के लिए गाड़ी की बुकिंग के लिए फोन आया। वही बुकिंग के दौरान गाड़ी में दो महिलाए जिनमें एक का नाम माया था ज्यों कि मेरे साथ पावटा वापस आ गई व दूसरी महिला नारायणपुर ही रुक गई। महिला माया देवी को उसके घर पावटा छोडकर रात करीब 9 बजे गाड़ी लेकर प्रागपुरा की तरफ जा रहा था। रास्ते में बालाजी नर्सरी के पास गाड़ी रोककर ओमप्रकाश से गाड़ी बुकिंग के रुपए के लिए फोन करने लगा। तभी एक अज्ञात गाडी मेरे पास आकर रुकी। उसके बाद लूट की।

## सार-समाचार

### सतीश गुप्ता निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**भरतपुर** (निस)। खिरनीघाट अग्रवाल धर्मशाला में जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें पूरी कार्यकारिणी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। चुनाव अधिकारी नरेश चंद सिंघल एडवोकेट ने बताया कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पदों के लिए एक-एक तथा 7 कार्यकारिणी सदस्यों के लिये 7 नामांकन पत्र प्राप्त हुए अत: सम्पूर्ण कार्यकारिणी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसमें अध्यक्ष सतीश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुनील कुमार बंसल, महामंत्री दीनदयाल गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष हेतु आर.एस.गुप्ता को निर्वाचित किया गया। सात कार्यकारिणी सदस्यों में ओमप्रकाश गुप्ता नमक कटरा, प्रकाशचंद बंसल तिलक नगर, महेन्द्र भूषण गुप्ता जवाहर नगर, सत्यप्रकाश बंसल गीता कोलोनी, रवीन्द्र कुमार गुप्ता रनजीत नगर, डॉ. सतीश चंद अठावाल सूर्या सिटी एवं सतीशचंद सिंघल को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। चुनाव अधिकारी नरेशचंद सिंघल एडवोकेट द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई गई।इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्य एस.एन. अठावाल, हेमराज गोयल, लक्ष्मी नारायण गुप्ता मुंशरिम, सतीशचंद गुप्ता, महेशचंद अग्रवाल, सी.एम.गुप्ता, डॉ. लखमीचंद अठावाल, डॉ. अशोक अग्रवाल, शिवनाथ गोयल, ओमप्रकाश गुप्ता सुभाष नगर, लक्ष्मी नारायन गुप्ता बैंक, अशोक कुमार गुप्ता, सत्यप्रकाश गोयनका, निरंजन प्रसाद अग्रवाल, सुधीर मित्तल, विष्णु भगवान गर्ग, राजतेन्द्र अठावाल, प्रकाश मोहन गुप्ता, पवन सिंघल, बनवारी लाल गुप्ता, दाऊदयाल सिंघल खादी वाले, सुरेष चंद अठावाल, आर.पी. गर्ग, रामबाबू गुप्ता आदि बडी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### मेला महोत्सव का आगाज

**राजगढ।** श्रद्धा एवं भक्ति के साथ छाहरीन धाम हनुमान मंदिर पर रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय मेला महोत्सव का आगाज हुआ। इस दौरान कस्बे की बडा गणपति मंदिर से पूजा अर्चना एवं ध्वज पूजन के साथ भव्य कलश यात्रा प्रारंभ हुई। पंडित राम अवतार शर्मा ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर कलश यात्रा को रवानगी दी। कलश यात्रा में भजनों की शानदार प्रस्तुति पर महिलाओं ने आकर्षक नृत्य कर कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान की। कलश यात्रा कस्बे के चौपड बाजार, गोल मार्केट, माचाडी चौक, गणेशपोल एवं देवी जी मंदिर के सामने होती हुई हनुमान मंदिर पहुंची। इसके साथ तीन दिवसीय भव्य मेले का आगाज हुआ। मंदिर के महंत पंडित राम अवतार शर्मा ने बताया कि कलश यात्रा के साथ रविवार प्रात: 10 बजे रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। रात्रि 8 बजे सुंदरकांड का आयोजन होगा। 25 अगस्त को प्रात: 10 बजे हवन का आयोजन होगा एवं दोपहर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। 26 अगस्त को सायं 4 बजे सैनी धर्मशाला से भव्य शोभा यात्रा प्रमुख मार्गो से होती हुई हनुमान मंदिर पहुंचेगी। देर रात्रि तक हनुमान मंदिर पर विशाल मेले का आयोजन होगा। इस आयोजन को लेकर धर्म प्रेमियों में उत्साह का आलम है।

### यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का समापन

**गंगापुर सिटी।** आर्य समाज गंगापुर सिटी के तत्वाधान में चल रहे यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का रविवार को समापन हुआ। प्रवक्ता आशुतोष आर्य ने बताया कि मुकेश गुप्ता, कैलाश मित्तल, रामवतार सीए, मदन मोहन गुप्ता, हुकम चंद गुप्ता, अरविंद गुप्ता पीलोदा वाले, अरविंद गर्ग आदि यजमान दंपतियों से यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री ने यजुर्वेद पारायण महायज्ञ के पूर्णाहुति के मंत्रों से आहुतियां दिलवाई। पूर्णाहुति उपरांत आर्य समाज के वरिष्ठ जन कछीया लाल बजाज पूर्व प्रधान, रमेश गहनोली पूर्व प्रधान, पूर्व प्रधान स्व. गोविंद आर्य की धर्मपत्नी कमला देवी आर्य, सावित्री महारावल, आर्य समाज के संरक्षक पंडित मदन मोहन आर्य का शॉल उडाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मान किया गया। साथ ही आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री, भजनोपदेशक सुमित अंगिरस और उपस्थित संन्यासी गणों का आर्य समाज के प्रधान मदन मोहन बजाज, संतोष मसावता, संजय आर्य, वीरेंद्र आर्य, मनोज आर्य, अभिषेक बंसल आदि के द्वारा दुपट्टा उडाकर माला पहनाकर सम्मान किया गया। आचार्य ने अपने उद्बोधन ने बताया कि इस भारत वर्ष में विभिन्न प्रकार की संस्था संगठन संप्रदाय है लेकिन वह सभी संकुचित है। आर्य समाज एक मात्र संस्था हैं जिसके द्वार सभी समाज सभी जाति सभी संप्रदायों के लिए खुले हुए है। समाज का हर तबके का व्यक्ति यहां आकर अपना और मनुष्य मात्र का कल्याण कर सकता है। मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति तब हो सकती है। भौतिक सुखों में रुचि बनाए रखने से आध्यात्मिक सुख पाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए, भौतिक सुखों को धीरे-धीरे कम करके आध्यात्मिक सुख की ओर बढना चाहिए व महर्षि पतंजलि ने योग दर्शन में जो अष्टांगयोग यम, नियम, आसान, धारणा, ध्यान व समाधि बताए है। गृहस्थ जीवन में रहते हुए यह मोक्ष प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन है।

### समता आंदोलन की मजबूती पर बल

**भरतपुर** (निस)। समता आंदोलन जिला ईकाई भरतपुर की बैठक गिरीश रिसॉर्ट पर रखी गई। बैठक की अध्यक्षता दिलीप कुलश्रेष्ठ जिला सचिव ने की व मुख्य अतिथि संभाग अध्यक्ष हेमराज गोयल रहे।जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर ने जिला ईकाई को कैसे मजबूत किया जाए इसके लिए प्रकाश डाला एवं उपस्थित सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए। मनीष विधोलिया ने सुझाव दिया कि युवा टीम का पुनर्गठन करने की आवश्यकता है इसकी शीघ्र शुरुआत करेंगे।सुनील बंसल ने सुझाव दिया कि नगर-निगम के वार्डों का पुनर्गठन हुआ है उसके अनुसार गठन किया जाएगा।नवीन वार्डों की सूची सोमवार को नगर-निगम से प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में समता आंदोलन को मजबूत व ठाासरूट तक पहुंचाने के लिए कार्य योजना बनाने, कार्य विभाजन करने उत्तर दायित्व देने विभिन्न प्रकोष्ठ ,वार्ड अध्यक्ष व ग्राम पंचायत अध्यक्ष नियुक्त करने पर विचार विमर्श कर निर्णय लिए गये। पेन्शनर प्रकोष्ठ, मंत्रालयिक प्रकोष्ठ, किसान, विधि प्रकोष्ठ, नर्सिंग प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ आदि का गठन किया जाना है।

# 'रक्तवीरों ने समाज में सहयोग की भावना को मजबूत करने का कार्य किया'




ब्रह्माकुमारीज में विश्व बंधुत्व रक्तदान कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**टोंक।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय टोंक के राजयोग भवन में विश्व बंधुत्व रक्तदान कार्यक्रम संपन्न हुआ, यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी प्रकाशमणि की 18वीं पूर्ण स्मृति दिवस पर देशभर में हो रहे रक्तदान अभियान के तहत किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के सदस्य एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ चढकर हिस्सा लिया और 38 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी रक्तवीरों ने न सिर्फ रक्तदान दिया है बल्कि समाज में सहयोग की भावना को मजबूत करने का कार्य किया है। रक्तदान ही दूसरों के लिए जीवनदान है और इस जीवनदान महायज्ञ में आपने अपनी आहुति देकर सचमुच मानव कल्याण का कार्य किया है। कार्यक्रम में सआदत अस्पताल के डॉ. योगेश अग्रवाल ने संस्थान का धन्यवाद करते हुए संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सहराना की।

### चम्बल नदी में जलस्तर बढने की संभावना

**करौली।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि केंद्रीय जल आयोग चम्बल मण्डल, राजस्थान जयपुर के अधिशासी अभियंता से प्राप्त सूचना के अनुसार चम्बल नदी का जलस्तर खतरे के स्तर से ऊपर है। उन्होंने बताया कि चम्बल में पानी की आवक बढ़ने से नदी के किनारे बसे गाँव एवं ढाणियों में खतरे की संभावना बताई है। इस संबंध में जिला कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों, पटवारियों एवं ठााम विकास अधिकारियों को सतर्क रहकर लगातार निगरानी रखने और प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।इस दौरान जिला कलेक्टर ने आमजन से अपील की कि सपोटरा एवं मण्डरायल क्षेत्र में कहीं भी वर्षा जनित, चम्बल में खतरे के निशान से अधिक पानी के आने से किसी भी आपदा, घटना की सूचना तुरन्त जिला आपदा नियंत्रण कक्ष कलक्ट्रेट करौली के दूरभाष नम्बर 07464-251335 या टोल फ्री नम्बर 1077 पर देंवें। आमजन अफवाहों पर ध्यान न दें ऽ निर्देशों का पालना करें।

# मंत्री संजय शर्मा ने वन विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली

■ **कचरा निस्तारण, खनन इकाइयों द्वारा प्रदूषण और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन पर बल दिया**

**कोटपूतली।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार संजय शर्मा ने कहा कि अधिकारी एक पेड़ मां के नाम एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वृक्षारोपण कर उनके रखरखाव हेतु आमजन को प्रेरित भी करें, पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रदूषण फैलानी वाली इकाइयों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय रखते हुए विकास कार्य करें। शर्मा रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वन एवं पर्यावरण विभाग, कोटपूतली-बहरोड़ जिले की बजट घोषणाओं/ पौधारोपण व अन्य योजनाओं तथा विभागीय कार्यकलापों की समीक्षा बैठक ले रहे थे. बैठक में सांसद जयपुर ठाामीण राव राजेन्द्र सिंह, विधायक कोटपूताली हंसराज पटेल, विधायक विराटनगर कुलदीप धनखड़ एवं जिला प्रशासन व वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। शर्मा ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिले को मिले 15 लाख पौधरोपण लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं रखरखाव हेतु अपनाएं जा रहे उपायों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा त्रिस्तरीय मूल्यांकन का कार्य भी किया जा रहा है जिसके तहत संभाग सहित सभी स्तरों पर एजेंसियां औचक निरीक्षण कर रही हैं। वे पौधारोपण संरक्षण के लिए सैंपलिंग लेकर किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो पौधे किसी कारणवश जीवित नहीं रह पाते, उनके स्थान पर नए पौधे लगाए जाएं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पौधारोपण और संरक्षण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए एवं कहा कि डाटा पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करे।

शर्मा ने एजेंडावार समीक्षा करते हुए 2024-25 एवं 2025-26 की विभाग के संबंध में की गई बजट घोषणाओं एवं जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में गति लाने को कहा व वन क्षेत्र की ऐतिहासिक महत्व के भवनों के रख-रखाव व जीर्णोद्वार के निर्देश दिए जिससे कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सके. वन्य जीवों के संरक्षण पर चर्चा करते हुए अलवर तिराहा स्थित अटल वन से बंदरों को अन्यत्र विस्थापित करने के लिए आवश्यक व बंदरों के अनुकूल स्थान का चयन कर विस्थापन की कार्यवाही वन एवं स्वायत शासन विभाग को आपसी समन्वय से करने एवं अटल वन का जीर्णोद्वार कर वहाँ पौधारोपण कर पर्यटन साइट के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

शर्मा ने पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को औद्योगिक क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ वातावरण के लिए कचरा निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। साथ ही खनन इकाइयों द्वारा नियमों का उल्लंघन कर प्रदूषण फैलाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बोर्ड सुनिश्चित करें कि औद्योगिक इकाइयां नियमानुसार कार्यवाही करें, अपशिष्टों का उचित निस्तारण करें एवं किसानों कि फसलों को औद्योगिक इकाइयों से किसी प्रकार की हानि नहीं पहुंचे व पीड़ितों को समय पर मुआवजा मिले। उन्होंने जिले के वन क्षेत्र में पाए जाने वाले जीवों एवं उनके संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा की। साथ ही जूलिफ्लोरा प्रभावित क्षेत्र एवं उसके रोकथाम के प्रयासों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान करते हुए इसके बारे में आमजन को जागरूक करने को कहा।

### अलर्ट किया

**भरतपुर,** (निसं)। पूर्वी राजस्थान में रही तेज बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। करौली जिले के पांचना बांध से चार गेट खोलकर गंभीर नदी में करीब 26 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। यह पानी रविवार को तेज धारा के साथ बयाना क्षेत्र में पहुंच गया।


**NAME CHANGE**

I have change my name from Janak Devi to Vibha Arora. In future known by Vibha Arora W/o Vinod Arora R/o C-35, Gayatri Marg, Singh Bhoomi Khatipura Jaipur Raj. 302012

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि प्लाट नम्बर दस, कुल क्षेत्रफल 139.40 वर्गमीटर, चन्द्र महल कॉलोनी (चतर की आड) छोटा चौगान, चौंकडी सरहद, जयपुर का एक मात्र मालिक एवं काबिज मकबूल हुसैन पुत्र गुलाम महमूद ही है। मकबूल हुसैन ने उक्त प्लाट आज तक भी किसी को भी विक्रय नहीं किया है, ना ही विक्रय का इकरार किया है। भविष्य में भी कभी बैचने का इरादा भी नही है। कोई भी किसी से भी जाली, फर्जी, दस्तावेजात् के आधार पर नही खरीदे, ना ही खरीद का इकरार करे। अन्यथा सभी दोषी फौजदारी एवं दिवानी कार्यवाही के लिऐ जिम्मेदार होगे।
जयपुर (मकबूल हुसैन) एडवोकेट
दिनांक-24.08.2025 मो.9828071475

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/535
चूंकि प्रार्थी श्री AMIT SHARMA, DEVIPURA BALAJI MANDIR KE PASS, SIKAR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास रामायण शिक्षण संस्थान, PINKCITY COLLEGE OF NURSING, NEAR PAL WALE BALAJI, DHAKA NAGAR, SIRSI ROAD, JAIPUR, RAJASTHAN-302041 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 19.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 28.10.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम


# खैरथल को केंद्र में रखकर भर्तृहरि नगर का विकास करेंगे : भूपेंद्र यादव

■ **केंद्रीय मंत्री व अलवर सांसद ने किशनगढबास के शेरपुर में सडक परियोजनाओं का शिलान्यास किया**

**किशनगढ बास।** खैरथल को सेंटर में रखकर पूरे भतृहरि नगर को सबसे मैन्युफैक्चरर्स का बड़ा जिला बनाने का काम करेंगे। मुंडावर कोटकासिम किशनगढ बास तिजारा भिवाडी सहित पूरे क्षेत्र के विकास हम पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह बात केंद्रीय मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने अपनी लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा किशनगढ़ बास के कोटकासिम गांव शेरपुर में मुख्यमंत्री की बजट घोषणाओं के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण सडक परियोजनाओं का शिलान्यास के बाद संबोधन के दौरान लोगों को कही है।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शेरपुर स्थित बाबा मोहनराम मंदिर में लोगों को कहा कांग्रेस के षड्यंत्रों को सारी दुनिया जानती है। लोग दबे पिछले पांव से किसी भी तरीके से भाई चारे को तोड़ना चाहते हैं उनसे सावधान रहना है।

उन्होंने कहा राम के मंदिर में संकल्प लेकर के कहता हूं कि भतृहरि नगर के खैरथल कों केंद्र में रखकर भर्तृहरि नगर के विकास की राजनीति में सबसे आगे रहने वाले हैं। इस अवसर पर उन्होंने तिजारा से कांठोस टिकट पर विधायक का चुनाव लड़ें इमरान खान के बयान पर पलट प्रहार किया और कहा इनको भतृहरि नाम से तकलीफ हो रही है। जो लोग बाबरी मस्जिद का समर्थन करते थे और हमसे पूछते थे राम लला का मंदिर यहीं बनाएंगे तारीख कब बताएंगे। आश्चर्यहोता है कि गोकशी करने वाले लोग बाबा भर्तृहरि के नाम का विरोध कर रहे हैं और कांग्रेस के लोग उनका साथ देंगे यह इलाके के लोगों को सोचना है। उन्होंने कहा यह योगियों तपस्या की धरती है पुण्य की धरती है जीवन को पर्याप्त करने की धरती है। उन्होंने कांठोस नेता के बयान पर कहा हमारा नाम रख लो हमारा नाम रखने से तुम्हारा जन्म तर जाएगा कल से अपना नाम बदल देना एफिडेविट में दिलवा दूगा लेकिन हमारा नाम रखने के लिए तपस्या करनी पडती है। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री की बजट घोषणाओं के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया। पहली परियोजना में लाडपुर से शेरपुर तक सड़क के डामरीकरण किया जाएगा, जिस पर 120 लाख रुपये व्यय होंगे। वहीं दूसरी परियोजना में शेरपुर से गैलपुर वाया जोड़ियां, चावण्डी, भौकर तक सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, जिसके लिए 1750 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। क्षेत्र में अब तक ढाई सौ करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। साथ ही मेवात क्षेत्र के लिए विशेष विकास फंड और खैरथल से तक 50 करोड़ रुपये की परियोजनाएं भी स्वीकृत हो चुकी हैं।


**नम्बर मिलाइए**
**9587884433**
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


### मारपीट करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**पावटा।** विराटनगर थाना पुलिस ने शराब ठेके पर सेल्समैन को धमकी देकर रंगदारी वसूले वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

वही घर पर आकर लड़कियों से छेडछाड व अभद्र व्यवहार एवं जातिगत ऊंचनीच अस्पृश्यता की बाते करने व हथियारों से मारकाट करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली बहरोड देवेंद्र कुमार विश्नोई द्वारा पुलिस मुख्यालय द्वारा वर्तमान में वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत त्वरित कार्यवाही करने के निर्देशों की पालना में अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन एवं विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मेहनत व लगन से कार्य करते हुए आसूचना संकलन कर गहनता से तलाश करते हुए वीरेंद्र पुत्र राम सिंह उर्फ मगन सिंह उम्र 27 साल निवासी कुकडेला व सोहनलाल उर्फ सोनू उर्फ मुक्तिलाल उम्र 27 साल निवासी झाडोदिया की ढाणी तन मैड को गिरफ्तार किया है। विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पारिवारिक शंकर लाल बुनकर पुत्र भंवरलाल बुनकर उम्र 42 साल निवासी कुकडेला ने मामला दर्ज करवाया था।

# संडे ऑन साइकलिंग अभियान से फिटनेस का संदेश दिया



शाहपुरा में डीवाईएसपी व थाना प्रभारी ने पुलिसकर्मियों के साथ साइकिलिंग की।

**शाहपुरा।** शाहपुरा खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे है। संडे ऑन साइकलिंग अभियान, फिट इंडिया मिशन के तहत रविवार को डीवाईएसपी व थाना प्रभारी ने पुलिसकर्मियों, सीएलजी सदस्यों पुलिस मित्रों व जागरूक लोगों के साथ साइकिलिंग व योग कर शहरवासियों को फिटनेस का संदेश दिया। शाहपुरा डीवाईएसपी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में सुबह 8:00 बजे रिमझिम बारिश के बीच प्रदूषण भगाओ स्वास्थ बनाओ के तहत पुलिसकर्मियों ने सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, मीडियाकर्मी, नूतन विद्या मंदिर के छात्र व जागरूक लोगों के साथ 70 साइकिलों से साइकिलिंग कर लोगों को फिट रहने का संदेश दिया। साथ ही साइकिलिंग, योग, पैदल चलने की गतिविधि को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर डीवाईएसपी व थाना प्रभारी हेमराज सिंह गुर्जर ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से ने केवल व्यक्ति फिट रहता है बल्कि उसमें अनुशासन आपसी सद्भाव की भावना भी बढ़ती है। साइकिल रैली पुलिस थाने से रवाना होकर मंडी तिराहा, मुख्य बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, पीपली तिराया होते हुए पुलिस थाने पहुंची। इससे पूर्व पुलिसकर्मियों ने स्वस्थ रहने के लिए पुलिस थाने पर सुबह 7:00 बजे से 7:30 बजे योग व प्राणायाम किया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधित विचार विमर्श को भी साझा किया।


**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**
क्रमांकः न.नि.भ./ स्कीम / 2025-26/ दिनांक :
**सार्वजनिक सूचना**
जसवन्त नगर योजना भरतपुर के भूखण्ड संख्या 424 क्षेत्रफल 68.23 वर्गगज का आवासीय रूपान्तरण पट्टा विलेख क्रमांक 6969 दिनांक 20.02.2013 नगर सुधार न्यास, भरतपुर द्वारा श्रीमती राधा पत्नी श्री भगवान सिंह जाति जाटव निवासी-जसवन्त नगर कॉलोनी, भरतपुर के नाम जारी किया गया। श्रीमती राधा पत्नी श्री भगवान सिंह ने उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 29.02.2024 के द्वारा श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री रामवीर सिंह को विक्रय कर दिया। आवेदिका श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री रामवीर सिंह जाति जाटव निवासी-छोंकरावाली गली, जसवन्त नगर, भरतपुर उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराना चाहती हैं।
भूखण्ड संख्या 424, जसवन्त नगर, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद भूखण्ड संख्या 424, जसवन्त नगर, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।
सचिव नगर निगम, भरतपुर

SBI Life
अपने लिए, अपनों के लिए.
**सूचना**
एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसबीआई लाइफ) एतद्वारा व्यवसायिक भवन, लीज आधार पर भूस्वामियों से निम्न व्यापक संभावनाओं की पूर्ति हेतु प्रस्ताव निविदाएं आमंत्रित करता है।
1. भवन सभी ऋण भार से स्वतंत्र एवं तुरंत कब्जे हेतु उपलब्ध होना चाहिए।
2. भवन कामर्शियल इलेक्ट्रिक कनेक्शन की व्यवस्था सहित व्यावसायिक भवन होना चाहिए एवं अग्निशमक एनओसी, व्यवसायिक सर्टिफिकेट, भवन का बीमा जिसमें समुचित और बाधा रहित बिजली एवं जल वितरण, साइनेज का स्थान, पार्किंग एवं आधुनिक फायर फाईटिंग सिस्टम, कारों की पर्याप्त पार्किंग इत्यादि की सुविधा होनी चाहिए।
3. परिसर जयपुर के सी-स्कीम क्षेत्र से लगभग 7 कि.मी. क्षेत्र में होना चाहिए।
4. भवन का कॉरपेट एरिया लगभग 9509 वर्गफिट होना चाहिए।
इच्छुक निविदाकर्ता निविदा का प्रारूप को हमारी वेबसाइट www.sbilife.co.in (https://www.sbilife.co.in/en/services/download-centre- RFP forms) से प्रारूप डाउनलोड कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरा हुआ फार्म तकनीकी निविदा एवं प्राइस बिड अलग-अलग सील बंद लिफाफो में "दी रीजनल डायरेक्टर, जयपुर, एस.बी.आई. लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, द्वितीय तल, एआरजी कॉर्पोरेट पार्क, प्लॉट नंबर 8 एवं 9, गोपालबाडी, जयपुर, राजस्थान - पिन - 302001", फोन : 0141-4256600 दिनांक 08.09.2025 तक या पहले पहुँच जाने चाहिए।
एसबीआई लाइफ के पास किसी भी आवेदन को बिना कारण बताए स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है।
दिनांक:- 25.08.2025 स्थान- जयपुर
उक्त प्रदर्शित किया गया ट्रेड लोगों भारतीय स्टेट बैंक से संबंधित है तथा लाइसेंस के अंतर्गत एसबीआई लाइफ द्वाराउपयोग किया जा रहा है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पंजीकृत एवं कारपोरेट कार्यालय: नटराज, एमवी रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400069 आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 111, सीआईएन: L99999MH2000PLC129113 वेबसाइट: www.sbilife.co.in ई-मेल: info@sbilife.co.in टॉल फ्री नं.: 1800 267 9090 (ग्राहक सेवा समय : 24X7)

## संक्षिप्त

### शिक्षक अभिभावक परिषद का आयोजन

**पावटा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पावटा में शनिवार को प्रात: 10 बजे शिक्षक अभिभावक परिषद का आयोजन विद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में हुआ। इस दौरान प्राचार्य संजू जोशी ने सैकडड़ें अभिभावकों के आगमन पर उनका अभिनन्दन किया। वही उन्होंने नियमानुसार दोनों जिलों के प्रत्येक ब्लॉक से अभिभावकों में से एक- एक सदस्य का नामांकन किया। चयनित सदस्यों से प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को नवोदय विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यालय के चहुँमुखी विकास हेतु सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियां पीपीटी द्वारा प्रदर्शित की गई। जिसमें आईएएस, जेईई, नीट, एसजीएफआई, साइंस ओलंपियाड एवं नेशनल अवॉर्ड तथा अन्य क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। विद्यालय परिसर में ईसीओ क्लब मिशन के तहत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत 1400 पौधे लगाए गए हैं। यह कार्य निरन्तर जारी है। अंत में प्राचार्य ने सभी पालकों को भरोसा दिलाया कि आगामी परिणाम बेहतरीन होंगे क्योंकि हमारी टीम हर क्षेत्र में विद्यालय विकास हेतु पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। आप समय- समय पर बच्चों के परिणाम देखिए और उचित सुझाव साझा कीजिए ताकि हम और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ पाए। आपका सहयोग विद्यालय के अनुशासन और भविष्य में अच्छे परिणामों के लिए सार्थक सिद्ध होगा।

हाइवे से सर्विसलेंन पर गिरा कंटेनर

मानपुरा माचैड़ी। दिल्ली अजमेर एक्सप्रेस हाइवे की सर्विसलेंन पर घटवाड़ा के पास एक बड़ा कंटेनर पलट गया।कंटेनर हाइवे से सर्विसलेंन पर आ कर गिरा।कंटेनर में दवाइयां भरी थी।कंटेनर दिल्ली से महाराष्ट्र जा रहा था।कंटेनर को देर शाम तक सीधा करने में चार क्रेन लगी थी। जानकारी के अनुसार दिल्ली अजमेर एक्सप्रेस हाइवे पर घटवाडा के पास गत दिवस बारिश के दौरान एक कंटेनर अनियंत्रित होकर हाइवे से सर्विस लाइन पर गिर कर पलट गया।कंटेनर में दवाइया भरी थी जो दिल्ली से महाराष्ट्र जा रहा था।कंटेनर के चालक को मामूली चोटें आई।सर्विसलेंन पर पलटने से यातायात बाधित हो गया। मौके पर चंदवाजी पुलिस भी पहुची।बाद में चार क्रेन मंगवाई गई। कंटेनर बड़ा व भारी होने के कारण देर शाम तक भी कंटेनर को सीधा नही किया जा सका था।

### कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन

**फुलेरा।** नगर कांग्रेस कमेटी फुलेरा के द्वारा विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को समीपवर्ती आकोदा स्थित रमणिक स्थान लगरिया टीबा पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमरचंद सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फुलेरा विधायक विद्याधर सिंह रहें, विशिष्ठ अतिथि के रूप में आकोदा सरपंच पुष्पा मेघवाल, पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नानूराम कुमावत, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी कटारा, निर्मल शर्मा सहित मनोज कुलहरी, अनिता राजोरिया रहें। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र शर्मा, अब्दुललतीफ कुरैशी ने किया वही सहयोगी के रूप में विमल सोनी, जाकिर हुसैन व नीरज सैन, डॉ. सुमित शर्मा, दुर्गासिंह नरुका, बिशनलाल योगी सहित अन्य लोगों ने व्यवस्थाओं को संभाला। कार्यक्रम के दौरान विचार गोष्ठी व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके विजेताओं को भामाशाह रमेशचंद रावकां की ओर से पुरस्कृत किया गया, इस अवसर पर पार्षद दौलतराम चौधरी, प्रमोद मीणा, हरीशरण चतुर्वेदी, मूलचंद देवंदा, गोपाल लखन, कैलाश वर्मा, अजीज लुहार सहित सैकडों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सहभोज का आयोजन किया गया।

### सेमिनार आयोजित

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। अग्रसेन गर्ल्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल में शनिवार को विधिक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में अधिवक्तामहेश गोयलने छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी दी।उन्होंनेसूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम 2000, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधन रोकथाम अधिनियम 2022, मोटर वाहन अधिनियम 1988, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019सहित अन्य कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कानून की जानकारी नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग बनाती है। अधिवक्ता गोयल ने विशेष रूप सेसूचना का अधिकार अधिनियम 2005की चर्चा करते हुए बताया कि इस कानून के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सरकार द्वारा प्रतिबंधित सूचनाओं को छोड़कर किसी भी सरकारी कार्यालय से सूचना प्राप्त कर सकता है।

# संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ने योग किया

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में रविवार को संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत पुलिसकर्मियों व जवानों ने साईकिल चलाकर फिट रहने का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने फिटनेस की डोज-आधा घंटा रोज को संदेश देते हुए संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन कर साइक्लिंग के साथ-साथ योग, जुंबा जैसी एक्टिविटी भी की गई।

■ पुलिस के अधिकारी और जवानों के लिए अंबेडकर खेल स्टेडियम के इनडोर स्टेडियम में योग सेशन, जुंबा का आयोजन किया गया

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस के अधिकारी और जवानों के लिए अंबेडकर खेल स्टेडियम के इनडोर स्टेडियम में योग सेशन, जुंबा का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस के अधिकारियों, जवानों और उनके परिवारजन, स्कूली बच्चे शामिल हुए। इस दौरान योग सेशन, जुम्बा सेशन तथा उसके बाद साइक्लिंग कार्यक्रम किया गया जो पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में अंबेडकर स्टेडियम से रवाना होकर पुलिस बल के साथ पुलिस अधिकारी, जवानो ने माताजी के मंदिर के सामने, गांधी पार्क, घंटाघर, कलेक्ट्रेट के सामने से होती हुई पटेल सर्किल पहुंच कर खत्म हुई।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि केंद्रीय खेल मंत्रालय की पहल पर साइक्लिंग, योग, जुंबा, रोप स्किपिंग कर आमजन को फिजिकल फिटनेस के लिए एक संदेश दिया जा रहा है। इसके तहत फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज का कैप्शन दिया गया है। हर व्यक्ति को अपने शरीर की फिटनेस के लिए डेली कम से कम आधा घंटे कोई भी फिजिकल एक्टिविटी जरूर करनी चाहिए।,यदि हमारा शरीर फिट है तो सब कुछ सही है।



टोंक में पुलिसकर्मियों व जवानों ने साईकिल चलाकर फिट रहने का संदेश दिया।

### धूड सिंह शेखावत का स्वागत

**पावटा।** अखाड परिषद पावटा में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम भौनावास निवासी समाजसेवी एवं पूर्व जिला पार्षद व भाजपा नेता धूड़ सिंह शेखावत का सर्वसम्मति से मोहन गौशाला भौनावास का अध्यक्ष बनाये जाने पर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर शेखावत का माला पहनाकर व पौधा भेंटकर अभिनंदन करते हुये अखाड़ा परिषद सदस्यों ने स्वागत कर गौ माता के हित में काम करने की बात कही। अध्यक्ष धूड़ सिंह शेखावत ने कहा कि गांव समाज ने जो जिम्मेदारी दी है उसका कर्तव्य पूर्वक पालन करुगा। जल प्रहरी दीपसिंह शेखावत, पंसस प्रतिनिधि मुखराम धनखड़ ने गौ माता की चिंता व्यक्त की।

# खादरसा महाराज के मेले में भंडारे की सभी तैयारियां जोरों पर

**शाहपुरा।** शाहपुरा जाजैकला खादरसा महाराज के जोडे में भरने वाले मेले में भंडारे को लेकर भंडारा कमेटी के सदस्यों द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है।

कमेटी सदस्य प्रहलाद सहाय पलसानिया ने बताया कि अलग-अलग कमेटियों के सदस्यों को जो जिम्मेवारियां दी गई थी वो तरकीबन पूर्ण हो चुकी है। साफ सफाई की व्यवस्था देख रहे अर्जुन लाल निठारवाल और टीम ने आसपास क्षेत्र की बहुत अच्छी साफ सफाई करवा दी है। आवागमन के रास्तों को समतलीकरण करवा दिया है। प्रचार कमेटी के सदस्य रामेश्वर पलसानिया, रामस्वरूप पूनिया आसपास के क्षेत्र में

■ खादरसा महाराज के सड़क मार्ग पर सफाई कार्य शुरू

लाउडस्पीकर के द्वारा जोर से प्रचार प्रसार कर रहे है। रसोई व्यवस्था, ईंधन व्यवस्था, हवाई व्यवस्था कमेटी के सदस्य फूलचंद कड़वासरा, गिरधारी लाल रूंडला और उनकी टीम ने सभी तैयारी कंप्लीट कर ली है। 25 अगस्त से प्रसादी बनाना शुरू की जाएगी। टेंट व्यवस्था कमेटी के सदस्य हरि सैनी और उसकी टीम ने बरसात के मौसम को देखते हुएआज से ही वॉटरप्रूफपंडाल बनवाने का काम चालू कर दिया है। लाइट एवं सजावट कमेटी ने नगर परिषद शाहपुरा के द्वारा आसपास के क्षेत्र में रोशनी के लिए लाइट लगवा ली है। जहां शेष है उनको भी आयुक्त शुभम गुप्ता ने लाइटों के काम देख रहे कर्मचारियों को पर्याप्त लाइट लगाने की निर्देश दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम कमेटी के सदस्य पूरणमल पलसानिया ने मासी बोदूराम बड़सरा व उनकी पार्टी को कार्यक्रम करने की जिम्मेवारी दी गई। जिसमें मशहूर डांसर भी भाग लेंगे। 27 अगस्त को खादरसा बाबा की पहाडी पर शाम 8:00 बजे बहुत ही सुंदर रंग बिरंगी आतिशबाजी की जाएगी।

### स्कूलों व आंगनबाड़ी केंन्द्रों का अवकाश आज

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी ने मौसम विभाग द्वारा जारी जिले में अति वर्षा की चेतावनी एवं पूर्वानुमान को मध्यनजर रखते हुए आदेश जारी कर जिले के समस्त आंगनबाडी केंद्रों एवं कक्षा 1 से 12 तक के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए 25 अगस्त को अवकाश घोषित किया है।

जिला कलक्टर ने बताया कि यह आदेश केवल कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों एवं छात्र-छात्राओं एवं आंगनबाडी केंद्र पर लागू होगा। विद्यालय एवं आंगनबाडी स्टाफ यथावत कार्य करेंगे।

उन्होंने जिले के समस्त संस्था प्रधान/प्रभारी आंगनबाडी केंद्रों को निर्देशित किया है कि वह आदेश की अक्षरश: पालना कराया जाना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी संस्था प्रधान/प्रभारी आंगनबाडी केंद्र उक्त समयावधि में विद्यालय एवं आंगनबाडी केंद्र संचालित करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 में विहित प्रावधानों के तहत कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

### ग्रामीणों ने 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया

**भरतपुर (निस)।** गढी बाजना थाना क्षेत्र के गांव कोली नगला में डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति से छेडछाड का मामला सामने आया है।

असामाजिक तत्वों द्वारा की गई इस हरकत के बाद गांव के लोगो में नाराजगी है.घटना की जानकारी मिलते ही भीम आर्मी के लोग मौके पर पहुंचे और स्थानीय प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.ग्रामीणों के द्वारा मामले को लेकर 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है कि आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए नहीं तो वे शांतिपूर्वक तरीके से धरना देकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

इस मूर्ति के स्थान पर नवीन मूर्ति स्थापित की जाए- चारों ओर बाउंड्री वॉल बनाई जाए।

# राजस्थान शिक्षक संघ के चुनाव में राम सिंह कलवानिया अध्यक्ष बने

**शाहपुरा।** शाहपुरा राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा शाहपुरा के चुनाव रविवार को पंचायत समिति के समीप चुनाव अधिकारी इंद्राज सिंह खर्रा व पर्यवेक्षक रोहिताश दादरवाल व प्रदेश संभाग उपाध्यक्ष जयराम जाट के सान्निध्य में निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुए। जिसमें राम सिंह कलवानिया अध्यक्ष, शिवकुमार शर्मा मंत्री व गिरधारी लाल यादव कोषाध्यक्ष बने। इसी प्रकार कार्यकारिणी में सभाध्यक्ष

■ महासमिति के 40 सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। साथ ही शिक्षक संघ द्वारा एनईपी 2020 की कार्यशाला का आयोजन हुआ

रामचन्द्र लील, उपसभाध्यक्ष जयराम यादव, गोवर्धन लाल जाट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश चंद्र, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार रोलानिया, उपाध्यक्ष महिला प्रियंका चौधरी, महिला मंत्री चन्द्रकला शर्मा, अध्यापक प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार शर्मा, पंचायत समिति शिक्षक कपिल देव शर्मा,वरिष्ठ अध्यापक श्याम बिहारी शर्मा,प्राध्यापक फूलचन्द निठारवाल, संस्कृत शिक्षा कानाराम जाट,महिला शिक्षक सरोज वर्मा, प्रदेश महासमिति सदस्य हरफूल सारण, ब्रह्म दत्त शर्मा,मंजुला शर्मा, रामकरण कपूरिया, सूरजमल यादव, जयराम यादव,झाबरमल कलवानियां, सुरेन्द्र कुमार रोलानिया, मातादीन मीणा, गोपालकृष्ण शर्मा सहित जिला महासमिति के 40 सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। साथ ही शिक्षक संघ द्वारा एनईपी 2020 की कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान प्रत्येक विद्यालय में संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा 1 सितम्बर को मनाने के बारे में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पवन कुमार जाट व प्रधानाचार्य भैरू लाल जाट द्वारा बताया गया।





शाहपुरा राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा के चुनाव रविवार को पंचायत समिति के समीप चुनाव अधिकारी इंद्राज सिंह खर्रा के सान्निध्य में निर्विरोध सम्पन्न हुए।

### श्रद्धालूओं से भरी बोलेरो अनियंत्रित होकर पलटी

**कोटपूतली।** कस्बे से होकर गुजर रहे नीमकाथाना मार्ग पर शनिवार दोपहर बाद एक श्रद्धालूओं से भरी बोलेरों गाडी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसमें सवार आधा दर्जन श्रद्धालू घायल हो गये।

राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल ट्रौमा सैंटर के नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने बताया कि निकटवर्ती ग्राम पंचायत कांसली के ग्राम फतेहपुरा कला निवासी सांवताराम (63) पुत्र प्रभात, गिरधारी लाल (65) पुत्र रामदेव, भगवती देवी (60) पत्नी गिरधारी लाल, मेवा (60) पत्नी सुबेसिंह, रामचन्द्र (65) पुत्र सूरजमल व जयदयाल (65) पुत्र गणपत समस्त जाति यादव बोलेरों में सवार होकर नीमकाथाना के बालेष्वर धाम में दर्षन करके लौट रहे थे। वापस आते वक्त ग्राम कल्याणपुरा कुहाड़ा के पास स्टेट हाईवे पर उनकी बोलेरों गाडी अनियंत्रित होकर पलट गई। गाडी के पलटते ही आसपास लोगों की भीड एकत्रित हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना देकर घायलों को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका उपचार किया गया। इनमें से सांवताराम व गिरधारी लाल की हालत बिगडने पर उन्ह जयपुर रैफर किया गया।

# सांसद का बरसात प्रभावी क्षेत्रों का दौरा



टोंक-सवाईमाधोपुर सांसद हरीश मीणा ने रविवार को जिले में हुई अत्यधिक बरसात के मध्य नजर प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया।

**टोक।** टोंक-सवाईमाधोपुर सांसद हरीश मीणा ने रविवार को जिले में हुई अत्यधिक बरसात के मध्य नजर प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया, इस दौरान उन्होंने धन्ना तलाई, काली पलटन व शहर के दूसरे क्षेत्र के जानकारी ली, वही मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों को लोगों को राहत पहुंचाने तथा बारिश से हुए नुकसान का आकलन करने का निर्देश भी दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, दिनेश चौरसिया, जर्रारखान, इम्तियाज खान, ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बैग, काली पलटन मंडल अध्यक्ष इम्तियाज खान व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता ने शहर में हुई अत्यधिक बारिश के बारे में पुरी जानकारी दी।

■ धन्ना तलाई, काली पलटन व शहर के दूसरे क्षेत्र की जानकारी ली, वही मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों को लोगों को राहत पहुंचाने तथा बारिश से हुए नुकसान का आकलन करने का निर्देश भी दिया।

# देह व्यापार करते दो महिला व एक युवक गिरफ्तार

**टोंक।** सदर पुलिस थाना के पीली तलाई क्षेत्र में पुलिस ने रविवार को एक मकान में चल रहे देह व्यापार का पर्दाफाश करते हुए मकान से संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त युवक-युवती और एक महिला को गिरफ्तार किया है। पकडी गई महिलाऐं यूपी व बिहार की बताई जा रही है, जो यहां किराए से रहती थी, उन्होने एक युवक को बुलाकर देह व्यापार किया जा रहा था। इस घटना पर बस्तीवासियों ने विरोध करते हुए पुसिल को सूचना देकर बताया कि आये दिन रात को ऐसी घटना होती रहती है जिससे बच्चों मे विपरीत प्रभाव पड़ता है तथा माहौल खराब रहता है।

वही सदर थाना प्रभारी जयमल सिंह राठौड ने बताया कि रविवार को मिली सूचना पर थाना पुलिस मय दल के पीली तलाई क्षेत्र के मकान पंहुची जहा मकान के गेट को खुलवाकर अंदर पहुंचे तो वहां 45 साल की महिला, 20 साल की युवती और 22 साल का युवक मिला। इनकी गतिविधियां गलत लगी तो इन्हे पुलिस पकड़ थाने लाने लगी, तो इस दौरान एक व्यक्ति ने पुलिस की कार्यवाही का विरोध किया और तीनों आरोपियों को कार मे बैठाकर लाते समय एक व्यक्ति ने पत्थर फेंक कर कार का शीशा तोड़ दिया, जिसके खिलाफ पुलिस कानूनी कार्यवाही करेगी।

इसी क्रम में भीम सेना जिला अध्यक्ष अशोक बैरवा ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर बताया कि मुख्यालय स्थित दलित बस्ती पीली तलाई में अवैध तरीके से चल रहे वेश्यावृत्ति के विरोध में सूचना पर आयी पुलिस ने गाड़ी का शीशा तोडने वाली घटना में कुछ निर्दोष व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जो अपराधी नही है। इस दौरान पुलिस द्वारा दलित महिलाओं के साथ अभद्रता की तथा इस वेश्यावृत्ति को चलाने वाले सरगहना ने सरे आम धमकी दी है कि अगर किसी ने विरोध किया तो उसका परिणाम भुगतना पड़ेगा, जिनके खिलाफ पुलिस ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया और इस घटना की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा करवाई जाने की मांग की है।

## सार-समाचार

### फरार आरोपी गिरफ्तार



**सांभरझील**, (निसं)। एनडीपीएस एक्ट में करीब 4 साल से फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। राशि डोगरा डूडी पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने बताया है कि वर्ष 2021 में पुलिस थाना दूदू द्वारा अवैध नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही कर आरोपी शंकर सिंह व रामप्रताप उर्फ प्रताप के कब्जे से 318 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर गिरफ्तार किया गया था तथा मादक पदार्थ परिवहन मे प्रयुक्त वाहन कार व एक इनोवा को जप्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना दूदू पर धारा 8/15, 25 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग दर्ज किया गया था। प्रकरण में अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी दूदू दीपक खण्डेलवाल के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी दूदू मुकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए प्रकरण में 04 साल से फरार चल रहे टॉप-10 वांछित दो आरोपियों लोकेश को थैलासर थाना रतननगर चुरू से गिरफ्तार किया गया है। जिनसे प्रकरण में अनुसंधान जारी है तथा प्रकरण में शेष फरार अभियुक्तगणों नरेन्द्र व रमेश की गिरफ्तारी के भरसक प्रयास जारी हैं। गिरफ्तार किए गए लोकेश पूनियां पुत्र अमीलाल जाति जाट उम्र 28 साल निवासी पुरानी बस्ती, ठैलासर थाना रतन नगर जिला चुरू व इरफान पुत्र जोरे खां जाति कायमखानी मुसलमान उम्र 37 साल निवासी वार्ड नं. 04, ठैलासर थाना रतन नगर जिला चुरू के रहनेवाले है।

### जवान की वापसी को लेकर गुहार

**पावटा।** ग्राम पंचायत भोनावास का 20 वर्षीय सेना का जवान भीम सिंह उत्तराखंड में आई प्राकृतिक आपदा के बाद 2 सप्ताह से लापता है। जिससे परिवार की चिंता और बढ़ गई है। वही जवान की किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं मिलने से परिवार चिंताग्रस्त है। जवान भीम सिंह शेखावत 5 जून को आर्मी ट्रेनिंग के बाद 15 दिन की छुट्टी लेकर गांव आया था। तत्पश्चात 20 जून को 14 राजपूताना राइफल्स आर्मी बैस कैंप हर्षिल (उत्तराखंड) में नौकरी ज्वाइन कर ली थी, लेकिन 5 अगस्त को अचानक उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली में बादल फटने से पानी के बहाव में हर्षिल स्थित सेना के कैंप में मलबा व पानी घुसने से कई जवान लापता हो गए। जिसे लेकर शनिवार को जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह व पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने जवान के परिजनों से मुलाकात की। जहां जवान भीम सिंह के दादा ओनाडसिंह ने उनसे लापता जवान का जल्द सुराग लगाने व जवान को सकुशल ढूंढ कर जल्दी वापस लाने की गुहार लगाई। परिजनों ने सरकार से सर्च ऑपरेशन को तेज करने और जवान की सुरक्षित वापसी के लिए हर संभव प्रयास की मांग की है। जिस पर सांसद राव राजेंद्र सिंह व पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने संकट की इस घडी में उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और घटना स्थल पर चल रहे राहत-बचाव कार्य के बारे में बतलाया। वही सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि इस आपदा से प्रभावित हमारे परिवार के सदस्य श्री भीम सिंह शेखावत के परिजनों के साथ हम सब खड़े हैं। केंद्र सरकार, गृह एवं रक्षा मंत्रालय, उत्तराखण्ड एवं राजस्थान सरकार, जिला प्रशासन एवं राहत-बचाव टीमें पूरी तत्परता एवं मुस्तैदी से कार्य में जुटी हुई है और हम लगातार उनके सम्पर्क में हैं। इस दौरान ओनाड सिंह, मुकेश सिंह, राजेंद्र अदाली, कँवरपाल सिंह, बृजपाल सिंह, बलवीर सिंह, गोपाल सिंह, भवानी सिंह, सरवन सिंह, रमेश सिंह, नितेश सिंह, मोनू सिंह, लौकी, दिनेश, अमन, सोनू आदि उपस्थित रहे।

### फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

**नदबई भरतपुर** (निस)। गांव बैलारा में युवक के घर पर दिनदहाडे फायरिंग करने पर दम्पत्ति को घायल होने के मामलें में पुलिस ने देर रात एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार कुम्हेर थाना क्षेत्र के गांव कूम्हा निवासी जयप्रकाश उर्फ बिट्टू जाटव पुत्र बाबूलाल जाटव को मुखबिर की सूचना पर कुम्हेर बाईपास चौराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को पुलिस रिमांड पर भेज दिया। विभागीय सूत्रों की मानें तो, मामलें में पहले बैलारा निवासी शराब ठेकाकर्मी सन्नी सिंह पुत्र निर्भय सिंह सहित कबई निवासी सौरभ जाटव पुत्र धर्मवीर जाटव, बॉवी पुत्र राकेश उर्फ प्रथ्वी जाटव व हरवीर सिंह पुत्र सोवरन सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस गिरफ्तार बदमाशों से अज्ञात हथियार बरामदगी के साथ ही फरार अन्य बदमाशों की जांच पड़ताल कर रही। हालांकि, अन्य बदमाशों का पुलिस को सुराग नही लग सका। गौरतलब है कि, बुधवार को बैलारा निवासी सरमन सिंह, बैलारा सर्किल के समीप अंग्रेजी शराब ठेका पर शराब खरीद रहा। इसी दौरान शराब की ओवर रेट को लेकर सरमन सिंह व ठेकाकर्मी के बीच विवाद के बाद ठेकाकर्मी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर, युवक के घर पर जमकर फायरिंग की। जिसमें सरमन सिंह व उसकी पत्नी पिस्ता देवी घायल हो गई। बाद में घायल युवक सरमन सिंह के पुत्र संजू सिंह ने गिरफ्तार आरोपी सहित करीब एक दर्जन अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

### यात्रा का भव्य स्वागत

**पावटा।** प्रतिवर्ष की भांति गुर्जर समाज के आराध्य, सुप्रसिद्ध लोक देवता भगवान श्री देवनारायण की 34 वीं विशाल ध्वज- पताका पदयात्रा शुक्रवार सुबह पावटा पहुंची। पावटा कस्बे में प्रवेश करते ही पदयात्रियों व श्रद्धालूओं का कस्बे में जगह-जगह स्वागत सत्कार का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात्रि तक चलता ही रहा। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड़ के नेतृत्व में पावटा कस्बा पुराने पेट्रोल पंप के पास बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों ने पदयात्रियों का तिलक लगाकर स्वागत किया एवं बाबा के ध्वजों का विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। इसके उपरान्त नगर के मुख्य मार्गो से भगवान श्री देवनारायण की विशाल शोभायात्रा अपार जोश, उत्साह के साथ निकाली गई। शोभायात्रा भगवान श्री देवनारायण के जयकारों से गुंज उठी। वहीं शोभायात्रा में भगवान श्री देवनारायण की रंग- बिरंगी ध्वज- पताकाओं व नृत्य प्रदर्शन ने मन मोह लिया। शोभायात्रा का कस्बे में विभिन्न स्थानों पर अलग- अलग समाज के संगठनों एवं व्यापारिक संगठनों ने स्वागत एवं तोरण द्वार लगाकर बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड़ ने बताया कि श्रद्धा और आस्था से परिपूर्ण भावनाएं, जयकारों की ओजस्वी गूंज, तथा समर्पण की भावना से ओतप्रोत समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा भगवान श्री देव नारायण जी की यात्रा का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया गया। यह अलौकिक क्षण न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं की गौरवमयी विरासत का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता, सामूहिक श्रद्धा और सेवा भाव का भी अनुपम उदाहरण है। वहीं ध्वज-पताका पदयात्रा श्री देवनारायण मंदिर से शुक्रवार 22 अगस्त को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ रवाना होकर श्री देव मंदिर भाबरू, श्रीदेवका हरवाडा, श्री देव मंदिर चौमेरिया, श्री देव मंदिर गोनेर, श्री देव मंदिर चाकसू, श्री देव मंदिर निवाई से होते हुये आगामी 28 अगस्त को टोंक निवाई स्थित श्री देव धाम जोधपुरिया पहुंचेगी। जहां भगवान श्री देवनारायण को ध्वज पताकायें अर्पित की जायेगी। इस दौरान आशीष धनखड, प्रनितिन सिंह, हरवीर सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीण मौजूद रहें।

### मेला महोत्सव 26 से

**फुलेरा।** श्री सिद्ध गणेश मन्दिर सेवा समिति फुलेरा की ओर से गणेश चतुर्थी के अवसर पर तीन दिवसीय 25वाँ विशाल मेला महोत्सव 26 अगस्त से आयोजित किया जाएगा। मंदिर समिति के संरक्षक अशोक साबू ने बताया कि श्री सिद्ध गणेश मन्दिर सेवा समिति के अध्यक्ष जगदीश सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मेला महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमे मंगलवार 26 अगस्त को सुबह 9.15 बजे से श्रीसिद्ध गणेश पंचामृत अभिषेक व मेहन्वी रस्म, सर्वदेव आ ान, बुधवार 27 अगस्त मेला ध्वजारोहण, ध्वज पूजन, गणपति पूजन व भोग आरती (समिति के पदाधिकारियों द्वारा) सायंकाल महाआरती (मुख्य अतिथियों द्वारा) गुरुवार 28 अगस्त को पूर्णाहूति एवं समापन व प्रसाद वितरण किया जाएगा।



पाकिस्तान वाले पूरी दुनिया के मुसलमानों के ठेकेदार बनने की कोशिश करते हैं। पाकिस्तान को खुद पर ध्यान देने की जरूरत है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी से जुड़ा किस्सा सुनाते हुए कही। - **इरफान पठान**

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर, शाहिद आफरीदी को सलाह देते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** देविका सिहाग



**भारतीय** शटलर देविका सिहाग ने रविवार को मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2025 टूर्नामेंट में हमवतन ईशारानी बरुआ को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। आज यहां 25 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 100वें स्थान पर काबिज देविका ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ईशारानी को 15-7, 15-12 से हराया। देविका सिहाग के करियर का पहला अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2024 में इंटरनेशनल सीरीज लेवल पर स्वीडिश ओपन और पुर्तगाल इंटरनेशनल खिताब जीते थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत ने एशिया कप का पहला खिताब 1984 में जीता था। आखिरी बार टीम इंडिया ने 2023 एशिया कप का खिताब जीता था।

## एशिया कप में संजू सैमसन ओपनर नहीं होंगे, मीडिल ऑर्डर में उतरकर खुद ही बता दिया



नई दिल्ली, 24 अगस्त। भारतीय टीम मेंशुभमन गिलको शामिल किए जाने के बाद से ही बैटिंग कॉम्बिनेशन को लेकर बहस जारी है। क्या संजू सैमसन को प्लेइंग इलेवन में जगह मिलेगी? क्या शुभमन गिल ओपन करेंगे या तीसरे क्रम पर उतरेंगे? हालांकि इस तरह के सवालों का जवाब अब संजू ने खुद दे दिया है। भारत की पिछली तीन टी20 सीरीज से ओपनिंग की सफल जिम्मेदारी संभालने के बाद अब एक बार फिर संजू मिडिल ऑर्डर में लौटेंगे। एशिया कप की तैयारियों के तहत संजूकेरल क्रिकेट लीग( ) में खेलने उतरे और उन्होंने छठे क्रम पर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कुछ दिनों पहले भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावसकर ने सुझाव दिया था कि संजू को नंबर 6 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। उस वक्त यह बात ज्यादातर लोगों को ठीक नहीं लगी। लेकिन जल्द ही संजू ने  में कोच्चि ब्लूटाइगर्स के लिए अपने पहले मैच में नंबर 5 पर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि इस मैच में उनकी बैटिंग नहीं आई, लेकिन अगले मैच में उन्हें छठे नंबर पर बैटिंग करने का मौका मिला। नए क्रम पर संजू थोड़े असहज दिखे और 22 गेंदों में केवल 13 रन बनाकर आउट हो गए।

## क्रीड़ा प्रतियोगिता 21 से 25 अगस्त तक महुआ में आयोजित

भरतपुर, 24 अगस्त। संभागस्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता सत्र 2025-26 प्रवेशिका/वरिष्ठ उपाध्याय छात्र वर्ग (19 वर्ष) का आयोजन 21 से 25 अगस्त तक क्रीड़ा केन्द्र रेशम कौर हरभेजी देवी राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय महुआ पर किया जा रहा है। संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु क्रीड़ा केन्द्र रेशम कौर हरभेजी देवी राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय महुआ भरतपुर पर संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी भरतपुर सतीश कुमार बाघोरिया के आदेशानुसार केंद्राध्यक्ष दीवान सिंह प्रधानाचार्य महुआ, विभागीय अधिकारी मुकेश चंद सिंघल प्रधानाचार्य सैदपुरा, सहायक विभागीय अधिकारी ताराचन्द जागिड प्रधानाचार्य सहनावली, पर्यवेक्षक मेधसिंह अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकरी भरतपुर, मुख्य निर्णायक यदुवीर सिंह शारीरिक शिक्षक एवं अन्य दर्जनो प्राध्यापक, वरिष्ठ अध्यापक, शारीरिक शिक्षको को लगाया गया। मुख्य निर्णायक यदुवीर सिह शारीरिक शिक्षक ने बताया कि क्रीडा प्रतियोगिता के दौरान मुख्य खेल कुश्ती 57 किलो, 65, 70, 74, 79, 92 किलो में इंद्रौली डीग विजयी रही। केन्द्र अध्यक्ष प्रधानाचार्य दीवान सिह ने बताया कि क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन 25 अगस्त को किया जायेगा। समापन के दौरान विजेता टीमों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जायेगा।

## क्रीड़ा भारती द्वारा क्रीड़ा केन्द्र प्रमुख, संचालकों का प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

जयपुर, 24 अगस्त । क्रीड़ा भारती के अंतर्गत द्वारा क्रीड़ा केन्द्र प्रमुख संचालकों का प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 23 एवं 24 अगस्त को आदर्श विद्या मंदिर, झोटवाड़ा, जयपुर में सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण वर्ग पाँच क्षेत्रों में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल एवं फुटबॉल खेलों का समग्र प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा खेलों के नियम एवं उप-नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन क्रीडा भारती के क्षेत्र संयोजक मेघ सिंह चौहान एवं प्रान्त मंत्री कैलाश शर्मा द्वारा किया गया। मेघ सिंह चौहान ने खेलों के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कैलाश शर्मा ने बताया कि खेलों के संचालन के माध्यम से आम जनता तक किस प्रकार खेल भावना विकसित की जा सकती है। सत्र के अंतर्गत प्रांत योग प्रमुख सत्यपाल ने योग एवं सूर्य नमस्कार के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं, खो-खो और फुटबॉल का परीक्षण प्रान्त क्रीडा केंद्र प्रमुख भीम सिंह द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग के उपरान्त क्रीड़ा केन्द्र संचालक, प्रमुख एवं कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में नए-नए खेलों का संचालन करेंगे। इनके माध्यम से आम जनमानस में खेल भावना का विकास होगा तथा अधिक से अधिक युवा वर्ग खेलों से जुड़कर शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त बन सकेगा। कार्यक्रम का समापन एवं आभार प्रदर्शन महा नगर भाग 4 संयोजक अमित सिंह द्वारा किया गया।

## वर्ल्ड कप के वेन्यू का ऐलान, 8 शहरों में 54 मुकाबले

नई दिल्ली, 24 अगस्त। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने 2027 के वनडे वर्ल्ड कप का रोडमैप जारी कर दिया है। इस वर्ल्ड कप में कुल 54 मैच खेले जाएंगे, जिनकी मेजबानी साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया मिलकर करेंगे। साउथ अफ्रीका को 44 मैचों की मेजबानी मिली है, जबकि जिम्बाब्वे और नामीबिया 10 मैचों की मेजबानी करेंगे। साउथ अफ्रीका में आठ अलग-अलग शहरों में मैच खेले जाएंगे, जिनमें जोहान्सबर्ग, प्रिटोरिया, केप टाउन, डरबन, ईस्ट लंदन और पाल शामिल हैं। जिम्बाब्वे के बुलवायो और हरारे में भी मैच होंगे, वहीं नामीबिया के यूनाइटेड ग्राउंड में भी मुकाबले खेले जाएंगे। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने कहा है कि ''2027 का वर्ल्ड कप एक बड़ी ऑपर्च्युनिटी है।

### ऑस्ट्रेलिया की वनडे में दूसरी सबसे बड़ी जीत

# तीसरे वनडे में द. अफ्रीका को 276 रन से हराया, ट्रैविस हेड ने 142 रन बनाए

नई दिल्ली, 24 अगस्त। ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को तीसरे वनडे में 276 रनों से हरा दिया। हालांकि, साउथ अफ्रीका ने यह सीरीज 2-1 से जीत ली। ऑस्ट्रेलिया की वनडे इतिहास में रन के अंतर से दूसरी सबसे बड़ी जीत है। टीम की सबसे बड़ी जीत 309 रन की है, जो 2023 में नीदरलैंड के खिलाफ दर्ज की थी। रविवार को मैकाय में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 2 विकेट पर 431 रन बनाए। जबाव में साउथ अफ्रीका की टीम 155 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने 10 साल बाद वनडे में 400 से ज्यादा का स्कोर बनाया। इससे पहले, 4 मार्च 2015 को पर्थ में अफगानिस्तान के खिलाफ 417 रन बनाए थे।



ऑस्ट्रेलिया ने तीसरी बार बनाया 400 का स्कोर ऑस्ट्रेलिया ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में तीसरी बार 400 या इससे ज्यादा का स्कोर बनाया है। टीम ने पहली बार 400 रन का आंकड़ा 2006 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही पार किया था। तब जोहांसबर्ग में खेले गए वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 434/4 का स्कोर बनाया था। हालांकि, साउथ अफ्रीका ने जवाब में 49.5 ओवर में 9 विकेट पर 438 रन बनाकर मैच जीत लिया था।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी बार 400 का स्कोर 2015 में पर्थ में अफगानिस्तान के खिलाफ बनाया था। तब ऑस्ट्रेलिया ने 417/6 का स्कोर बनाया। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 142 रन पर ऑलआउट हो गई और ऑस्ट्रेलिया ने मैच 275 रन से जीत लिया।

## ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

श्यामकेंट, 24 अगस्त। एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में रविवार को भारत के ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। आज यहां खेले गये फाइनल मुकाबले में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने चीन के झाओ वेन्यू (462.0) को पछाड़ कर 462.5 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ऐश्वर्य का इसी स्पर्धा में यह दूसरा एशियाई खिताब है इससे पहले उन्होंने 2023 में भी स्वर्ण पदक जीता था। अखिल श्योराण ने भी इस साल फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन पाँचवें स्थान पर रहे, जबकि एक अन्य भारतीय निशानेबाज चैन सिंह चौथे स्थान पर रहे। जापान के नाओया ओकाडा ने कांस्य पदक जीता। ऐश्वर्य तोमर, चैन सिंह और अखिल श्योराण की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में 1747 अंकों के साथ रजत पदक भी जीता। भारतीय टीम स्वर्ण पदक विजेता चीन से केवल तीन अंक पीछे। कोरिया गणराज्य ने टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

# सौरव गांगुली प्रिटोरिया कैपिटल्स के हेड कोच बने

### दक्षिण अफ्रीका टी-20 लीग में पहली बार कोचिंग करेंगे, जोनाथन ट्रॉट ने पद छोड़ा



नई दिल्ली, 24 अगस्त। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली साउथ अफ्रीका टी-20 (20) लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स के नए हेड बन गए हैं। 20 के चौथे सीजन की शुरुआत 26 दिसंबर से होगी। गांगुली टीम में जोनाथन ट्रॉट की जगह लेंगे। वे पहले से ही प्रिटोरिया कैपिटल्स की पैरेंट कंपनी  स्पोर्ट्स के क्रिकेट डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे हैं। गांगुली हमारे नए हेड कोच होंगे  ने सौरव गांगुली को पिछले साल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट बनाया था। गांगुली 9 सितंबर को 20 ऑक्शन में प्रिटोरिया कैपिटल्स के लिए मौजूद रहेंगे। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने इंस्टा पर पोस्ट करते हुए लिखा, प्रिंस कैपिटल्स कैंप में रॉयल रंगत लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। हम सौरव गांगुली को अपने नए हेड कोच के रूप में घोषित करते हुए बेहद उत्साहित हैं। सेंचुरियन इंतजार कर रहा है। सौरव गांगुली पहली बार किसी टीम के हेड कोच बने हैं। 2015 से 2019 के बीच गांगुली क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष रहे थे। उन्हें 2019 में दिल्ली कैपिटल्स का मेंटर बनाया गया था। लेकिन उन्होंने प्रेजिडेंट बनने के लिए फ्रेंचाइजी जल्दी छोड़ दी थी। पूर्व इंग्लिश बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट ने फ्रेंचाइजी के हेड कोच का पद सिर्फ एक सीजन बाद छोड़ दिया। ट्रॉट बतौर कोच पिछले सीजन 0 ग्रुप मैचों में दो जीत के साथ नॉकआउट में जगह बनाने में असफल रहे थे। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, जोनाथन ट्रॉट, आपके नेतृत्व और टीम के प्रति अटूट समर्पण के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। आपकी अगली यात्रा के लिए शुभकामनाएं।

## ब्रिसबेन में महिला टीम इंडिया को मिली करारी हार ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट से जीता एकमात्र टेस्ट

नई दिल्ली, 24 अगस्त। ब्रिसबेन के मैदान में इंडिया ए की टीम पहली पारी में बल्लेबाजी करने उतरी तो उसकी शुरुआत सही नहीं रही और 44 रन तक चार विकेट गिर गए थे। तभी राघ्वी बिष्ट ने 153 गेंद में 16 चौके से 93 रन की पारी



खेली। जिससे इंडिया ए की महिला टीम ने पहले खेलते हुए 299 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ए के लिए सिआना जिंजर ने 138 गेंद में 12 चौके और एक छक्के से 103 रन की पारी खेली। जिंजर की पारी से ऑस्ट्रेलिया ने 76।2 ओवर में 305 रन का टोटल बनाया और छह रन की लीड हासिल कर ली थी। इंडिया ए की टीम के लिए दूसरी पारी में शेफाली वर्मा ने 58 गेंद में दो चौके और दो छक्के से 52 रन की पारी खेली। उनके अलावा दूसरी पारी में भी राघवी बिष्ट का बल्ला गरजा और उन्होंने 119 गेंद में 13 चौके से 86 रन बनाए। जिसके चलते इंडिया ए की टीम दूसरी पारी में 286 रन ही बना सकी और ऑस्ट्रेलिया के लिए पांच विकेट हॉल एमी एडगर ने लिया।

# श्रेयस अय्यर ने एशिया कप की वजह से कप्तानी नहीं ली

नई दिल्ली, 24 अगस्त। एशिया कप के लिए भारतीय टीम मेंश्रेयस अय्यरको जगह नहीं मिली है। उन्होंने आईपीएल 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। टीम चयन से पहले रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि अय्यर एशिया कप में चुने जाएंगे। हालांकि चयनकर्ताओं ने उन्हें मौका नहीं दिया। अय्यर ने आखिरी बार भारत के लिए 2023 में टी20 मैच खेला था। अपने आखिरी मैच में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फिफ्टी ठोकी थी।

श्रेयस अय्यर दलीप ट्रॉफी में वेस्ट जोन का हिस्सा हैं। हालांकि वह कप्तान नहीं हैं। शार्दुल ठाकुर टीम की कप्तानी कर रहे हैं। श्रेयस ने खुद हीदलीप ट्रॉफीमें कप्तानी करने से मना कर दिया था। वह उम्मीद कर रहे थे कि एशिया कप की टीम में चुना जाएगा। इसी वजह से अय्यर ने दलीप ट्रॉफी में कप्तान नहीं ली। टाइम ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। अय्यर का नाम एशिया कप के स्टैंडबाई खिलाड़ियों में भी नहीं है। टाइम्स ऑफ इंडिया को सूत्र ने बताया- यह सच



है कि अय्यर ने वेस्ट जोन की चयन समिति की टीम की कप्तानी का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। इसके बाद समिति के अध्यक्ष संजय पाटिल ने ठाकुर से पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने का प्रस्ताव रखा, जिसे ठाकुर ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। वेस्ट जोन 4 से 7 सितंबर तक बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल मैच खेलेगा। यह देखना बाकी है कि श्रेयस को अब 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए टेस्ट टीम में शामिल किया जाएगा या नहीं। साई सुदर्शन और करुण नायर इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में मिले मौकों का पूरा फायदा उठाने में नाकाम रहे। इसी वजह से अय्यर को टीम में शामिल करने का दावा काफी मजबूत बताया जा रहा है।

## नाजी हिलांग ने 25 साल की उम्र में रचा इतिहास

नई दिल्ली, 24 अगस्त। बॉडीबिल्डर और फिटनेस कोच नाजी हिलांग ने 57वें एशियन बॉडी बिल्डिंग और फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में गोल्ड मेडल जीत लिया है। नाजी हिलांग मूलत:अरुणाचल प्रदेश की रहने वाली हैं।इस खास उपलब्धि के लिए केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने इंस्टाग्राम के जरिए उनको बधाई दी है। किरण रिजिजू ने सोशल मीडिया पर बधाई देते हुए कहा कि, मैं बहुत खुश हूं कि भारत की मिस हिलांग याजिक ने 15वीं साउथ एशियन बॉडीबिल्गिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में 1 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीता है। हिलांग ने इंस्टाग्राम पर बताया पहले किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में न जीत पाने का दर्द ही उन्हें और मेहनत करने की प्रेरणा बना। उन्होंने कहा कि, ये मेडल मैं अपने देश, अपने राज्य अरुणाचल, अपने कोच.. र अंतत: खुद को समर्पित करती हूं। वह एक पुलिस अफसर के रूप में करियर बनाना भी चाहती हैं। 15वीं साउथ एशियन बॉडीबिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में हिलांग ने गोल्ड मेडल और एक अन्य श्रेणी में सिल्वर पदक जीतकर इतिहास रच दिया था। वह अरुणाचल प्रदेश की पहली महिला बर्नी जिन्होंने इस खेल की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता।

### कैमरून ग्रीन ने ध्वस्त किया 19 साल पुराना रिकॉर्ड

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ठोका सबसे तेज शतक

नई दिल्ली, 24 अगस्त। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे में तूफानी शतक लगाया। वह 47 गेंद में शतक लगाते हुए ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। ग्लेन मैक्सवेल ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। कैमरून ग्रीन साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे में 50 ओवर में दो विकेट खोकर 431 रन बनाए। इसके जवाब में अफ्रीका की टीम 24.5 ओवर में 155 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज का आखिरी मैच 276 रनों से जीता। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श और कैमरून ग्रीन ने शतकीय पारी खेली। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने दोनों वनडे मैचों में जीत हासिल की थी। कैमरून ग्रीन ने 47 गेंदों में शतक लगाया, जोकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में सबसे तेज शतक है। उन्होंने मैथ्य हेडन का 2006 में बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ा। हेडन ने 66 गेंदों में शतक लगाया था। इस लिस्ट में युसूफ पठान तीसरे नंबर पर हैं। पठान ने 68 गेंद में शतक जड़ा था। अब्दुल रजाक ने 70 और रिकी पोंटिंग ने 71 गेंदों में शतक लगाया है।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। मार्श ने 106 गेंद में 100 और ट्रेविस हेड ने 103 गेंद में 142 रन बनाए।



दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 250 रन की साझेदारी हुई। अफ्रीका को पहला विकेट 35वें ओवर में मिला। इसके बाद कैमरून ग्रीन बल्लेबाजी के लिए उतरे। उन्होंने 55 गेंद में 118 रन ठोक दिए। अपनी पारी में उन्होंने 8 छक्के और 6 चौके लगाए।

## भारत की अंडर-17 महिला टीम ने सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप में भूटान को 8-0 से हराया

थिम्पू, (भूटान), 24 अगस्त। अनुष्का कुमारी की शानदार हैट्रिक की बदौलत भारत की अंडर-17 महिला टीम ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए मेजबान भूटान को 8-0 से हरा दिया। यह भारतीय महिला टीम की लगातार तीसरी जीत है। आज यहां चांगलिमथांग स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम के लिए अनुष्का (53वें, 61वें, 73वें) के शानदार प्रदर्शन के अलावा, अभिस्ता बसनेट (23वें, 89वें) ने दो गोल किए, जबकि पर्ल फर्नांडीस (71वें), दिव्यानी लिंडा (77वें) और वलैना फर्नांडीस (90वें, 2वें) ने गोल दागे। हाफ टाइम तक भारत 1-0 से आगे था। दूसरे हाफ में दबदबा कायम करते हुए भारतीय टीम ने 8-0 से जीत दर्ज की।

## 'डायमंड हार्बर एफसी को हराकर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने जीता डूरंड कप का खिताब

कोलकाता, 24 अगस्त। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने डायमंड हार्बर एफसी को हरा कर डूरंडकप का खिताब जीता। इस जीत के साथ ही नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने लगातार दूसरी बार खिताब जीतने वाली 12वीं टीम बन गई।

विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में शानिवार रात खेले गये फाइनल मुकाबले में डायमंड हार्बर एफसी को 6-1 से हराकर हाईलैंडर्स ने जुआन पेड्रो बेनाली की कप्तानी में डूरंड कप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। 34 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी टीम ने लगातार दूसरे साल डूरंड कप ट्रॉफी जीती हो। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने पहले हाफ में दो गोल दागकर शुरुआत में ही बढ़त बना ली। अशीर अख्तर (30वें मिनट) ने पहला गोल किया, जबकि पार्थिब गोगोई (45वें मिनट) ने हाफ टाइम से पहले गोल करके बढ़त दोगुना कर दिया।

## 22 साल के ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने बनाया महारिकॉर्ड, तोड़ दिया 38 साल पुराना रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 24 अगस्त। ऑस्ट्रेलिया टीम ने तीसरे वनडे मैच में पहले बल्ले से और फिर गेंद से कमाल करके दिखाया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने साउथ अफ्रीका टीम को दिन में तारे दिखा दिए। इस दौरान 22 साल के कूपर कोनोली ने अफ्रीका की पूरी टीम को पवेलियन भेजने का काम किया। कूपर ने 38 साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए नया इतिहास रच दिया।

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे और आखिरी वनडे में साउथ अफ्रीका को 276 रनों से करारी शिकस्त दी। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ 2 विकेट खोकर 431 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श ने पहले विकेट के लिए 250 रन जोड़े।

हेड ने 103 गेंद पर 17 चौके और 5 छक्कों की मदद से 142 रन बनाए, जबकि मार्श ने 106 रन की कप्तानी पारी खेली। इसके बाद कैमरन ग्रीन और एलेक्स कैरी ने टीम को और मजबूती दी। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 164 रन की नाबाद साझेदारी की। ग्रीन ने केवल 55 गेंद पर 8 छक्कों और 6 चौकों से सजी 118 रनों की नाबाद पारी



खेली। वहीं कैरी ने 50 रन का योगदान दिया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने ताश के पत्तों की तरह ढह गई। महज 24.5 ओवर में 155 रन पर पूरी टीम पवेलियन लौट गई। ऑस्ट्रेलिया की इस जीत के हीरो रहे सिर्फ 22 साल के युवा स्पिनर कूपर कोनोली, जिन्होंने 6 ओवर में 22 रन देकर 5 विकेट झटके।

वहीं इस दौरान कूपर कोनोली ने 38 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए नया इतिहास रचा। कूपर वनडे क्रिकेट में सबसे कम उम्र में 5 विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गए। उन्होंने क्रेग मैकडरमोट का कीर्तिमान ध्वस्त किया। क्रेग मैकडरमोट ने साल 1987 में पाकिस्तान के खिलाफ लाहौर में 22 साल और 204 दिन की उम्र में ये कारनामा अपने नाम किया था।

### चेतेश्वर पुजारा क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायर

# दो साल से टीम से बाहर थे, सोशल मीडिया पर लिखा- हर अच्छी चीज का अंत होता है

नई दिल्ली, 24 अगस्त। भारतीय बैटर चेतेश्वर पुजारा ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर रिटायरमेंट की जानकारी दी। पुजारा ने कहा- जब मैंने 2010 में माही भाई की कप्तानी में डेब्यू किया। वह लम्हा किसी सपने के सच होने जैसा था, क्योंकि उस वक्त टीम में द्रविड़, तेंदुलकर, गांगुली, गंभीर, लक्ष्मण जैसे दिग्गज खिलाड़ी थे। हरभजन सिंह, जहीर खान जैसे दिग्गजों को देख मैं बड़ा हुआ था, इसलिए वह मेरे क्रिकेट करियर के सबसे गौरवपूर्ण लम्हों में से एक रहा।

पुजारा ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच जून 2023 (टेस्ट ) में खेला था। उनका इंटरनेशनल करियर 15 साल का रहा। इंटरनेशनल क्रिकेट में पुजारा ने साल



2010 में डेब्यू किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरु में डेब्यू किया था, जो कि एक टेस्ट मैच था।

टेस्ट क्रिकेट में पुजारा ने 103 मैच की 176 पारियों में 43.60 की औसत से 7,195 रन बनाए। इस दौरान 19 शतक और 35 अर्धशतक लगाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 206  रन रहा है। हालांकि, वनडे में उन्होंने 5 मैच खेले और 10.20 की औसत के साथ कुल 51 रन बनाए थे, जिसमें उनका बेस्ट 27 रन था। वे कोई टी-20 इंटरनेशनल मुकाबला नहीं खेल सके थे। पोस्ट में लिखा, भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और मैदान पर हर बार अपना बेस्ट प्रदर्शन करना एक ऐसा अनुभव था जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। लेकिन जैसा कि कहते हैं, हर अच्छी चीज का अंत होता है। मैं दिल से आभारी हूं और सभी फॉर्मेट से क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है।

मैं सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं पुजारा ने लिखा, मैं  और सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को मेरे क्रिकेट करियर में मिले अवसर और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन सभी टीमों, फ्रेंचाइजी और काउंटी टीमों का भी आभारी हूं जिनका मैं इतने सालों में प्रतिनिधित्व कर पाया हूं। मैं अपने गुरुओं, प्रशिक्षकों और आध्यात्मिक गुरु के अमूल्य मार्गदर्शन के बिना यहां तक नहीं पहुंच पाता। मैं उनका सदैव ऋणी रहूंगा।

मेरे सभी साथियों, सहयोगी स्टाफ, नेट बॉलर, विश्लेषक, लॉजिस्टिक्स टीम, अंपायर, ग्राउंड स्टाफ, स्कोरर, मीडियाकर्मियों और उन सभी लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद, जो पर्दे के पीछे अथक परिश्रम करते हैं ताकि हम इस प्यारे खेल में प्रतिस्पर्धा कर सकें और खेल सकें। मेरे प्रायोजकों, साझेदारों और प्रबंधन टीम के लिए मैं सालों से मुझ पर आपकी निष्ठा और विश्वास और मेरे मैदान के बाहर की गतिविधियों का ध्यान रखने के लिए आपका तहे दिल से आभारी हूं।

## इंजरी के बाद वापसी करेंगी मीराबाई चानू

### राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में पदक जीतने पर नजर

नई दिल्ली, 24 अगस्त। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू एक साल के अंतराल के बाद सोमवार को प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी करेंगी और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में घरेलू चुनौती की अगुवाई करेंगी जिसमें भारतीय भारोत्तोलकों से पदकों की झड़ी लगाने की उम्मीद है। हाल के वर्षों में चोटों से जूझती रहीं चानू पिछली बार पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक में खेली थीं जिसमें वह एक किलोग्राम से पोडियम स्थान से चूक गई थीं।



31 वर्षीय मीराबाई ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए नए ओलंपिक भार वर्ग लागू होने के बाद 49 किग्रा से 48 किग्रा में जाने का फैसला किया है। वह इस 48 किग्रा भार वर्ग में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब और दो राष्ट्रमंडल खेलों के पदक जीत चुकी हैं लेकिन 2018 के बाद से इसमें प्रतिस्पर्धा नहीं की है। वजन को नियंत्रित करना एक चुनौती होगी और चानू ने खुद इसे स्वीकार किया है। लेकिन इस दृढ़ निश्चयी मणिपुरी खिलाड़ी ने यह चुनौती स्वीकार कर ली है। मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा के साथ मिलकर काम करते हुए मीराबाई अपनी तकनीक को भी निखार रही हैं ताकि स्नैच में 90 किलोग्राम का वजन उठा सकें। अक्टूबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचने की तैयारी में जुटी चानू ने कहा कि वह राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पूरी ताकत नहीं झोंकेंगी जो अगले साल ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंटों में से एक है। इस दौरान उन्होंने कहा कि, मैं अहमदाबाद में पूरी ताकत नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हूं।

# सोम-मंगल को सांसदों, विधायकों से संवाद करेंगे मुख्यमंत्री

## विधानसभा सत्र से पहले मुख्यमंत्री की पहल को विधायकों की नाराजगी दूर करने का प्रयास माना जा रहा है

■ **सितंबर 2024 में भी विधानसभा सत्र से पहले मुख्यमंत्री भजन लाल ने विधायकों से संवाद किया था। इस बार सोमवार को सुबह के सत्र में कोटा, झालावाड़, टोंक, सवाईमाधोपुर, भरतपुर, करौली के विधायकों व विधायक प्रत्याशियों को बुलाया गया है।**

जयपुर, 24 अगस्त। पिछले साल की तरह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस वर्ष भी प्रदेश के सांसदों व विधायकों से सोमवार व मंगलवार को संवाद करेंगे। इस संवाद की शुरुआत कोटा लोकसभा क्षेत्र से होगी। सभी सांसदों और विधायकों को लोकसभावार सीएमआर में बुलाया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इस कवायद को विधायकों की नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है। प्रदेश में कई विधायक सार्वजनिक मंचों और कई पार्टी स्तर पर सरकार में सुनवाई नहीं होने की बात कह चुके हैं। कहा जा रहा है कि 1 सितंबर से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विधायकों से संवाद करके उन्हें संतुष्ट करना चाहते हैं। जिससे सत्र के दौरान भाजपा के विधायक अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा नहीं खोलें। फीडबैक कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ भी मौजूद रहेंगे।

दिसंबर 2024 में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा सत्र से पहले विधायकों से संवाद किया था। संवाद की शुरुआत कोटा लोकसभा क्षेत्र से होगी। मुख्यमंत्री आवास में सोमवार को सुबह के सत्र में कोटा, झालावाड़, टोंक-सवाईमाधोपुर, भरतपुर और करौली-भरतपुर के सांसद, विधायक व सांसद-विधायक प्रत्याशी रहे नेताओं को बुलाया गया है। वहीं शाम के सत्र में उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा और भीलवाड़ा के सांसद, विधायक और पूर्व प्रत्याशी मौजूद रहेंगे। इसी तरह मु.मंत्री मंगलवार को शेष बचे लोकसभा क्षेत्रों के सांसद-विधायकों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संवाद कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्षों को भी बुलाया गया है।गौरतलब है कि प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार भी प्रस्तावित है।

केंद्रीय नेतृत्व भी साफ कर चुका है कि पार्टी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी रखने वाले विधायकों को मंत्रिमंडल में तरजीह दी जाएगी। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा जिलाध्यक्ष अपने-अपने जिलों के विधायकों की परफॉर्मेंस की रिपोर्ट भी रखेंगे।

भाजपा विधायक कई बार मंत्रियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर चुके हैं। लालसोट से भाजपा विधायक रामबिलास मीणा अपनी ही सरकार के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की कार्यशैली से नाराज हो गए थे। उन्होंने यहां तक कह दिया था कि वे मुख्यमंत्री से उनकी शिकायत करेंगे।

### फर्रुखाबाद में गंगा नदी खतरे के निशान से 25 सेमी ऊपर बही

फर्रुखाबाद, 24 अगस्त। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में गंगा नदी रविवार को खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर उपर बह रही हैं। अब तक जिले में 162 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए तथा दर्जनों मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं।

जिले में गंगा नदी पिछले एक पखवाड़े से खतरे के निशान से लगातार ऊपर बह रही है, जिससे 162 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं तथा करीब 5 हजार एकड़ कृषि भूमि की फसल नष्ट होने से मवेशियों के के लिए चारे की किल्लत पैदा हो गई है। जिला प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों के राहत के लिए 154 नाव तथा 11 मोटर बोट ,राहत एवं बचाव कार्य की कई टीम लगाई हैं। प्रवक्ता ने बताया कि फर्रुखाबाद में गंगा नदी में आज नरौरा बांध से 134584 क्यूसेक पानी छोड़ गया। यहां गंगा का जलस्तर आज रविवार प्रात: 8:00 बजे 137.35 सेंटीमीटर रिकॉर्ड किया गया जो खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर ऊपर है वही गंगा की सहायक नदी राम गंगा में रामनगर बैराज आदि से13337 क्यूसैक पानी छोड़ा गया।

■ **जिले में 162 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए, दर्जनों मकान क्षतिग्रस्त हुए।**

# यूक्रेन द्वारा तेल रिफाइनरियों पर हमले से रूस में पेट्रोल की कीमत में भारी वृद्धि

## रूस की सरकार ने इस संकट से निपटने के लिए पेट्रोल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया

■ **यूक्रेन, रूसी युद्ध मशीनों को नुकसान पहुंचाने के लिए रिफाइनरियों, पंपिंग स्टेशनों व ईंधन ट्रेनों पर ड्रोन हमले केन्द्रित कर रहा है।**

कीव, 24 अगस्त । यूक्रेन द्वारा रूस की तेल रिफाइनरियों पर हमलों में वृद्धि के कारण रूस में पेट्रोल की कीमतें रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुँच गई हैं, जबकि, सरकार ने इस संकट से निपटने के लिए पेट्रोल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन रूसी युद्ध मशीनों को नुकसान पहुँचाने के लिए रिफाइनरियों, पंपिंग स्टेशनों और ईंधन ट्रेनों पर ड्रोन हमलों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है साथ ही रूस में दैनिक जीवन को भी बाधित करने की कोशिश कर रहा है। गर्मियों में रूस के ड्राइवरों और किसानों के बीच पेट्रोल की माँग चरम पर होती है।

सीएनएन द्वारा किए गए हमलों की गणना के अनुसार, यूक्रेनी ड्रोन ने अकेले इस महीने कम से कम 10 प्रमुख रूसी ऊर्जा संयंत्रों पर हमला किया है।

यूक्रेन की खुफिया सेवा के अनुसार जिन रिफाइनरियों पर हमला किया गया है उनमें सालाना 44 मिलियन टन से ज़्यादा उत्पाद उतारे हैं जो रूस की क्षमता का 10 प्रतिशत से भी ज़्यादा है और यह रणनीति कारगर होती दिख रही है।

यूक्रेन के मानवरहित प्रणालियों के कमांडर रॉबर्ट ब्रोवडी के अनुसार इन लक्ष्यों में दक्षिणी रूस की सबसे बड़ी वोल्गोग्राद स्थित विशाल लुकोइल रिफ़ाइनरी, दक्षिणी रूस में स्थित सारातोव में एक बड़ी रिफ़ाइनरी और रोस्तोव क्षेत्र में स्थित एक और रिफ़ाइनरी शामिल है।

यूक्रेन की विदेशी खुफिया सेवा ने पिछले गुरुवार को एक रिपोर्ट में कहा कि रूसी कंपनियां घरेलू कमी को दूर करने के लिए बेलारूस से तत्काल तेल खरीद रही हैं।

रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन रूस के तेल निर्यात में भी बाधा डालने की कोशिश कर रहा है। पिछले हफ्ते उसके ड्रोन ने द्रुज़्बा पाइपलाइन पर हमला किया जो हंगरी और स्लोवाकिया को रूसी तेल की आपूर्ति करती है।

दोनों देशों ने यूरोपीय संघ से शिकायत करते हुए कहा कि "इन हमलों से यूक्रेन मुख्य रूप से रूस को नहीं, बल्कि हंगरी और स्लोवाकिया को नुकसान पहुँचा रहा है।"

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया और हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टरबन को एक लिखित नोट में कहा कि वह इस व्यवधान से "बहुत नाराज़" हैं।

# भारत ने स्वदेशी एयर डिफेंस प्रणाली बनायी

■ **इस बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली का सफल परीक्षण 23 अगस्त को ओडिशा के तट पर किया गया।**

नई दिल्ली, 24 अगस्त। भारत ने अपनी रक्षा क्षमता को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाते हुए इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस हथियार प्रणाली (आईएडब्ल्यूएस) का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण 23 अगस्त को ओडिशा तट से किया गया, जिसने देश को उन चुनिंदा राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल कर दिया है जिनके पास आधुनिक और पूरी तरह स्वदेशी बहु-स्तरीय वायु रक्षा प्रणाली मौजूद है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमानों, ड्रोन, हेलीकॉप्टर और क्रूज मिसाइल जैसे हवाई खतरों को अलग-अलग स्तर पर रोकने में सक्षम है। आईएडब्ल्यूएस में क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल (क्यूआरएसएएम), एडवांस्ड वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम और लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार शामिल हैं। इनमें से लेजर हथियार को आधुनिक युद्ध की दिशा बदलने वाला गेमचेंजर माना जा रहा है, जो दुश्मन के लक्ष्यों को पलभर में नष्ट कर सकता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर डीआरडीओ, भारतीय सशस्त्र बलों और उद्योग जगत को बधाई देते हुए कहा, यह परीक्षण हमारी बहु-स्तरीय एयर डिफेंस क्षमता को स्थापित करता है और महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा को मजबूत बनाएगा।

### 'बिहार में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आपको प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया है और आप उन्हें बिहार में मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार कब घोषित करेंगे।

उन्होंने कहा कि हमारे गठबंधन में बढ़िया तालमेल है और फिलहाल हमारा ध्यान वोटरों के अधिकारों को सुरक्षित करने की तरफ़ है।

# गोपालपुरा बायपास के रिहायशी इलाके से लैपर्ड शावक रेस्क्यू किया

## वन विभाग की टीम एम. एन. आई. टी. कैम्पस के पास दूसरी लैपर्ड की तलाश में जुटी है

जयपुर (कासं), 24 अगस्त। राजधानी जयपुर में झालाना के जंगल के निकलकर एक लेपर्ड शावक गोपालपुरा बाईपास के रिहायशी इलाके में घुस गया। जिसे रविवार सुबह वन विभाग की टीम ने ट्रैंकुलाइज़ करके पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि पिछले 4 दिनों से इस क्षेत्र में लेपर्ड का मूवमेंट हो रहा था और गोपालपुरा पुलिया के नजदीक एन.बी.सी. बैरिंग फैक्ट्री के आसपास के इलाके में उसके पगमार्क (पंजों के निशान) मिल थे। इस कारण पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल था। बताया जा रहा है कि लेपर्ड शावक की उम्र करीब 10 से 12 महीने की है। वह भोजन और मां की तलाश में वन क्षेत्र से भटकते हुए गोपालपुरा के रिहायशी इलाके में जा पहुंचा। अब वन विभाग की टीम एम.एन.आई.टी. कैंपस के आसपास घूम रही दूसरी लेपर्ड की तलाश में भी जुटी है।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गोपालपुरा पुलिया के नजदीक एनबीसी फैक्ट्री में 21 अगस्त की शाम लेपर्ड मूवमेंट की जानकारी मिली थी। इसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने फैक्ट्री एरिया में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। लेकिन देर रात होने की वजह से लेपर्ड को तलाश नहीं सके। इसके बाद टीम ने मौके पर पिंजरा भी लगाया था। शुक्रवार सुबह वन विभाग की टीम को लेपर्ड के पगमार्क फैक्ट्री एरिया से बाहर जाते हुए मिले। इसके बाद वन विभाग की टीम ने स्मृति वन, जलधारा और एमएनआईटी परिसर में भी सर्च ऑपरेशन शुरू किया। शनिवार को एक बार फिर लेपर्ड के पगर्मा फैक्ट्री की ओर जाते हुए मिले। इसके बाद शनिवार रात को फिर से वन विभाग की टीम ने फैक्ट्री एरिया में तलाश शुरू की और लेपर्ड को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया। एक्सपर्ट ट्रैंकुलाइज़र डॉक्टर अरविंद माथुर को भी बुलाया गया। इनकी देखरेख में रविवार अल सुबह लेपर्ड का सफल रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया।



*जयपुर में झालाना के जंगल से निकलकर गोपालपुरा बाईपास के रिहायशी इलाके में पहुंचे लेपर्ड शावक को वन विभाग की टीम ने ट्रैंकुलाइज़ करके पकड़ लिया।*

■ **गोपालपुरा पुलिया के पास एन. बी. सी. फैक्ट्री एरिया में 21 अगस्त को लैपर्ड के मूवमेंट की जानकारी मिली थी। शुक्रवार और शनिवार को भी लैपर्ड का मूवमेंट तथा पगमार्क नज़र आए थे।**

क्षेत्रीय वन अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि लेपर्ड मेल है, जिसकी उम्र 10 से 12 महीने की है और फिलहाल वो पूरी तरह से सकुशल है। उसे एक्सपर्ट की निगरानी में झालाना लेपर्ड रिजर्व में रखा गया है। अब उसकी मां पूजा को पकड़ने की भी तैयारी की जा रही है।

जिसका पिछले कुछ वक्त से एमएनआईटी परिसर में लगातार मूवमेंट हो रहा है।

### बिहार में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दौरान मतदाता अपने अपेक्षित संक्षिप्त दस्तावेज भी प्रस्तुत कर सकते हैं जो वे पहले दौर में गणना-फार्म जमा करते समय प्रस्तुत नहीं कर सके थे।

आयोग ने बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के आधार पर बताया है कि एसआईआर में 24 अगस्त तक 60 दिन में, 98.2 प्रतिशत लोगों ने अपने दस्तावेज जमा करा दिये हैं। अब दावे आपत्ति तथा छूटे दस्तावेज जमा करने के लिए आठ दिन बाकी हैं जिसमें बचे हुए 1.8 प्रतिशत मतदाताओं को अपने दस्तावेज जमा कराने का अवसर है।

आयोग ने उम्मीद जाहिर की है कि गणना-फार्म की तरह दस्तावेज जमा कराने का काम भी समय से पूरा हो जाएगा। आयोग ने इस प्रक्रिया में अपने बूथ स्तरीय अधिकारियों, स्वयं सेवकों और राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किए गए 1.6 लाख बूथ स्तरीय एजेंटों के कार्य की सराहना की है।

### फिजी के प्रधानमंत्री राबुका भारत आये

नयी दिल्ली, 24 अगस्त। फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका का रविवार सुबह दिल्ली पहुंचने पर शानदार स्वागत किया गया। शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राबुका और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, "फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका का उनके पहले दिल्ली आगमन पर हार्दिक स्वागत।"

राबुका के साथ उनकी पत्नी सुलुएती राबुका भी आई हैं। उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा मंत्री रातू अटोनियो लालबालावु और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

राबुका की प्रधानमंत्री बनने के बाद यह पहली भारत यात्रा है। वे सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता करेंगे। मोदी गणमान्य अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे।

■ **प्रधानमंत्री बनने के बाद राबुका की यह पहली भारत यात्रा है। प्रधानमंत्री सोमवार को उनके सम्मान में दोपहर को भोज देंगे।**

प्रधानमंत्री राबुका का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। उनका भारतीय विश्व मामलों की परिषद में शांति का महासागर विषय पर व्याख्यान देने का भी कार्यक्रम है। फ़िजी के प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत और फिजी के बीच दीर्घकालिक और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मज़बूत करने तथा लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को और गहरा करने के लिए दोनों देशों की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

### बंगलादेश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में था और फिर 14 अगस्त, 2024 को छिप गया था। आरोपी अधिकारी ने दावा किया कि बंगलादेश की अंतरिम सरकार ने हाल ही में उसे पुलिस बल से निलंबित कर दिया है।

# इसरो ने एकीक्रत एयर ड्रॉप पैराशूट का सफलता पूर्वक परीक्षण किया

■ **भारत के प्रथम मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन (गगनयान) की प्रगति में यह महत्वपूर्ण कदम है।**

नई दिल्ली, 24 अगस्त। भारत के प्रथम मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन की दिशा में आगे बढ़ ते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार (24 अगस्त, 2025) को पहला एकीकृत एयर ड्रॉप पैराशूट (आईएडीटी-01) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। गगनयान के लिए डिजाइन ये पैराशूट अंतरिक्ष यान की गति को कंट्रोल करने का एक सिस्टम है। ये परीक्षण अंतरिक्ष उड़ान पर गए यात्रियों के सुरक्षित पृथ्वी पर वापसी के लिए किया गया है। परीक्षण के दौरान भारतीय वायु सेना, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल उपस्थित रहे।

बता दें कि ये पैराशूट सिस्टम वायुमंडल में दोबारा प्रवेश के बाद क्रू मॉड्यूल के दोबारा सुरक्षित वापसी के लिए काफी जरूरी है। परीक्षण के दौरान, एक मॉक मॉड्यूल को विमान से छोड़ा गया और नव-विकसित पैराशूट असेंबली की मदद से सुरक्षित रूप से नीचे उतारा गया, जिससे ये परीक्षण सफल रहा।

इसरो अधिकारियों के अनुसार, आईएडीटी-01 का उद्देश्य यह जांचना था कि पैराशूट खोलने की पूरी प्रक्रिया सही तरह से काम कर रही है या नहीं।

गगनयान के लिए डिजाइन किया गया ये पैराशूट तीन सदस्यीय चालक दल को लगभग 400 किलोमीटर की कक्षा में तीन दिनों तक ले जाने और फिर सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लौटने के लिए डिजाइन किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, यह सफल परीक्षण अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा को मजबूत करता है, जो मिशन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

### ड्रग का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आरोपी ने हिम्मत की लाश को महात्मा गांधी अस्पताल में होने की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि घटना स्थल पर पुलिस को हिम्मत सिंह के शव के पास से एक खाली शीशी और इंजेक्शन सिरिंज पड़ी मिली। ज्योति का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने हिम्मत को सुनसान जगह पर ले जाकर ड्रग देकर उसकी हत्या कर दी। सबूत मिटाने की नीयत से लाश को वहां छोड़कर भाग गए। दूसरे दिन दोपहर करीब 3 बजे, कोई सबूत नहीं छूटा हो, उसे देखने के लिए आरोपियों ने बाइक से उस जगह के चक्कर लगाए।

### 'बहुत जल्दी रिफायनरी के संदर्भ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में उल्लेखनीय तेजी आई है और शीघ्र ही इसका संचालन प्रारंभ हो सकेगा। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, सांसद राजेन्द्र गहलोत, विधायक हमीर सिंह भायल, डॉ. प्रियंका चौधरी, आदूराम मेघवाल, श्री अरूण चौधरी सहित पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री कैलाश चौधरी, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न उच्चाधिकारी एवं एचपीसीएल के अधिकारी मौजूद थे।

# कोलकाता रेप केस का आरोपी पीड़िता को ब्लैक मेल करता था

## पुलिस चार्जशीट के अनुसार, आरोपी, एग्ज़ॉस्ट फैन के छेद से वीडियो रिकॉर्ड करते थे

■ **घटना के सीसीटीवी फुटेज में आरोपी पीड़िता को घसीटते हुए और बंधक बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं।**

कोलकाता, 24 अगस्त। कोलकाता लॉ कॉलेज बलात्कार मामले के मुख्य आरोपी मोनजीत मिश्रा ने पीड़िता के कई वीडियो बनाए थे। वह इन वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल कर रहा था। इस मामले में दायर 650 पन्नों की चार्जशीट में यह बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, मेडिकल जांच में महिला के साथ रेप की पुष्टि हुई है। साथ ही आरोपी का डीएनए फोरेंसिक सैंपल्स से मेल खाता है। 25 जून को लॉ फर्स्ट ईयर की छात्रा के साथ साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज कैंपस में रेप को अंजाम दिया गया था। इस घटना में मुख्य आरोपी और कॉलेज के पूर्व छात्र मोनजीत मिश्रा और सह-आरोपी जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी ने गैंगरेप किया था। चार्जशीट में इन तीन मुख्य आरोपियों के अलावा सिक्योरिटी गार्ड पिनाकी बनर्जी का भी नाम है। घटना का जो सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, उसमें आरोपी पीड़िता को घसीटते और बंधक बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। बाकी आरोपियों के मोबाइल फोन से पीड़िता के कई अश्लील वीडियो बरामद हुए हैं। कोलकाता पुलिस ने 58 दिन में यह चार्जशीट तैयार की है।

चार्जशीट में कहा गया है कि आरोपियों ने ये वीडियो दीवार में लगे एग्ज़ॉस्ट फैन के छेद से बनाए थे। वीडियो में आरोपियों की आवाजें हैं और आवाज के सैंपल्स मैच हो गए हैं। चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि सिक्योरिटी गार्ड ने पुलिस या आस-पास के किसी भी व्यक्ति को घटना की सूचना देने के बजाय गार्ड रूम को बंद कर दिया था।

# भारी वर्षा से जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर पुल क्षतिग्रस्त हुआ

## जम्मू शहर में बारिश का पानी शहरों में घुसा, तवी नदी के जल स्तर में बढ़ोतरी

■ **सांबा, कठुआ, किश्तवाड़ और रामबन में रावी व चिनाब में बढ़ते जल स्तर को देखते हुए अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की।**

जम्मू, 24 अगस्त। जम्मू क्षेत्र के कई हिस्सों में लगातार भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाने से रविवार को जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक पुल क्षतिग्रस्त हो गया।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रातभर हुई भारी बारिश से जम्मू, कठुआ, सांबा, रियासी और उधमपुर जिलों और कई हिस्सों में भारी क्षति हुई है।

उन्होंने कहा कि जम्मू शहर में बारिश का पानी घरों में घुस गया जिससे संपत्ति एवं घरेलू सामान को नुकसान पहुंचा। शनिवार रात से ऊपरी इलाकों और पूरे क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण तवी नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है।

जम्मू शहर में जलमग्न सड़कें एवं उफनते नालों के कारण जलभराव से यात्रियों को परेशानी हुई और शहर के कई निचले इलाकों में बारिश का पानी घरों के अंदर घुस गया।

शहर के साथ-साथ जम्मू-कठुआ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी यातायात बाधित रहा क्योंकि कठुआ जिले में सहार खाद नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण लोंगटे मोड़ के पास पुल क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

सांबा में बसंतर, कठुआ में उझ और रावी और डोडा, किश्तवाड़ और रामबन में चिनाब सहित प्रमुख नदियों और नालों का भी जलस्तर बढ़ गया है। प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए आपदा प्रतिक्रिया टीमों एवं स्थानीय पुलिस को अलर्ट पर रखा है।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि 24 से 26 अगस्त तक जम्मू, रियासी, उधमपुर, सांबा, कठुआ और राजौरी में कुछ स्थानों पर भारी बारिश के साथ-साथ कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है ।पुंछ, रामबन, डोडा, किश्तवाड़ और कश्मीर संभाग के दक्षिणी हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश होगी।

### नाबालिग ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बहाने से घर पर बुलाया और उसे डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। देर शाम बच्ची की तबीयत बिगड़ गई । जिसके बाद बच्ची ने अपनी मां को कॉल कर तबियत खराब होने की जानकारी दी।

घर आकर परिजनों ने बच्ची को तुरंत प्राइवेट हॉस्पिटल में दिखाया। वहां डॉक्टरों ने पुलिस केस कहकर उसे जनाना हॉस्पिटल भेज दिया। उन्होंने कहा कि रेप का मामला हो सकता है। जनाना हॉस्पिटल में इलाज के दौरान पीड़िता के पिता ने हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पीड़िता के पर्चा बयान 20 अगस्त को पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज किए गए। पुलिस ने दबिश देकर शनिवार को आरोपी पड़ोसी युवक को धर-दबोचा और पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार करके उसे शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### 'देश के किसानों व छोटे-छोटे...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्होंने कहा, हमें ऐसा कोई अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं मिला है जो अपनी विदेश नीति को इस तरह सार्वजनिक रूप से घोषित करता हो। यह विश्व के साथ व्यवहार करने की पारंपरिक शैली से एक बड़ा बदलाव है।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका को भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर जो चिंता है उसे चीन और यूरोपीय संघ जैसे अन्य प्रमुख खरीदारों पर उतनी सख़्ती से लागू नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा, अगर तर्क तेल का है, तो (दूसरे) बड़े खरीदार भी हैं। अगर तर्क यह है कि रूस से ज्यादा व्यापार कौन कर रहा है, तो (दूसरे) बड़े व्यापारी भी हैं।

जयशंकर ने यह भी कहा कि रूस से तेल खरीद का मुद्दा पहले अमेरिकी व्यापार वार्ताओं में नहीं उठाया गया था, यह केवल टैरिफ की सार्वजनिक घोषणा के बाद सामने आया।

इसी बीच डाक विभाग ने आज अमेरिका के लिए सभी डाक सेवाओं को 25 अगस्त से अस्थायी रूप से निलंबित करने की घोषणा की है, क्योंकि अमेरिकी प्रशासन ने 800 तक की वस्तुओं के लिए ड्यूटी-फ्री छूट को समाप्त करने का निर्णय लिया है।

संचार मंत्रालय की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, डाक विभाग ने अमेरिकी प्रशासन द्वारा 30 जुलाई, 2025 को जारी कार्यकारी आदेश संख्या 14324 को संज्ञान में लिया है, जिसके तहत 800 तक की वस्तुओं पर लागू ड्यूटी-फ्री छूट 29 अगस्त, 2025 से समाप्त कर दी जाएगी।

विज्ञप्ति में कहा गया, इसका परिणाम यह होगा कि अमेरिका भेजे गए सभी अंतरराष्ट्रीय डाक आइटम, उनकी कीमत की परवाह किए बिना, अब टैरिफ ढांचे के तहत कस्टम शुल्क के अधीन होंगे।

डाक विभाग ने कहा कि वह स्थिति की लगातार निगरानी कर रहा है और सेवाओं को जल्द से जल्द सामान्य करने के प्रयास जारी हैं।

विज्ञप्ति में आगे कहा गया, जो ग्राहक पहले ही ऐसे लेख बुक कर चुके हैं जिन्हें वर्तमान परिस्थितियों में अमेरिका नहीं भेजा जा सकता, वे पोस्टेज की वापसी के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर अतिरिक्त 25 टैरिफ की घोषणा की, जिससे कुल टैरिफ 50 तक पहुंच गया है।

जहां 25 शुल्क पहले ही इस महीने की शुरुआत में लागू हो चुका है, वहीं अतिरिक्त 25 शुल्क 27 अगस्त से प्रभावी होगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908